दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, रविवार, 18 मई 2025 कृष्ण पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 96 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम होने के बावजूद पाकिस्तानी हुक्मरानों और पाकिस्तानी सेना सुकून की नींद नहीं सो पा रहे हैं। उन्हें सपने में भी राफेल, आकाश और ब्रम्होस दिखते हैं। ऊपर से भारतीय प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री और विदेश मंत्री अपने बयानों से पाकिस्तान की टेंशन और बढ़ा रहे हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आपरेशन सिंदूर तो सिर्फ ट्रेलर है। अभी पूरी पिक्चर बाकी है। पाकिस्तान तो ट्रेलर देखकर ही दहल गया है। ऐसे में वह पिक्चर की कल्पना से ही थर्रा रहा है और भारत से बचाने के लिए दुनिया से गुहार लगा रहा है।

सैनिकों की बहादुरी को सलाम : साय

■ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

जशपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न मनाते हुए भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और वीरता का सम्मान करने जशपुर स्थित चराईडाँड में आज आयोजित तिरंगा यात्रा ' में शामिल हुए, मुख्यमंत्री साय ढोल-मांदर की थाप और देशभक्ति से ओत-प्रोत गानों के बीच हजारों लोगों के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सलवाद के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

20 नक्सली गिरफ्तार, बड़ी घटना को अंजाम देने की कर रहे थे तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित करेंगुट्टा पहाड़ी और जंगलों में जवानों द्वारा लगातार चलाए जा रहे सर्चिंग ऑपरेशन के बीच पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। तेलंगाना के मुलुगु जिला पुलिस ने अलग-अलग माओवादी संगठनों के कुल 20 नक्सलियों को भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन के तहत वेंकटापुरम, वाजेडु और कन्नायिगुडेम थाना क्षेत्रों में इन माओवादियों को धर दबोचा है. गिरफ्तार माओवादियों में 1 डिवीजन कमेटी सदस्य डीवीसीएम, 5 एरिया कमेटी सदस्य सीएम, 14 पार्टी सदस्य शामिल हैं। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेंगुट्टा के जंगल में सुरक्षा बलों ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सैन्य करवाई में हमने कितने विमान खोये, सरकार बताए : राहुल

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार को बताना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचना देने का अपराध किसने किया और इसके कारण हमने कितने विमान खोये हैं। गांधी ने कहा कि सबसे बड़ा अपराध यह है कि युद्ध की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचना देने का काम किसने किया और इस सूचना को बांटने के लिए कौन अधिकृत था। उन्होंने कहा, हमारे हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। उन्होंने सवाल किया,इसे किसने अधिकृत किया और इसके परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए।

युद्ध विराम कराने से अधिक बड़ी भूमिका थी मेरी : ट्रंप

वाशिंगटन (वार्ता) । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत और पाकिस्तान को युद्ध के कगार से निकालने में उन्हें सफलता मिली है और साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि भारत अमेरिका के लिए अपने आयात शुल्क में शत-प्रतिशत कटौती करने को तैयार है।

फॉक्स न्यूज को दिए गए एक साक्षात्कार में, अमेरिकी राष्ट्रपति से जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम कराने में उनकी भूमिका के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि युद्ध विराम में मध्यस्थता करने में अमेरिका की भूमिका उससे कहीं अधिक बड़ी है, जिसका श्रेय उन्हें कभी नहीं मिलेगा।

यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा देश से गद्दारी के आरोप में गिरफ्तार

तीन बार पाकिस्तान जा चुकी थी ज्योति, पूछताछ में किए बड़े खुलासे

■ भारत की खुफिया जानकारी पाकिस्तानियों को देने का लगा आरोप

■ पाकिस्तान हाई कमीशन में डिनर, भारत के खिलाफ साजिश रच रहे कर्मी से संपर्क

नई दिल्ली। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा की एक यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया गया है। ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी से मुलाकात के मामले में शनिवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात पाकिस्तानी कर्मचारी एहसान उर रहीम उर्फ दानिश ने ज्योति मल्होत्रा को डिनर पर बुलाया था। इस दौरान दोनों के बीच बातचीत हुई और यूट्यूबर ने उसके साथ एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया था। बाद में दानिश और उसके साथी अली एहसान ने ज्योति को पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों से मिलवाया।

ज्योति ने 'जट्ट रंधावा' नाम से सेव किए गए एक पाकिस्तान इंटेलीजेंट ऑफिसर शाकिर उर्फ राणा शाहबाज से व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नैपचैट जैसे एन्क्रिप्टेड ऐप्स पर बातचीत की। ज्योति पर भारतीय दंड संहिता की धारा 152 और ऑफिसियल सीक्रेट्स एक्ट 1923 की धाराएं 3, 4 और 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उनकी लिखित स्वीकारोक्ति ली गई है और मामला हिसार की इकोनॉमिक ऑफिसेंज विंग को सौंपा गया है। बताया जा रहा है कि एहसान उर रहीम उर्फदानिश भारत में रहते हुए हिंदुस्तान के खिलाफ साजिश रच रहा था। सुरक्षात्मक एजेंसियां इस मुलाकात को गंभीर मानते हुए जांच में जुट गई हैं। कोर्ट में पेशी के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यूट्यूबर का पाकिस्तान से संबंध

जांचकर्ताओं ने बताया कि कमीशन एजेंटों के माध्यम से वीजा प्राप्त करने के बाद मल्होत्रा ने 2023 में पाकिस्तान का दौरा किया था। अपनी यात्रा के दौरान, वह एहसान-उर-रहीम उर्फदानिश नामक एक अधिकारी के संपर्क में आई, जो नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात था। जल्द ही, उनके बीच घनिष्ठ संबंध बन गए और एहसान ने उसे पाकिस्तान में खुफिया अधिकारियों से मिलवाया। इस महीने की शुरुआत में एहसान को अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया गया था और 13 मई, 2025 को निष्कासित कर दिया गया।

जासूसी की गतिविधियां

- सोशल मीडिया के ज़रिए पाकिस्तान की सकारात्मक छवि दिखाने का काम सौंपा गया।
- एक पीआईओ से नज़दीकी संबंध बनाए और हाल ही में इंडोनेशिया के बाली तक साथ यात्रा की।
- भारतीय ठिकानों की संवेदनशील जानकारी साझा की और दिल्ली में रहते दानिश के संपर्क में बनी रहीं।
- सोशल मीडिया प्रभाव का इस्तेमाल खुफिया और प्रोपेगैंडा कार्यों में किया गया।

चैनल पर 3.77 लाख सब्सक्राइबर

ज्योति का यूट्यूब चैनल ट्रैवल विथ जो है, जिस पर उनके करीब 3.77 लाख सब्सक्राइबर हैं। वहीं, उनके इंस्टाग्राम अकाउंट ट्रैवल विथ जो पर भी 1.32 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

कई विदेशी जगहों की यात्रा की

ज्योति के सोशल मीडिया अकाउंट्स से पता चलता है कि उन्होंने भारत समेत कई विदेशी जगहों का दौरा किया, जिनमें इंडोनेशिया और चीन शामिल हैं।

ऑपरेशन सिंदूर

पाक का कबूलनामा विमान गिरा, एयरबेस पर तबाही

नई दिल्ली (ए.)। भारत की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस सटीकता के साथ पहले आतंकी ठिकानों और फिर पाकिस्तान के एयरबेसों को निशाना बनाया गया, उसकी तस्दीक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से लेकर मीडिया समूह तक करने में जुटे हैं। सबूतों से इस भारी दबाव में खुद पाकिस्तान भी दबा नजर आ रहा है। शुरुआती दौर में भले ही उसने अपने सैन्य नुकसान की बात छिपाई हो, लेकिन अपनी कुछ हरकतों और कबूलनामे से एक के बाद एक उसकी क्षति सामने आ रही है। पाकिस्तान ने भले ही अपनी हानि को छिपाने के लिए भारत के बेसेज में तबाही की झूठी खबरें फैलाई हों, लेकिन सैटेलाइट तस्वीरों ने पूरे घटनाक्रम की पोल खोल कर रख दी। इस बीच यह जानना अहम है कि आखिर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अवाक्स एयरक्राफ्ट को हुआ नुकसान, भोलारी एयरबेस पर तबाही

एक टीवी इंटरव्यू में पाकिस्तान के पूर्व एयर मार्शल मसूद अख्तर ने कहा कि 10 मई को भारतीय सेना ने लगातार चार ब्रह्मोस मिसाइलें दागीं। ये सतह से सतह पर थीं या हवा से सतह पर मुझे इसकी जानकारी नहीं है। हमारे पायलट अपने जहाजों को सुरक्षित करने के लिए दौड़े। पहली, फिर दूसरी, तीसरी एक के बाद एक मिसाइलें आती रहीं। चौथी मिसाइल भोलारी एयरबेस के हैंगर से टकराई और अवाक्स क्षतिग्रस्त हो गया। भारत के इस हमले में पाकिस्तानी वायुसेना के छह कर्मचारी मारे गए थे। पाकिस्तान लगातार अपने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाए जाने की बात को नकारता रहा है। अब पाकिस्तान के पूर्व अधिकारी ने इस बात को स्वीकार किया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संदिग्ध आतंकी ठिकानों पर एसआइए ने की छापेमारी

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआइए) ने संदिग्ध आतंकी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया मध्य और उत्तरी कश्मीर के जिलों में चल रही छापेमारी क्षेत्र में संदिग्ध आतंकी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई का हिस्सा है। यह घटनाक्रम एसआइए द्वारा 11 मई को दक्षिण कश्मीर में लगभग 20 स्थानों, विशेष रूप से पुलवामा, शोपियां, कुलगाम और अनंतनाग जिलों में किए गए हाल ही में किए गए छापों के बाद हुआ है। पहले की ये छापेमारी आतंकी साजिश मामले की एक उच्च-दांव जांच का हिस्सा थी, जिसमें कथित स्लीपर सेल पाकिस्तान में हैंडलर के संपर्क में पाए गए थे।आरोपी व्यक्ति कथित तौर पर व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करके सुरक्षा बलों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के बारे में संवेदनशील जानकारी साझा करने में शामिल थे।

भारत खुश और गौरवान्वित है

90 मीटर का आंकड़ा पार, नीरज की पीएम मोदी ने की तारीफ

नई दिल्ली (ए.)। भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने करियर में पहली बार 90 मीटर का आंकड़ा छुआ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनकी तारीफ किए बिना नहीं रह सके। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में ऐसा किया, लेकिन दूसरे स्थान पर रहे। नीरज की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सफलता का श्रेय उनके अथक समर्पण, अनुशासन और जुनून को जाता है।

पीएम मोदी ने नीरज की तारीफ की : सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पीएम मोदी ने लिखा, भारत खुश और गौरवान्वित है। पीएम ने लिखा, शानदार उपलब्धि! दोहा डायमंड लीग 2025 में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने और अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत थ्रो हासिल करने के लिए नीरज चोपड़ा को बधाई। यह उनके अथक समर्पण, अनुशासन और जुनून का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हरियाणा में फिर पकड़ा गया पाक जासूस

पाक को भेजता था संवेदनशील जानकारी

कैथल(आईएएनएस)। हरियाणा में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने के मामलों में एक और सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पानीपत के बाद अब कैथल जिले से एक युवक को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी को संवेदनशील जानकारी भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान कैथल जिले के गांव मस्तगढ़ निवासी 25 वर्षीय देवेंद्र सिंह ढिल्लो के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) आस्था मोदी ने जानकारी दी कि देवेंद्र सिंह पिछले साल नवंबर 2024 में करतारपुर कॉरिडोर के रास्ते पाकिस्तान गया था, जहां वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के संपर्क में आया और भारत से संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तान में साझा करने लगा। एसपी आस्था मोदी ने जानकारी दी कि देवेंद्र सिंह पिछले साल नवंबर में जानकारी दी। एसपी आस्था मोदी की माने तो पाकिस्तानी एजेंट्स ने जासूसी के लिए देवेंद्र को काफी पैसा दिया।

आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को भारत के कड़े रुख का संदेश देंगे सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

■ राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का यह एक शक्तिशाली प्रतिबिंब

नई दिल्ली (वार्ता)। विभिन्न दलों के सांसदों के नेतृत्व में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया को आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त न करने का भारत का कड़ा संदेश देने के लिए विभिन्न देशों में जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इन सात प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व शशि थरूर, कांग्रेस, रविशंकर प्रसाद, भाजपा, संजय कुमार झा, जदयू, बैजयंत पांडा, भाजपा, कनिमोझी करुणानिधि, डीएमके, सुप्रिया सुले, एनसीपी और श्रीकांत एकनाथ शिंदे, शिव सेना करेंगे।

रिजीजू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई के संदर्भ में, सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करने वाले हैं। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में, भारत एकजुट है। सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे, जो आतंकवाद के प्रति शून्य-सहिष्णुता के हमारे साझा संदेश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

शराब घोटाला

एसीबी-ईओडब्ल्यू का प्रदेश के 15 ठिकानों पर दबिश

पूर्व मंत्री कवासी लखमा और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापे

रायपुर/दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर शराब घोटाला मामले को लेकर एसीबी-ईओडब्ल्यू ने छापेमारी की है। शनिवार को एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापा मारा है। राजधानी रायपुर, दंतेवाड़ा, अंबिकापुर, सुकमा, तोंगपाल और जगदलपुर समेत लगभग 15 ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की टीम ने दबिश दी है। सुकमा जिला मुख्यालय में चार ठिकानों पर रेड कार्रवाई की गई है।

ईडी ने 3 हजार 841 पन्ने का चालान पेश किया : दो हजार करोड़ के शराब घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने 13 मार्च को रायपुर के स्पेशल कोर्ट में 3 हजार 841 पन्नों का चालान दाखिल किया है। इसमें जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा सहित 21 लोगों को आरोपियों के नाम हैं। इन आरोपियों में रायपुर के पर्व मेयर एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, छत्तीसगढ़ डिस्टलरी, वेलकम डिस्टलरी, टॉप सिक्योरिटी, ओम साई ब्रेवेरेज, दिशिता वेंचर, नेस्ट जेन पावर, भाटिया वाइन मर्चेंट और सिद्धार्थ सिंघानिया सहित अन्य 21 लोगों के नाम शामिल हैं।

जनवरी 2024 में हुई थी एफआईआर : एसीबी और ईओडब्ल्यू ने ईडी के पत्र के आधार पर जनवरी 2024 में एफआईआर दर्ज की है। ईओडब्ल्यू के दर्ज एफआईआर में अनिल टुटेजा, अरुणपति त्रिपाठी और अनवर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

100 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर

ईडी ने शराब और कोयला घोटाला मामले में दो पूर्व मंत्रियों, विधायकों सहित 100 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। इनमें भूपेश सरकार में आबकारी मंत्री रह चुके कवासी लखमा, मंत्री मरजीत भगत, पूर्व विधायक, गुलाब कमरो, शिशुपाल, बृहस्पत सिंह, चंद्रदेव प्रसाद राय, यूडी मिंज, विधायक देवेंद्र यादव के नाम शामिल हैं। इनके अलावा 2 निलंबित आईएएस (समीर विश्नोई, रानू साहू), रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर और कांग्रेस कोषाध्यक्ष समेत अन्य के नेताओं के नाम शामिल हैं।

जेल में बंद हैं लखमा

ईडी ने शराब घोटाले केस में 15 जनवरी को प्रदेश के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार किया था। इससे पूर्व उनसे दो बार ईडी ऑफिस में बुलाकर पूछताछ हुई थी। गिरफ्तारी के सात दिन बाद पहले आबकारी मंत्री लखमा को पहले ईडी ने सात दिन कस्टोडियल रिमांड में लेकर पूछताछ की थी। फिर 21 जनवरी से 4 फरवरी तक लखमा को 14 दिन के न्यायिक रिमांड लिया था। पिछली सुनवाई के दौरान जेल में पर्याप्त सुरक्षा बल नहीं होने के कारण लखमा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई थी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद 18 फरवरी तक लखमा की रिमांड बढ़ा दी थी। लखमा के बेटे हरीश लखमा से भी ईडी ने पूछताछ की थी।

भारतीय सेना की बड़ी तैयारी! 6 ढेर, 11 को मारने का ऑपरेशन जारी

जम्मू-कश्मीर। आतंकवाद के खिलाफ जम्मू-कश्मीर में बड़ा अभियान चल रहा है।

हाल ही में पुलवामा में हुई मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी मारे गए। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारतीय सेना आतंकियों का सफाया करने में जुटी है। पिछले 20 दिनों से जम्मू और कश्मीर घाटी में एक साथ कई तलाशी अभियान चल रहे हैं। पिछले 2 दिनों में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मिलकर 6 स्थानीय आतंकियों को मार गिराया, जबकि 11 आतंकियों की तलाश जारी है। ये सभी आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े हैं।

लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा

अहसान अहमद शेख लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा है, जो 24 जून 2023 से सक्रिय है। उसकी तलाश जारी है। सेना को संदेह है कि वह दक्षिण कश्मीर में छिपा हुआ है। पुलवामा का रहने वाला हारिस नजीर 24 जून 2023 से सक्रिय है। यह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ है। फिलहाल उसके उत्तरी कश्मीर में छिपे होने की खबर है। शोपियां सेना के रडार पर है, यही वजह है कि अन्य इलाकों की तुलना में यहां अधिक बल और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। यहां के निवासी आसिफ अहमद खांडे पिछले 10 वर्षों से सक्रिय हैं। यह आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिद्दीन से जुड़ा हुआ है। उसके दक्षिण कश्मीर में छिपे होने का संदेह है।

दक्षिण कश्मीर में चल रहा तलाशी अभियान

गुरुवार को पुलवामा जिले में सेना की आतंकवादियों से मुठभेड़ हुई। इसमें जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी मारे गए। उनकी पहचान आसिफ अहमद शेख, आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट के रूप में हुई है। इससे पहले मंगलवार को सेना मॉड्यूल के आतंकवादी मारे गए थे। सोपोर निवासी आदिल रहमान डेन्टू को सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा चलाए गए तलाशी अभियान में गिरफ्तार किया गया। यह आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर है। वह फिलहाल दक्षिण कश्मीर के घने पहाड़ी जंगलों में छिपा हुआ है।

20 लाख रुपये का इनाम घोषित

सेना ऑपरेशन पकड़ों और खोजों के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में अपना तलाशी अभियान जारी रखे हुए है। पुलिस और सेना सीमा के निकट स्थित गांवों में घर-घर तलाशी ले रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस तलाशी अभियान में ग्रामीण भी उनका साथ दे रहे हैं। पहलगाम हमले में शामिल तीन सैन्य आतंकवादियों की तलाश जारी है। उस पर 20 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

भारत ने आतंकवाद को दिया करारा जवाब दुनिया को दिया संदेश : उपराष्ट्रपति धनखड़

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रहित, सुरक्षा और शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब वह समय नहीं रहा जब हम अपने हितों के विरोधी देशों को यात्रा या आयात के माध्यम से सशक्त करते रहें। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, ÷अब समय आ गया है जब हममें से प्रत्येक को आर्थिक राष्ट्रवाद के बारे में गहराई से सोचना चाहिए।

हम अब उन देशों की अर्थव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए यात्रा या आयात के माध्यम से अपनी भागीदारी के कारण खर्च नहीं कर सकते जो संकट के समय हमारे खिलाफ खड़े हो जाते हैं। हर व्यक्ति राष्ट्र की सुरक्षा में मदद करने के लिए सशक्त है और हम व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य, विशेष रूप से सुरक्षा के मुद्दों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमें हमेशा एक बात ध्यान में रखनी चाहिए, और वह है: 'राष्ट्र प्रथम'। हर चीज को राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण के आधार पर देखा जाना चाहिए।

धनखड़ ने कहा कि भारत के आतंकवाद विरोधी प्रयासों में एक नया मानक स्थापित हुआ है। युद्ध की कार्यप्रणाली और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक नया मानक स्थापित हुआ है। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान की सीमा के अंदर बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद को निशाना बनाया। अंतरराष्ट्रीय सीमा से परे आतंकियों के अड्डों को निशाना बनाया गया। इसे दुनिया ने देखा और स्वीकार किया है। यह सीमापार की गई भारत की अब तक की सबसे बड़ी स्ट्राइक है। यह स्ट्राइक सावधानीपूर्वक और सटीक तरीके से की गई थी, ताकि आतंकवादियों को छोड़कर किसी को कोई नुकसान न पहुंचे।

अब तक की सबसे बड़ी स्ट्राइक

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए धनखड़ ने भारत के सशस्त्र बलों की सराहनी की। उन्होंने कहा कि मैं ऑपरेशन सिंदूर की उल्लेखनीय सफलता के लिए सभी सशस्त्र बलों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को अपना सलाम करता हूं। यह पहलगाम में हुई बर्बरता के खिलाफ एक उल्लेखनीय जवाब था। 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद हमारे नागरिकों पर यह सबसे घातक हमला था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के हृदय स्थल बिहार से पूरे विश्व बिरादरी को संदेश भेजा। वे खोखले शब्द नहीं थे। दुनिया को अब एहसास हो गया है कि जो कहा जाता है वह हकीकत है। अब कोई सबूत नहीं मांग रहा है। दुनिया ने देखा और स्वीकार किया है। हमने यह गाथा देखी है जब सशस्त्र बलों और सैन्य शक्ति और राजनीतिक शक्ति के साथ भारत द्वारा सिंदूर को उत्कृष्टता से न्याय दिलाया जाता है।

हम एक राष्ट्र के रूप में अद्वितीय

धनखड़ ने 2 मई 2011 को अमेरिकी ऑपरेशन का जिक्र करते हुए कहा कि जब एक वैश्विक आतंकवादी ने 2001 में अमेरिका के अंदर 11 सितंबर के हमले को अंजाम दिया, तब अमेरिका ने उसके साथ भी ऐसा ही किया। अब भारत ने भी वैश्विक समुदाय की जानकारी में ऐसा किया है। उन्होंने आगे कहा कि हम एक राष्ट्र के रूप में अद्वितीय हैं। दुनिया का कोई भी राष्ट्र 5,000 साल पुरानी परंपराओं पर गर्व नहीं कर सकता।

हमें पूर्व और पश्चिम के बीच की खाई को पाटने की जरूरत है, न कि उसे तोड़ने की। धनखड़ ने आगे कहा कि हम राष्ट्र-विरोधी आख्यानों को कैसे स्वीकार या अनदेखा कर सकते हैं?

विदेशी विश्वविद्यालयों का हमारे देश में आना ऐसी चीज है जिसे छानने की जरूरत है। इसके लिए गहन चिंतन की जरूरत है। यह ऐसी चीज है जिसके बारे में हमें बेहद सावधान रहना होगा। शिक्षा और शोध के व्यावसायीकरण के खिलाफ भी उपराष्ट्रपति ने चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यह देश शिक्षा के व्यावसायीकरण और वस्तुकरण को बर्दाश्त नहीं कर सकता। हमारी सभ्यता के अनुसार शिक्षा और स्वास्थ्य पैसा कमाने के क्षेत्र नहीं हैं। ये समाज को वापस देने के क्षेत्र हैं। हमें समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करना होगा। उन्होंने शोध के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को पूरी तरह से कॉरपोरेट द्वारा वित्त पोषित किया जाना चाहिए। सीएसआर फंड को प्राथमिकता दी जानी चाहिए क्योंकि शोध में निवेश मौलिक है।

केदारनाथ धाम जाते समय हेलीकॉप्टर क्रैश ईश्वर की कृपा से कोई हताहत नहीं

केदारनाथ। उत्तराखंड में एक बार फिर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। केदारनाथ धाम जा रहा एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुई है। हेलीकॉप्टर का उपयोग चिकित्सा सेवाओं के लिए किया जा रहा था। कुछ दिन पहले उत्तरकाशी जाते समय हेलीकॉप्टर दुर्घटना में 6 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी।

यह हेलीकॉप्टर एक आपातकालीन चिकित्सा सेवा हेलीकॉप्टर था जो एम्स, ऋषिकेश से केदारनाथ के लिए उड़ान भर रहा था। उसमें दो डॉक्टर और एक पायलट थे। केदारनाथ हेलीपैड से 20 मीटर पहले हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तीनों सुरक्षित बताए जा रहे हैं। इससे पहले हाल ही में एक हेलीकॉप्टर को बद्रीनाथ धाम में आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी थी। मई माह में अब तक तीन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें उत्तरकाशी जिले में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना भी शामिल है, जिसमें 6 तीर्थयात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। इस बीच बद्रीनाथ धाम जा रहे एक हेलीकॉप्टर की आपातकालीन लैंडिंग से तीर्थयात्री बाल-बाल बच गए। बदरीनाथ से चमोली जिले के शेरसी लौट रहे एक हेलीकॉप्टर को खराब मौसम के कारण राइंका उखीमठ में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

उत्तरकाशी में 6 लोगों की मौत

उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में 6 लोगों की मौत हो गई थी। चार धाम तीर्थयात्रियों को गंगोत्री धाम के पास हर्षिल ले जा रहा एक हेलीकॉप्टर गुरुवार 8 मई की सुबह उत्तरकाशी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत सात लोग सवार थे। दुर्घटना में पायलट और पांच यात्रियों की मौत हो गई। मृतकों में टीडीपी सांसद जी. लक्ष्मीनारायण भी शामिल हैं। उनकी एक बहन भी है। तो भाभी घायल हो गई। घायलों को एम्स में भर्ती कराया गया है।

सिंगापुर, चीन, थाईलैंड और हांगकांग में कोरोना वायरस के मामलों में अचानक उछाल

नई दिल्ली। एशिया के कई देशों में कोरोना वायरस की नई लहर देखने को मिल रही है। सिंगापुर, चीन, थाईलैंड और हांगकांग जैसे देशों में कोरोना वायरस के मामलों में अचानक वृद्धि देखी जा रही है। सिंगापुर में कोरोना मरीजों की संख्या में 28 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। 3 मई तक लगभग 14,200 नये मामले सामने आये हैं।

कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों को कोरोना वायरस से सबसे अधिक खतरा है। ये लोग अधिक संक्रमित हो रहे हैं। इसके अलावा जिन लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं, उन्हें भी इसका खतरा अधिक है। डॉक्टरों के अनुसार ऐसा इस मौसम में कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता के कारण हो सकता है। इसके चलते सिंगापुर में लोगों को बूस्टर खुराक लेने के लिए कहा जा रहा है। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि देश की आबादी की रोग प्रतिरोधक

क्षमता कम हो रही है। वर्तमान वैरिएंट तेजी से फैल रहा है। हालाँकि इस बात का कोई संकेत नहीं है कि यह वैरिएंट महामारी के दौरान पहले पता लगाए गए वैरिएंट की तुलना में अधिक गंभीर बीमारी पैदा कर रहा है। डॉक्टर कोरोना वायरस की इस नई लहर को सामान्य फ्लू मान रहे हैं। सीएनए की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश लोग तेजी से ठीक हो रहे हैं।

भारत में फिलहाल कोरोना वायरस का कोई बड़ा खतरा नहीं है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आधिकारिक डैशबोर्ड के अनुसार भारत में अब तक कोरोना के केवल 93 मामले सामने आए हैं। देश में कोरोना महामारी की नई लहर के फिलहाल कोई संकेत नहीं हैं। हर समय सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। लोगों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी गई है।

कोरोना वायरस के मरीजों में भारी वृद्धि

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, कोरोना का फिर से उभरना एशिया में वायरस की नई लहर से जुड़ा हो सकता है। पिछले कुछ महीनों में चीन में मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, अप्रैल में सोंगक्रान त्योहार के बाद से थाईलैंड में कोरोना के मामलों में वृद्धि हुई है। वर्तमान में, एलएफ 7 और एनबी.1.8 दोनों वैरिएंट सिंगापुर में फैल रहे हैं। ये दोनों ही जेएन.1 स्ट्रेन से संबंधित हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, ये दोनों वैरिएंट मिलकर दो-तिहाई से अधिक संक्रमित मामलों के लिए जिम्मेदार हैं।

युद्ध विराम के लिए चल रही थी बातचीत रूस ने हमले बढ़ा दिए, 9 की मौत

- तुर्की में शांति वार्ता के बाद रूस ने यूक्रेन पर अपने हमले बढ़ा दिए
- सुमी क्षेत्र में रूसी ड्रोन हमले में एक बस में सवार नौ यात्री मारे गए

मकाऊ। रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से चल रहे युद्ध में पहली बार दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच शांति वार्ता हुई। यह चर्चा दो घंटे से भी कम समय में समाप्त हो गयी। दोनों देशों के बीच युद्ध विराम पर कोई समझौता नहीं हो सका। इस बीच, रूस और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ गया है। तुर्की में शांति वार्ता के ठीक एक दिन बाद रूस ने यूक्रेन में कई स्थानों पर हमले शुरू कर दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूसी सेना ने एक यूक्रेनी सैन्य शिविर को निशाना बनाया। इस हमले में कितना नुकसान हुआ, इसका पता नहीं चल पाया है। इस बार रूस ने एक यात्री बस पर ड्रोन हमला किया। बस विस्फोट में कम से कम 9 लोगों के मारे जाने की खबर है। यूक्रेन ने कहा कि वार्ता के लिए कम से कम अस्थायी युद्धविराम आवश्यक है। रूस ने उनकी शर्तें स्वीकार नहीं कीं। इस बीच, रूस की ओर से वार्ता में भाग लेने वाले व्लादिमीर मेडिंस्की ने कहा कि वह चर्चा से संतुष्ट हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और पोलैंड से अपील की है। यदि मास्को बिना शर्त युद्धविराम पर सहमत नहीं होता है, तो उस पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए। इस वार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच 1,000 कैदियों की रिहाई को लेकर सहमति बनी। रूसी प्रतिनिधि ने कहा कि दोनों देशों के बीच युद्धविराम प्रस्ताव प्रस्तुत करने पर सहमति बन गई है। यूक्रेन का कहना है कि वह युद्धविराम से बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं है। रूस ने इस मुद्दे पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। रूस ने ऐसी शर्तें रखी हैं जो अस्वीकार्य हैं।

केंद्र सरकार ट्रेड रेमेडी जांच में डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च करेगी

नई दिल्ली(आईएएनएस)। केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि वह ट्रेड रेमेडी जांच में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दस्तावेज जमा करने के लिए एक ई-फाइलिंग प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है। यह प्लेटफॉर्म जल्द लाइव हो जाएगा, जिससे सभी पक्षकारों के लिए पारदर्शिता, दक्षता और पहुंच में आसानी होगी। ट्रेड रेमेडी उस प्रक्रिया को कहा जाता है, जहां सरकार घरेलू उद्योग को बचाने के लिए अनुचित व्यापार प्रथाओं आदि पर एक्शन लेती है। 1995 से भारत की ओर से 1,200 से अधिक ट्रेड रेमेडी जांच की जा चुकी हैं। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडीज ने प्रभावित उद्योगों को समय पर राहत सुनिश्चित करने के लिए शीघ्रता से जांच करके, जो आमतौर पर एक वर्ष के भीतर पूरी हो जाती है, इस प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाई है। हाल में कई गई जांच ने सोलर

एनर्जी, एडवांस मटेरियल जैसे सोलर सेल और कॉपर वायर रोड जैसे घरेलू उद्योग को अनुचित व्यापार प्रथाओं से बचाने में बड़ी भूमिका अदा की है। डीजीटीआर की ओर से राष्ट्रीय राजधानी में आठवां स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें भारतीय उद्योग को अनुचित व्यापार प्रथाओं और आयात में अचानक वृद्धि से बचाने में सात वर्षों की समर्पित सेवा को याद किया गया। इस अवसर पर डीजीटीआर के महानिदेशक ने भारत के ट्रेड रेमेडी इकोसिस्टम की अखंडता को बनाए रखने में संगठन के अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों की सराहना की।

हमारा ध्यान अमरनाथ यात्रा पर, व्यवधान नहीं चाहते

श्रीनगर(आईएएनएस)। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद से हमारी संस्कृति को बहुत नुकसान पहुंचा है। अब हमारा ध्यान अमरनाथ यात्रा को सुगम बनाने पर है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि एलओसी पर स्थिति ठीक है। बॉर्डर और एलओसी पर सीजफायर उल्लंघन की खबरें नहीं आ रही हैं, जो नुकसान हुआ है उसका मुआयना किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद नुकसान की भरपाई की जाएगी। इस दौरान पर्यटन को भारी नुकसान हुआ है लेकिन अब हमारा पूरा ध्यान अमरनाथ यात्रा को सुगम बनाने पर है। हम नहीं चाहते कि उसमें कोई व्यवधान हो। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से किए गए हमलों में सीमावर्ती क्षेत्रों को काफी नुकसान हुआ है। इसके लिए सरकार मुआवजा देने के लिए कह रही है।

अमेरिका से परमाणु बातचीत जारी रहेगी, नहीं हटेंगे पीछे

ट्रंप की धमकियों पर बोले ईरानी राष्ट्रपति

तेहरान (ए.)। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने शनिवार को साफ किया कि उनका देश अमेरिका के साथ परमाणु कार्यक्रम को लेकर बातचीत जारी रखेगा, लेकिन धमकियों के कारण अपने अधिकारों से पीछे नहीं हटेगा। राष्ट्रपति ने नौसेना अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, हम बातचीत कर रहे हैं और करते रहेंगे। हमें युद्ध नहीं चाहिए, लेकिन हम किसी धमकी से डरते भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि, अगर कोई ये सोचता है कि हमें डराकर हमारे वैधानिक और

मानव अधिकार छीन लिए जाएंगे, तो ऐसा नहीं होगा। हम वैज्ञानिक, सैन्य और परमाणु क्षेत्रों में अपनी गरिमा से पीछे नहीं हटेंगे।

कहां तक पहुंची अमेरिका-ईरान की बातचीत?

राष्ट्रपति ने बताया कि बातचीत अब विशेषज्ञ स्तर तक पहुंच चुकी है, यानी दोनों पक्ष अब समझौते की तकनीकी बारीकियों पर काम कर रहे हैं। लेकिन सबसे बड़ा अड़चन ईरान की तरफ से यूरेनियम संवर्धन का मुद्दा है। ईरान का कहना है कि यह उसका अधिकार है, जबकि अमेरिका, खासकर ट्रंप प्रशासन, इसे पूरी तरह रोकना चाहता है।

ट्रंप की धमकी और ईरान की प्रतिक्रिया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की धमकी दी है अगर समझौता नहीं हुआ। इस पर ईरानी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उन पर हमला किया गया तो वे अपने परमाणु कार्यक्रम को हथियार बनाने की दिशा में ले जा सकते हैं। हालांकि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान फिलहाल परमाणु बम बनाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम नहीं कर रहा है, लेकिन उसके पास ऐसा करने की क्षमता लगभग तैयार है।

ईरान की सफाई- हमारा कार्यक्रम शांतिपूर्ण

ईरान के परमाणु संगठन के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने कहा कि उनका देश सिर्फ शांतिपूर्ण उद्देश्य से परमाणु कार्यक्रम चला रहा है और यह पूरी तरह से संयुक्त राष्ट्र के निरीक्षण में है। उन्होंने कहा, दुनिया में कोई और देश ऐसा नहीं है जिसे यूएन की परमाणु एजेंसी इतनी बार जांचती हो। उन्होंने बताया कि 2024 में ईरान की परमाणु साइट्स पर 450 से अधिक बार निरीक्षण हुए, जो एजेंसी की कुल निरीक्षणों का 25प्रतिशत हिस्सा है।

इस्राइल की धमकियां और क्षेत्रीय तनाव

इस बीच, इस्राइल लगातार कहता आ रहा है कि अगर उसे खतरा महसूस हुआ तो वह ईरान की परमाणु सुविधाओं पर हमला कर सकता है। पहले से ही गाजा में इस्राइल-हमास युद्ध की वजह से मध्य पूर्व में हालात बेहद तनावपूर्ण हैं, और यह नया विवाद हालात को और बिगाड़ सकता है।

नूंह पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 23 बांग्लादेशी ईंट भट्टे से गिरफ्तार

नूंह, 17 मई (आईएएनएस)। हरियाणा के नूंह जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 23 बांग्लादेशी नागरिकों को ईंट-भट्टे से गिरफ्तार किया है, जो अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। सभी एक स्थानीय गांव बाजड़का में स्थित ईंट-भट्टे पर मजदूरी का काम कर रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ईंट-भट्टे पर कुछ विदेशी नागरिक बिना वैध दस्तावेजों के कार्यरत हैं। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और सभी 23 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई, जिसमें गांव बाजड़का के ईंट भट्टे

से पकड़े गए सभी लोग बिना वैध दस्तावेजों के जिले में रहने के आरोपी पाए गए। पुलिस के अनुसार, इन बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफनियमों के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि ये लोग कब और कैसे अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए। प्रवक्ता ने यह भी बताया कि जिले में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

संक्षिप्त खबरें

महाराष्ट्र मंडल के शिविर में योग पर विशेष फोकस

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति के बाल संस्कार शिविर में बच्चे पांच गुरुजनों के मार्गदर्शन में लगातार संस्कारवान हो रहे हैं। साथ ही उन्हें अपनी ड्राइंग प्रतिभा को निखारते हुए योग की क्लास अटैंड करना काफी पसंद है। मंत्रोच्चार को लेकर बालकों में कुछ झिझक जरूर है, लेकिन इससे उनके उत्साह में कोई कमी नहीं है।

एक मई से शुरू हुई ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर की क्लास में बच्चों को रामरक्षा स्तोत्र के कल सिखाए गए श्लोकों का आज रिवीज़न कराया गया। फिर अनुपठन कराया। उसके बाद श्लोक सात से 10 (चार श्लोकों) का पाठ कर बाल प्रशक्षुओं को उनका अर्थ समझा गया।इसी तरह योग कक्षा में के जाप के साथ गुरु वंदना की गई। फिर कदमताल, रस्सी कूदना, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, त्रिकोणासन, कटि चक्रासन, वृक्षासन, चक्की चलन, भुजंगासन, नौकासन, वज्रासन और तीन प्राणायाम करवाए गए। आज की क्लास का समापन ध्यान व शांति मंत्र से किया गया। आध्यात्मिक व योग समिति की समन्वयक आस्था अभय काले ने बताया कि इसके अलावा शिविर के बच्चों से छोटे आसान के रूप में भ्रामरी, कपाल भारती, अनुलोम विलोम कराया गया। तत्पश्चात शांति पाठ कराया गया। उसके बाद योग क्लास का समापन किया गया। 125 बच्चों के बाल संस्कार शिविर में पांच विभिन्न वर्गों में बालक- बालिकाएं आस्था काले सहित वर्षा चोपकर, सेजल शाह, अलकनंदा नारद, साक्षी टोले के मार्गदर्शन व अभ्यास से योग आसनों में पारंगत हो रहे हैं।

चरामेति फाउंडेशन ने अम्बेडकर अस्पताल को आठ व्हीलचेयर दिए

रायपुर/नवप्रदेश। चरामेति फाउंडेशन के द्वारा आज डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर को आठ नग व्हीलचेयर प्रदान किया गया। अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर और सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल की उपस्थिति में चरामेति फाउंडेशन के राजेंद्र ओझा, प्रेम प्रकाश साहू, जी. पी. अखिलेश, शेखर गोस्वामी, अनीता अग्रवाल, गौरव दुबे और वीरेंद्र के द्वारा मरीजों के उपयोग हेतु व्हीलचेयर प्रदत्त किया गया। संस्था के राजेंद्र ओझा के अनुसार अम्बेडकर अस्पताल में समय के साथ उपचार कराने के लिए आने वाले मरीजों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है जिसे देखते हुए फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने जनहित में सहयोग करते हुए व्हीलचेयर देने का निर्णय लिया। संस्था को यह व्हीलचेयर सुभाषिनी जतिंदर भनोट, सुनीला बेन पंड्या, डॉ. शीला गोयल, डॉ. जे. के. गोयल, प्रेम नारायण सोलंकी, ए. के. गांगुली, घनश्याम सराठे, वीरेंद्र आदिल, महेंद्र भाई राठौर, बनवारी लाल जी अग्रवाल, वी.के. महालय, मृणालिका ओझा, रोशन बहादुर इत्यादि के सहयोग से प्राप्त हुआ।

कांशीराम नगर में 275 फ्लैट धारकों को मठपुरैना के पक्के मकानों में व्यवस्थापित करने लाटरी निकाली गई

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चैबे, लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर कांशीराम नगर के अत्यंत जर्जर मकानों में निवास कर रहे 275 फ्लैट धारकों को शीघ्र लाटरी पद्धति से मकानों की नंबरिंग सहित मठपुरैना स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के रिक्त और पक्के मकानों में आवास आबंटन की कार्यवाही कर व्यवस्थापित कर दिया जायेगा. आवास आबंटन की कार्यवाही लाटरी पद्धति से आज से कांशीराम नगर स्थित जर्जर शासकीय आवासों के परिसर में नगर निगम जोन 3 और निगम मुख्यालय प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा द्वारा वार्ड पार्षद महेश ध्रुव, जोन 3 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा अंशुल शर्मा सीनियर, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा योगेश यदु, सहायक अभियंता नरेश साहू, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में प्रारम्भ कर दी गयी. आज पहले दिन लाटरी पद्धति से मकान नंबरिंग सहित आवास आबंटन पर्ची वार्ड पार्षद महेश ध्रुव द्वारा 20 फ्लैट धारकों को आवास आबंटन पर्ची प्रदत्त की। प्रतिदिन फ्लैट धारकों को लाटरी पद्धति से मकान नंबरिंग सहित आवास आबंटन पर्ची प्रदान की जाएगी और शीघ्र 275 सभी फ्लैटधरक परिवारों को सामानों सहित कांशीराम नगर के अत्यंत जर्जर हो चुके मकानों से मठपुरैना के प्रधानमंत्री आवास योजना के पक्के मकानों में व्यवस्थापित करने की कार्यवाही नगर निगम रायपुर द्वारा महापौर मीनल चैबे, लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार की जाएगी।

स्काई वॉक पर सियासी बयानबाजी के बीच राजेश मूणत की प्रेस वार्ता

- कांग्रेस नेता कुछ भी बोल रहे, उन्हें पहले टेक्निकल रिपोर्ट पढ़नी चाहिए

रायपुर/नवप्रदेश। आठ साल से अधूरे पड़े स्काई वॉक के निर्माण को पूर्ण करने के लिए साय सरकार के कदम उठाते ही कांग्रेस नेताओं के बयान आने लगे हैं. इस पर रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को कुछ समझ नहीं आता। कुछ भी बोल रहे हैं. कांग्रेस को पहले टेक्निकल रिपोर्ट पढ़नी चाहिए।

2016 के बजट में प्रावधान

पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने स्काई वॉक को लेकर उठ रहे सवालों का प्रेस वार्ता में जबाव दिया। उन्होंने कहा कि साय सरकार ने विकास के लक्ष्य को लेकर कार्ययोजना बनाई है। 2016 में बजट में प्रावधान के साथ शास्त्री चौक, जयस्तंभ चौक से जेल चौक तक स्काई वॉक बनाने का फैसला किया था। 2016-17 में एजेंसी से सर्वे कराकर स्काई वॉक को लेकर लोगों की इच्छा जानी गई। तत्कालीन महापौर, सभापति, ग्रामीण विधायक से उनकी राय जानी गई। इसके बाद 17 दिसंबर 2017 को कार्य की शुरुआत हुई।

रेणुका जोगी ने उठाया सवाल

इस दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री के साथ सभी लोग उपस्थित रहे। तब केवल रेणुका जोगी ने एक सवाल उठाया था, उनके अलावा किसी ने नहीं सवाल नहीं उठाया. सभी सर्वे आज भी पीडब्ल्यूडी विभाग के पास उपलब्ध हैं. काम चलते-चलते कुछ लोगों से सुझाव मिलते गए. 2018 में काम को कंप्लीट करना था, लेकिन नहीं हो पाया. सरकार बदली, तब कांग्रेस ने कहा कि स्काई वॉक नहीं बनना चाहिए. कई स्तरों पर जांच बैठा दी, सत्यनारायण शर्मा की अध्यक्षता में कमेटी गठित की। इसके अलावा कलेक्टर के नेतृत्व में जांच समिति बनाई गई।

मूणत ने कहा कि

ईओडब्ल्यू में एफआईआर होने के बाद जांच की गई, जिसके बाद ईओडब्ल्यू ने क्लीनचिट देते हुए कहा कि इसमें किसी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं हुआ? कांग्रेस पार्टी को समझ नहीं आता। 104 करोड़ हो गया कहते हैं, कहां से हो गया? किसी ने कहा कि इसमें फ्लाई ओवर बन जाना चाहिए. पहले टेक्निकल रिपोर्ट को पढ़ना चाहिए था। सुझाव अच्छे हैं। कई लोग राजनीतिक दृष्टि से विरोध करते हैं।

राजेश मूणत ने कहा कि तात्कालिक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तीन-तीन जांच कमेटी बैठा दी। रायपुर के तात्कालिक कलेक्टर एस. भारतीदासन ने जांच के बाद कहा भी कि स्काई वॉक पूरा करना चाहिए। लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने इस बात को गंभीरता से नहीं लिया था। 2024 तक एजेंसी का टेंडर कैंसिल नहीं किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिया स्पष्ट संदेश

योजनाओं की सफलता का मापदंड केवल कागज़ी नहीं, बल्कि सुरक्षा की अनुभूति है : मुख्यमंत्री

- कमिश्नर और कलेक्टर करें नियमित प्रवास
- राजस्व न्यायालय का समयबद्ध और नियमित संचालन करें सुनिश्चित

रायपुर नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार अंतर्गत राजनांदगांव जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को विकास और जनसेवा के लिए नियमित भ्रमण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास तथा राजस्व न्यायालयों के समयबद्ध संचालन के संबंध में कड़े निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का सपना तभी साकार होगा जब अधिकारी जमीनी हकीकत से जुड़े रहेंगे और जनता की समस्याओं का निराकरण सीधे उनकी उपस्थिति में किया जाएगा। इसके लिए सभी कमिश्नर, कलेक्टर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी अपने अधीन जिलों और ब्लॉकों में नियमित भ्रमण और प्रवास करें तथा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की भौतिक निगरानी सुनिश्चित करते हुए जवाबदेही की संस्कृति को मजबूत करें।

राजस्व न्यायालय का नियमित संचालन करेंमुख्यमंत्री साय ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व न्यायालय का नियमित संचालन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही प्रत्येक अधिकारी पूर्वनिर्धारित न्यायालय कैलेंडर के अनुसार ही कार्य करें। केवल अत्यंत विशेष परिस्थितियों में ही न्यायालय की तिथि रद्द की जाए। इससे न केवल आमजन को समय पर न्याय मिलेगा बल्कि प्रशासनिक कार्यों में भी पारदर्शिता आएगी।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सुशासन की रीढ़ यही है कि अधिकारी जनसम्पर्क बनाए रखें, जनता के बीच उपस्थित रहें, और उनकी समस्याओं को त्वरित रूप से हल करें। यह न केवल विश्वास की भावना को मजबूत करेगा, बल्कि शासन की विश्वसनीयता को भी बढ़ाएगा।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजनांदगांव जिले के जिला पंचायत भवन के सभाकक्ष में आयोजित संयुक्त समीक्षा बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों के विकास कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री साय ने बैठक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो तथा हर पात्र हितग्राही तक लाभ समय पर पहुँचे।

सभी बड़े नालों की लद्दी निकालकर 30 मई तक सफाई पूर्ण करें : महापौर

- बारिश पूर्व नाला सफाई हेतु संबंधित जोन कमिश्नर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी जवाबदेह रहेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने आयुक्त विष्वदीप सहित निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर और जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, मुरली शर्मा, अम्बर अग्रवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, श्वेता विष्वकर्मा, प्रीतम सिंह ठाकुर, गोपेष साहू, सचिन बी मेघानी की उपस्थिति में निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, सभी जोन कमिष्नरों, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की बारिष पूर्व नालो की सफाई पर फोकस करते हुए विस्तृत कार्य समीक्षा बैठक लेते हुए आवष्यक निर्देष दिये। महापौर एवं आयुक्त ने जोन कमिष्नरों एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को दिनांक 30 मई 2025 तक रायपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी बडे नालो की तले तक लद्दी निकालकर बारिष पूर्व व्यवस्थित सफाई करवाने के निर्देष दिये है। प्रत्येक जोन को बारिष पूर्व नाला सफाई का व्यवहारिक रूप से आवष्यक मैनुअल नाला सफाई कार्य करवाने 25-25 अतिरिक्त ठेका सफाई कर्मचारियों से कार्य करवाने एवं प्रत्येक जोन को बडे नालो की बारिष पूर्व सफाई बडी पोकलेन मषीन लगाकर करवाने किराये से कार्य करवाने 3-3 लाख रू. की कार्य स्वीकृति दी गई है।

कच्चे मकान से पक्के घर तक-एक मां की जिंदगी में लौटी गरिमा और सुकून

- मुख्यमंत्री को मां ने दिया आशीर्वाद—छुआ गाल, हृदय से धन्यवाद

रायपुर /नवप्रदेश। बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के करेगुट्टा पर्वत की तलहटी में स्थित नक्सल प्रभावित ग्राम उसूर की 62 वर्षीय शम्मी दुर्गम की वर्षों की प्रतीक्षा 15 मई को पूर्ण हुई, जब गलगम में आयोजित सुशासन तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित पक्के मकान की चाबी सौंपी। पक्के आवास की चाबी पाकर शम्मी दुर्गम भावुक हो उठीं। उन्होंने मुख्यमंत्री जी के गालों को स्नेहपूर्वक स्पर्श करते हुए कहा कि वर्षों तक कच्चे मकान में रहना उनके लिए बेहद कठिन था—हर मौसम में कीड़े-मकोड़ों और जहरीले जीवों का डर बना रहता था। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को भावुकता से बार-बार धन्यवाद देते हुए कहा अब मेरे जीवन में सुकून है, और मेरे बच्चों के सिर पर एक स्थायी छत है।

दुर्गम ने बताया कि उनके पति की मृत्यु 15 वर्ष पूर्व बीमारी के चलते हो गई थी, तब से उन्होंने अकेले ही अपने दो बच्चों का लालन-पालन किया और कृषि कार्य कर किसी तरह जीवनयापन किया। जब उन्हें सुरक्षित, मजबूत और सम्मानजनक आवास प्राप्त हुआ है, तो यह केवल एक मकान नहीं बल्कि उनके जीवनभर के संघर्षों का पुरस्कार है। यह एक ऐसी छत है, जिसमें सिर्फ ईंट और सीमेंट नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और आत्मसम्मान की नींव जुड़ी है। शम्मी दुर्गम इस बात की गवाह है कि सरकार की योजनाएं जब सही हाथों तक पहुँचती हैं, तो वे केवल इमारत नहीं, भरोसे और उम्मीद का घर बन जाती हैं।

पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने संगोष्ठी में प्रस्ताव पारित

- विकसित भारत के निर्माण के लिए एक साथ चुनाव समय की मांग : तोखन साहू

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में आज यहां अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के सभागार में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री एवं बिलासपुर जिले के प्रभारी अरुण साव ने की। संगोष्ठी में एक राष्ट एक चुनाव लागू करने के समर्थन और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री के प्रति बधाई प्रस्ताव पारित किया गया। कुलपति एडीएन वाजपेई ने पारित प्रस्ताव की प्रति प्रधानमंत्री तक पहुंचाने के लिए केंद्रीय मंत्री श्री तोखन साहू को प्रस्ताव की प्रति सौंपी। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में इस अवसर पर विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक सुशांत शुक्ला, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी,महापौर पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी,दीपक सिंह ठाकुर, मोहित जायसवाल सहित बड़ी संख्या में विद्वान प्रोफेसर कॉलेज के छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि की आसंदी से केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा की एक राष्ट एक चुनाव का विषय आज के परिप्रेक्ष्य में बहुत ही जरूरी एवं प्रासंगिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले कुछ सालों में देश के विकास के लिए कई साहसिक कदम उठाए हैं। उनमें एक साथ देश में चुनाव कराने का प्रस्ताव भी शामिल है। प्रधानमंत्री का यह विकसित भारत के निर्माण के लिए क्रांतिकारी कदम है।

चेंबर की पहल से लगातार विभिन्न स्थानों पर कर रहे प्याऊ का प्रबंध

- अध्यक्ष थौरानी ने ग्राहकों समेत राहगीरों को भी मिल रही राहत

रायपुर/नवप्रदेश। गर्मियों में सबसे अधिक जरुरी होता है पानी, इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स पिछले कई दिनों से लगातार विभिन्न स्थानों पर प्याऊ का प्रबंध कर रहा है। इसी के अंतर्गत 16 मई को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के नर्मदा पारा, महादेव घाट रोड व्यापारी संघ, सुंदर नगर और जीवन बीमा मार्ग व्यापारी संघ पंडरी ने प्याऊ का उद्घाटन किया। नर्मदा पारा में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स व छत्तीसगढ़ कन्फेक्शनरी एसोसियेशन के द्वारा लगाए गए प्याऊ का उद्घाटन कर चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी जी ने कहा कि हम लगातार विभिन्न स्थानों पर प्याऊ का प्रबंध कर रहे हैं जिससे इस भीषण गर्मी में स्थानीय व्यापारी साथियों को तो पानी की सुविधा उपलब्ध हो ही रही है इसके साथ ही आने-जाने वाले राहगीरों को भी इससे बहुत राहत मिल रही है।छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स हमेशा व्यापारियों की सहूलियत के लिए कार्य करता है लेकिन हम जहां व्यापार करते हैं वह स्थान भी हमारा अपना है और लोग भी हमारे अपने हैं इसीलिए जब भी हमें अवसर मिलता है तो हमारा प्रयास होता है कि स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीयजन के हित में भी कुछ कर सकें।

अवैध निर्माण ध्वस्त

कौशल्या विहार में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

आरडीए, निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई

रायपुर/ नवप्रदेश। कौशल्या विहार क्षेत्र में शनिवार सुबह रायपुर विकास प्राधिकरण नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। आरडीए की 26 एकड़ जमीन पर सालों से अवैध रूप से बने मकानों और नए निर्माणों को ध्वस्त किया गया।

अवैध निर्माण ध्वस्त करने की कार्रवाई के दौरान मौके पर एसडीएम नंदकुमार चौबे, आरडीए और नगर निगम के अधिकारी के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। यह जमीन आरडीए की स्वामित्व वाली है, जिस पर लोगों ने बिना अनुमति के कब्जा कर लिया था।

इस बीच यह भी सामने आया है कि कुछ लोगों को फर्जी दस्तावेज़ों के जरिए धोखाधड़ी कर जमीन बेची गई। कौशल्या विहार क्षेत्र में रहने वाले पप्पू खान और समा बेगम ऐसे ही फर्जी जमीन दलालों के शिकार हुए हैं. पप्पू ख़ान ने बताया कि उन्होंने दो वर्ष साल पहले कर्ज लेकर लगभग एक लाख रुपये में उक्त भूमि खरीदी थी और धीरे-धीरे मकान का निर्माण करवा रहे थे। जब प्रशासनिक टीम ने दस्तावेजों की जांच की, तो वे फर्जी पाए गए।

प्रशासन ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए फर्जी ज़मीन विक्रेताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की सलाह दी है. साथ ही उनके अभी समान के साथ शिफ्ट किया जा रहा है।

एसडीएम नंद कुमार चौबे ने बताया कि यहां के लोगों को लगातार प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किया जा रहा है. लोग गंभीरता से नहीं ले रहे थे, जिसके बाद ये कार्रवाई की जा रही है. हाल ही में निर्मित जिन अवैध मकानों में लोग निवास कर रहे थे, उन्हें वैकल्पिक रूप से बीएसयूपी में स्थानांतरित किया जाएगा. जिनके पास पहले से आवास उपलब्ध हैं, उन्हें वहीं पुनः बसाया जाएगा. उन्होंने कहा कि रायपुर शहर में जहां कहीं भी अवैध निर्माण पाए जाएंगे, वहां प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

सुनो भाई उधो

टेड़गी बाई के तिरिया चरित्तर

परमानंद वर्मा

जइसन नइ होय हे, नइ होवय अउ कहूं तइसन होय ले धर लेथे, तब ओला देख के जीव हर कउवासी लगथे। सोचथे, अइसन उलटबासी, अलकरहा काम अउ बात कइसे होय ले धर लीस भगवान?

काला का कहिबे, कोनो ला कांही केहे, बोले के समे नइहे?

सब एक ले बढ़के एक चतुर सुजान समझे ले धर ले हे। कांही कहिबे, बोलबे ता ओमन बोलथे,

कहिथें तब कुछ के कुछ जाने समझे ले धर लेथें, फेर 'आ बइला मोला मार कस झपाय ले घला धर लेथे।

कतको चतवार के चलबे तभो ले टेड़गी (बिच्छी) बरोबर कब अउ कतका बेर मारही चुटकिया दिही बिच्छी ते बस कलहरत राह, हाय सी... हाय सी... करत राह। कोनो बइगा गुनिया नइते कोनो दवा-दारू करबे तभे झार (दरद) उतरही।

चुटकिया के तो रेंग देथे टेड़गी (बिच्छी) मन अब तंय मरत राह। अइसने कस एक ठन टेड़गी के सपेड़ा मं एक घौं सुखराम परगे।

ओहर अपन टेड़गी कथा ला सुनावत बताथे- जान दे मितान बिसौहा कस हाल मोरो होगे रिहिसे, ले-दे के उबरे हौं।

-अरे ओ का टेड़गी पुरान हे, तेकर कथा ला सुनाबे तब ना जानिहौं? हवे-हवा मं अइसने गोठियावत रहिबे तब कइसे समझिहौं?

महावीर साहेब हा ओला पूछथे।

- 'बात अइसन हे साहेब, जउन तंय बिच्छी याने टेड़गी के बात पूछथ, हस ना तउन हा बिख भर वाले एक झन गोई हे।

- 'आंय... गोई हे, तंय टेड़गी कहिथस, फेर गोई घला बतावत हस, तोर बात मोर समझ मं नइ परत हे?

ओहर टेड़गी हे ते गोई हे?

- 'अरे मतलब एके हे साहेब, बिख सिरिफटेड़गी भर मन मं नइ होवय, मनखे मन मं घला होथे। ओमन जब चुटकियाथे, टोनकथे, तब झन पूछ- पानी नइ मांग सकय, अइसन बेहाल कर देथे।

महावीर साहेब कहिथे- 'अच्छा ले टार, ये तोर निपोरचंद कथा ला, सही रमायन ला सुना।

हां, तब सुन साहेब, बात अइसन हे- एक घौं अइसने कवि सम्मेलन सुने ले गे रेहेंव उहें संगीता नांव के टेड़गी याने एक कवियित्री संग अइसने भेंट होगे।

गजब सुंदर कविता लिखथे अउ कवि सम्मेलन मं पाठ घला बने करथे। रूप-रंग, देह-पांव अउ सुर घला सुंदर।

ओ दिन बने कविता पाठ करिस। सब झन ताली बजाइन, वाह-वाह करिन। ओकर मन के देखासिखी महूं करेंव, वइसे कविता पाठ बने करे रिहिसे, एमा कोनो दूमत के बात नइ रिहिसे।

सुखराम आघू बतावत कहिथे- कवि सम्मेलन सिराय के बाद सब जतका कवि अउ कवियित्री रिहिन हे तेला सब बधाई देबर उठिन, बधाई दीन अउ हाथ मिलइन।

महूं काबर पीछू राहौं कइके संगीता से हाथ मिलायेंव, बधाई देंव अउ सुंदर कविता पाठ करेस काहत शुभकामना देबर कंजुसी नइ करेंव। इही मौका मं दूनो झन एक-दूसर के परिचय लेवत मोबाइल नंबर घला ले डरेन।

सुखराम टेड़गी कथा ला आगू बढ़ावत बताथे- मंय देखत रेहेंव साहेब, मोर परिचय ला पाके कोन जनी का के सेती ओकर चेहरा गुलाब के फूल सही खुशी के मारे फूलगे।

वइसे उहू बने जानकार अउ विदूषी हे। दूसर कवि, लेखक अउ साहित्यकार मन संग मिलिस, गोठियाइस।

कुछ दिन गुजरे का बाद वाट्सएप मं कविता आना शुरू होगे। मंय भागमानी समझेंव, मोर सही फ्टीचर छाप लिखइया पढ़इया संग कोनो बड़े कवियित्री अउ विदूषी संग मेल-मिलाप, चरचा शुरू होगे।

एक दिन अइसने कोनो विषय ऊपर दूनो के बीच 'मल्ल युद्ध होय असन होगे, तेमा ओहर हार मान लीस।

तब ले हमर दूनों के बीच बातचीत के मधुर संबंध बढ़गे। पांच-छै साल होगे, एती-ओती सबो तरह के बात मीत-मितानी सही शुरू होगे।

- 'फेर साहेब, सबो समे एक समान कहां होथे, ये समे अनदेखना होथे, अंखफुट्टा होथे, ककरो सुख, परेम ला देख नइ सकय शकुनि बरोबर।

एक दिन अइसे पासा फेंकिस, दरार डार दीस, बने बनाय खेल छर्री-दर्री होगे।

ओहर बताथे- बने गुलाब जामुन रसगुल्ला छानत रेहेन। ओहर दू घौं इंस्टाग्राम पोस्ट करिस। मंय अकबकागेव, चकरागेंव साहेब, जइसन कभू सोचे नइ रेहेंव तइसन होगे। अइसन तो नइ होना चाही, अतेक बड़े कवियित्री अउ अइसन...?

सोचेंव, साहेब लाइन तो एकदम 'क्लियर हे इही भोरहा मं महूं एक दिन 'इंस्टाग्राम जिनगी मं पहिली बार पोस्ट कर परेंव।

मोर ये कदम उठाना बात के बतंगड़ होगे अउ ओहर मोर खिलाफ एक दू झन ल बोल के निंदा करवा दीस। तभे मोला ओ फिल्मी गीत के सुरता आगे-

तुम करो तो ठीक
हम करें तो पाप।
तुम करो तो पुण्य,
हम करें तो पाप।।

देखे, सुने अउ समझे नहीं ये टेड़गी पुरान के कथा कतेक खतरनाक होथे। ओमन जउन चाहे तउन कर लंय, तंय कहूं थोरको कांही कुछु केहे, करे अउ चुके ते फांसी लटकाय मं ओमन कमी नइ करय।

एक ठन 'माफीनामा पोस्टकरके कान पकड़लेंव संगवारी, अइसन देवी, टेड़गी मन ले भगवान बचावय। ओ दिन ले आज तक ओकर मोर राम... राम... हे। हट्टी ले ले हन।

कइसे रिहिस साहेब- टेड़गी पुरान हा। ये कथा ले सुनके ओ साहेब हांस दीस, कहिथे- आज के जुग वइसने चलत हे, कोनो नवा बात नइहे?

पहले संघर्ष फिर विराम और उसके बाद की कहानी....

योगेश कबूलपुरिया

तेजी से अशांत हो रहे क्षेत्र में भारत को संतुलन बनाने के लिए कई नाजुक चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है। पहलगाम में की गई हिंदू पर्यटकों की बर्बरतापूर्वक हत्या के बाद सीमा पर बढ़ा सैन्य टकराव, फिर अस्थायी संघर्ष विराम, आतंकवाद की निरंतर छाया और छिटपुट झड़पें, पाकिस्तान के साथ जारी तनाव जैसी तमाम चुनौतियां लंबे समय से नई दिल्ली के कूटनीतिक धैर्य और जनता के ध्यान की परीक्षा ले रही हैं। नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन हो या फिर सीमा पार से होने वाली भड़काऊ बयानबाजी, ये तनाव अक्सर सुर्खियों में रहने के साथ ही राजनीतिक विमर्श पर हावी रहते हैं। अप्रत्याशित रूप से बदले इस परिदृश्य में भारत को सैन्य रूप से जो करना चाहिए था, ठीक वही उसने किया और करना भी चाहिए था, लेकिन इसके बावजूद उसे किसी तरह के उकसावे में आने के बजाय रणनीतिक धैर्य का परिचय देते हुए अपनी विकास संबंधी चुनौतियों पर ध्यान देना चाहिए, जिनका सामना उसके एक अरब से ज्यादा नागरिक अब भी कर रहे हैं। इस्लामाबाद से आने वाली प्रत्येक तीखी प्रतिक्रिया, विशेषकर जब राष्ट्रीय गौरव की बात हो, तब हर ओर से सशक्त कूटनीति और दंडात्मक कार्रवाई की मांग उठने लगती है। विरोधी का मकसद ही यह है कि मौखिक या सांकेतिक रूप से भारत को उकसाकर अपने जाल में फंसाया जाए, ताकि उसका ध्यान अपनी प्राथमिकताओं से भटक जाए। वर्तमान में असली युद्धक्षेत्र सिर्फ क्षेत्रीय नहीं है, बल्कि विकासात्मक, तकनीकी और मानवीय भी है।

आर्थिक प्रगति, तकनीकी नवाचार व वैश्विक प्रभाव में प्रभावी उन्नति के बावजूद भारत अब भी गंभीर आंतरिक चुनौतियों से जूझ रहा है। हाल में जारी हुई 2025 यूएनडीपी ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट (ए मैटर ऑफ चॉइस : पीपल एंड पॉसिबिलिटीज इन द एज ऑफएआई) भारत की प्रगति को रेखांकित करती है, पर कई मोर्चों पर प्रगति की असमानता को भी बताती है। भारत 2022 से 2023 के बीच मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में तीन स्थान ऊपर उठकर 133 से 130वें पायदान पर पहुंच गया, पर असमानता के कारण उसका एचडीआई स्कोर 30.7 फीसदी कम हो गया, जो एशिया में सबसे अधिक गिरावट वाले देशों में से एक है। यद्यपि कुछ भारतीय बहुत अच्छा कर रहे हैं, पर लाखों ऐसे हैं, जो नहीं कर पा रहे हैं।

आयुष्मान भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं की सराहना करनी चाहिए, जिनकी वजह से बीते करीब डेढ़ दशक में जीवन प्रत्याशा सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई है, बहुआयामी गरीबी घटी है और 41.5 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठ गए हैं। फिर भी, स्वास्थ्य (जीडीपी का 3त्न से कम) व शिक्षा (जीडीपी का 5त्न से कम) पर अपेक्षाकृत कम खर्च असमानताओं को बढ़ाता है, जिससे भारत के कई युवा ज्ञान संचालित दुनिया के लिए तैयार नहीं हो पाते हैं।

देश का श्रम बल महत्वपूर्ण रूप से अब भी अनौपचारिक और अल्प रोजगार वाला है। भारत की डिजिटल साक्षरता दर-जिसमें बुनियादी उपयोग से परे साइबर सुरक्षा जागरूकता, ऑनलाइन शिष्टाचार और कौशल भी शामिल हैं-लगभग 37 फीसदी है, जिसमें शहरी और ग्रामीण विभाजन बहुत अधिक है। ये कोई मनगढ़ंत आंकड़े नहीं हैं, बल्कि ये वास्तविक अग्रिम मोर्चे हैं, जिन पर भारत को अपनी महत्वपूर्ण लड़ाई में पार पाना है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा तेजी से संचालित हो रही दुनिया में हमें बुनियादी विज्ञान सीखने और शोध के लिए वित्त पोषण बढ़ाने की जरूरत है, लेकिन शुद्ध विज्ञान में पर्याप्त निवेश के बिना स्टेम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमैटिक्स) में कोई प्रभावी काम नहीं हो सकता है।

रणनीतिक धैर्य, इसलिए कमजोरी और आत्मसंतुष्टि की निशानी नहीं है, क्योंकि इसमें प्राथमिकताओं की पहचान शामिल होती है। यह भी समझना होगा कि पाकिस्तान के हर मौखिक उकसावे पर प्रतिक्रिया देना हमारे रणनीतिक हित में नहीं है। यह उन लाखों लोगों को पीछे धकेल देता है, जो अब भी विकास के फल की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

उदाहरण के लिए, भारत की आकांक्षाएं वैश्विक विनिर्माण हब, डिजिटल आर्थिक महाशक्ति और नवीकरणीय ऊर्जा में अगुआ बनने की हैं। इन सभी. लक्ष्यों को हासिल करने के लिए स्थायित्व, विदेशी निवेश, नवाचार और कुशल मानव पूंजी की जरूरत है। भू-राजनीतिक व्याकुलता, खासकर रणनीतिक तौर पर पटरी से उतरे हुए पड़ोसी के साथ, इन सभी महत्वाकांक्षाओं को बेपटरी कर सकता है।

निवेशक उकसावे के बजाय पूर्वानुमान को प्राथमिकता देते हैं। राजनयिक, सहयोगी और साझेदार प्रतिशोधात्मक बयानबाजी की अपेक्षा संयम को महत्व देते हैं। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत को यह पहचानना होगा कि वैश्विक परस्पर निर्भरता के दौर में सॉफ्ट पावर और आंतरिक लचीलापन अक्सर अधिक मायने रखता है। दुनिया न केवल सैन्य शक्ति पर नजर रखती है, बल्कि यह भी देखती है कि कोई राष्ट्र अपने सबसे कमजोर लोगों के साथ कैसा व्यवहार करता है, अपने युवाओं को कैसे शिक्षित करता है और अपने पर्यावरण को कैसे बनाए रखता है।

एक आत्मविश्वासी राष्ट्र को हर आलोचना पर तीव्र प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं होती, वह इसका जवाब अपनी कामयाबियों से देता है। इसका मतलब यह नहीं है कि भारत को अपनी जायज सुरक्षा चिंताओं को दरकिनार कर देना चाहिए।

पाकिस्तान का लगातार आतंकवादी संगठनों को समर्थन देना और उसका सीमा पार आतंकवाद को लेकर संदिग्ध कदम वाकई वास्तविक चुनौतियां हैं। भारत को हमेशा सतर्क रहने की जरूरत है और जब भी सुरक्षा हितों को खतरा उत्पन्न हो, तो निर्णायक कार्रवाई के लिए तैयार रहना चाहिए।

हालांकि, उसे प्रतिक्रियात्मक शक्ति बनने से भी बचना चाहिए। सुरक्षा केवल टैंकों और मिसाइलों में ही निहित नहीं है-यह सामाजिक एकजुटता, आर्थिक समावेशन और संस्थागत ताकत में समान रूप से समाहित है।

कई मायनों में, पाकिस्तान की अपनी घरेलू विफलताएं हैं, जो उसकी सबसे बड़ी कमजोरियां हैं। उसकी अर्थव्यवस्था चरमराई हुई है, उसकी संस्थाएं खोखली हो रखी हैं और उसका राजनीतिक परिदृश्य हमेशा अस्थिर रहता है। इसके उलट, भारत के पास दृष्टि और क्षमता के माध्यम से अपना कद परिभाषित करने का अवसर है। इसलिए एक ऐसे पड़ोसी के साथ वाकयुद्ध में उलझना, जो नतीजों से ज्यादा इस नाटक से लाभ उठाता है, भारत के लिए लाभदायक नहीं है। अतः भारत की राजनीति को शोरगुल से ऊपर उठना चाहिए।

व्यंग्य रचना : ये बेइज्जत नहीं होते क्योंकि

डॉ. किशोर अग्रवाल

एक बार भगवान बुद्ध को कोई व्यक्ति बुरी बुरी गालियां दे रहा था किंतु गौतम बुद्ध मुस्कुरा कर सुन रहे थे । यह देखकर उनके एक अनुयायी ने पूछा कि उसने इतनी बुरी बुरी गालियां आपको दी किंतु आपने कोई प्रतिकार नहीं किया । महात्मा बुद्ध ने कहा कि यदि कोई मुझे कोई चीज दे और मैं उसे न लूं तो वह चीज किसके पास रहेगी? अनुयायी ने कहा देने वाले के पास । तो इसी तरह यदि उसकी गालियां मैंने नहीं ली तो वे उसी के पास रहीं, तो इसमें प्रतिकार करने की वजह ही क्या है? बुद्ध ने कहा।

लगता है भगवान गौतम बुद्ध का उपदेश हमसे अधिक पाकिस्तानियों ने आत्मसात् किया है। पाक कहता है कि उनकी बेइज्जती नहीं होती, तुम कर लो , हम मानते ही नहीं। तुम हम पर थूको तो हम उसे बढिया बारिश बता देंगे । हम हमारी बेइज्जती खुद कर सकते हैं ,खुद ही करेंगे । उनका रक्षा मंत्री कह आया कि हम 30 साल से आतंकी पाल रहे हैं ,उनका बिलावल भी कह रहा है कि हम आतंकी पाल रहे हैं । एक और दो आतंकवाद से साफ इनकार करते हैं दूसरी ओर खुद ही उनको पालने की हामी भरते हैं परंतु वे बेइज्जत नहीं होंगे क्योंकि उनमे गैरत नहीं है।

वे कहते हैं कि हम कभी हारते नहीं हैं क्योंकि हम सिर्फ जंग जीतते हैं यही उन्हें सिखाया गया है। जीत के लिए ही ये जंग करने आते हैं हारने को भी जीत ही बताते हैं । और तो और जश्न भी मनाते हैं। इनका कहना है "1971 की जंग में हमारी पेंटें उतरवायी गई , 93000 फौजी गिरफ्तार हुए पर हम हार मानते कहां है जी ? लो हमने तो आज तक बांग्लादेश को ही आजाद मुल्क नहीं माना उसे हम स्वतंत्र देश ही नहीं मानते तब हम हारे कहां है ?"

उनका मानना है कि बेइज्जती जैसी चीज दुनिया में है ही नहीं । शाहबाज शरीफग्रेट वॉरियर कहलाए उन्होंने तो देखो भारत के राफेल झुका दिए । कहते हैं ÷हमने भारत के मन की न होने दी उसे झुका दिया क्या हुआ जो जंग के बीच हमने भीख मांगी?

बेइज्जती हमें महसूस ही नहीं होती ।लाहौर वाले इसी बात के लिए मशहूर हैं कि उनके मुंह पर यदि थूक दो तो वह उसे बारिश बता देते हैं । गैरत जैसी कोई चीज होती ही नहीं है जी । आप जिसे गैरत कहते हो वह तुम्हारे लिए गैरत होती होगी , बेइज्जत हम होते ही नहीं क्योंकि गैरत हम मानते ही नहीं ।" उनके प्रधानमंत्री की एयरपोर्ट पर पेंट खुलवा ली जाती है पर वे कहते हैं "देखो हम न्यूक्लियर पावर हैं पर क्या हमने पैंट खोलने में कोई एतराज किया ? नही किया । हमने पेंटें खोल दी क्योंकि हमें बेइज्जती महसूस होती ही नहीं ।"

किसी भी फॉर्म में ये अपने वालिद का नाम पेंसिल से लिखते हैं और साथ में एक रबर भी रखते हैं जो इनको पैसा दे वहां उसका नाम लिख देते हैं इनकी पापामेसी इन्हें सिखाती है कि ये दो पार्टी रखें। एक पार्टी नया पापा ढूंढती रहती है दूसरी पार्टी पैसा देने वाले पापा को पकड़े रहती है । कई बार इनके मल्टिपल पापा भी होते हैं।

बड़ा दादा हमास को नहीं मना पाया, यूक्रेन को नहीं रोक पाया । उसे क्रेडिट लेना थी अपना चेहरा बचाने के लिए उसने भारत की आड़ में वह काम कर दिखाया । उसे हड़बड़ी ऐसी हुई कि उनसे पहले ही खुद घोषणा कर दी कि उसने समझौता करा दिया है। इन्हें यह सुख भी नहीं लेने दिया कि यह अपना सरेंडर बता कर भले बनने का ही सुख ले सकें ,भला यह भी कोई बात हुई ?

दो पापा रखने में बड़ा लाभ है एक और तो चीन उनकी मदद करता रहा और ये अपना एंबेसडर भेजकर ट्रंप के पैर पड़ते रहे और इंडिया को रोकने की भीख मांगते रहे । इधर इनके नेता कहते रहे कि इतने हिंदू मारेंगे कि जलाने को लकड़ी भी कम पड़ेगी। इनके एंबेसडर ने हर दरवाजा खटखटा खटखटाकर गुहार लगाई। अटैक के बाद झूठ फैलाने वालों ने बखूबी काम किया कि यह मशहूर करने की कोशिश की कि इनने भारत के राफेल मार गिराए ।

प्रूफ मांगने पर इनके रक्षा मंत्री ने कह दिया कि सोशल मीडिया पर वीडियो पड़े हैं। अब सोशल मीडिया पर वीडियो की बात कह कर कौन सी गलत बात कह दी ?भला सोशल मीडिया कोई अविश्वास की चीज है ?

सारी दुनिया सोशल मीडिया पर ही तो चल रही है ? ये राफेल का मलबा कबाड़ में बेचेंगे , बिल्कुल बेचेंगे , इनके पैड चैनल चलते हैं , ये तो मलबा बेचने की कीमत भी दिखा देंगे।

"यदि दहशतगर्दी करेंगे तो जन्नत जाएंगे÷ इस टैगलाइन पर ये काम करते हैं । इनके यहां बहुतायत में मस्जिद और मदरसे बने स्कूल नहीं बने । पढ़ा लिखा आदमी प्रश्न पूछता है । अकल का पैदल साथ चलता है। इनका कहना है "हमारे साथ अकल वालों का भला क्या काम हमें तो अकल से पैदल ही चाहिए।" देखो इन्होने अमेरिका से हाथ जोड़कर सीजफायर करा लिया चीन नाराज हुआ तो फिर से अपने ड्रोन भेज दिए । भला क्या गलत किया दोनों के मन की इच्छा पूरी कर दी। चीन ने भी इन्हे सपोर्ट कर दिया । पाकिस्तानी पंजाबी कैंसर की तरह घातक होते हैं । इनका डीएनए बदल गया है । इनके दोनों पापा इनसे खुश हैं। ये कभी लावारिस नहीं रहते, इन्हें कोई ना कोई गोद ले ही लेता है । इनकी भौगोलिक स्थिति ही ऐसी है कि ये सबके अजीज दिखते हैं पर हैं तो ये अपने बाप के भी नहीं ।

QUIZ TIME

1) हाल ही में चर्चा में रहा कामचटका प्रायद्वीप कहाँ स्थित है?

2) हाल ही में राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस 2024 कब मनाया गया?

3) हाल ही में चर्चा में रहा सक्करबाग चिड़ियाघर कहाँ स्थित है?

4) मुद्रा का कागज किससे बना होता है?

5) हाल ही में 34वें व्यास सम्मान किसे प्रदान किए जाने की घोषणा की?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रूस (2) 24 दिसंबर (3) गुजरात (4) 100 प्रतिशत रुई (5) सूर्यबाला

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:46, सूर्यास्तः : 07:00,चन्द्रोदय : 17:04, चन्द्रास्त : 28:19, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु),विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी),मास : ज्येष्ठ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : उत्तराषाढ़, योग : व्यतीपात,प्रथम करण : तैतिल (17:29 तक),द्वितीय करण : गर (पूर्ण रात्रि)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : तुला (13:42 से),मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी),राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:46 से 12:41, अमृत काल : 20:01 से 21:50,सर्वार्थ सिद्धि योग : 27:15 से 29:26, रवियोग : 05:27 से 27:15, विजय मुहूर्त : 14:29 से 15:23, गोधूलि मुहूर्त : 18:59 से 19:20,सायाह्न सन्ध्या : 19:00 से 20:03,निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:34,राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:55 से 15:37, दुर्मुहूर्त : 05:27 से 06:21, होमाहुति : चन्द्र, दिशा शूल : पूर्व, अग्निवास : आकाश, चन्द्र वास : दक्षिण (पश्चिम 13:42 से), शिववास : नन्दी पर (17:29 से भोजन में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन भागदौड़ लगी रहेगी दिन के आरंभ से ही आकस्मिक यात्रा की योजना बनेगी इसके अंत समय पर टलने की संभावना भी है।

वृषः आज के दिन आपको उतार चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा आपका स्वभाव आज संतोषी ही रहेगा फिर भी आकस्मिक आने वाले क्रोध पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।

मिथुनः आज आप प्रत्येक कार्य बुद्धि विवेक से करेंगे लेकिन पूर्व में बरती अनियमितता के कारण आज शत्रु पक्ष प्रबल रहेंगे।

कर्कः आज का दिन आपके लिये प्रतिकूल रहेगा दिन के आरंभ से ही किसी से कहासुनी की संभावना रहेगी।

सिंहः आज के दिन आपके मन मे उधेड़ बुन लगी रहेगी जो करना चाहेंगे उसे नही कर पाएंगे उल्टे जिस का को करने से चिढ़ते है मजबूरी में वही करना पड़ेगा।

कन्याः आज का दिन साधारण रहेगा दिन के पूर्वार्ध में स्वास्थ्य ठीक रहने पर भी आलस्य के कारण कार्यो में विलंब होगा घरेलू कार्य भी धीमी गति से चलेंगे।

तुलाः मन मे चंचलता बढ़ने के कारण आज आपका स्वभाव पल पल में बदलेगा किसी भी कार्य मे अनिर्णय की स्थिति बाधा डालेगी जिससे कार्यो में विलंब होगा।

वृश्चिकः आज का दिन विपरीत फलदायक है स्वभाव की मनमानी आज किसी न किसी रूप में हानि कराएगी।

धनुः आज का दिन लाभदायक रहेगा लेकिन ध्यान रहे आपका व्यवहार होने वाले लाभ को कम या अधिक करने में महत्तवपूर्ण भूमिका रखेगा।

मकरः आज का दिन शुभफलदायक रहेगा। भागदौड़ आज किसी न किसी काम से लगी रहेगी ।

कुंभः आज का दिन आपके लिये मिश्रित फलदायक रहेगा। सेहत कुछ समय के लिये नरम रहेगी।

मीनः आज का दिन सेहत को लेकर परेशान रहेंगे। घर मे मौसमी बीमारियों के कारण सर्दी जुखाम से कोई ना कोई परेशान रहेगा दैनिक कार्य भी विलंब से होंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 050 का हल

अं	त		म	री	ज			
ग	ह	न	ता		ब	र	ब	स
	की		धि	क्का	र		र	मा
	का		का		द	वा	खा	ना
प	त	वा	र		स्त	र		
ह						दा	मि	नी
ना		ए	ह	ति	या	त		लां
वा	च	क		हा			खू	ब
		ता	ब	ड़	तो	ड़		र

■ न्यूज गैलरी

बीएसपी ने कई ग्रामों में किया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

भिलाई। बीएसपी प्रबंधन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि के उद्देश्य से निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का नियमित आयोजन किया जाता है। वर्ष 2024-25 में आदर्श इस्पात ग्रामों में आयोजित कुल 90 नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों से कुल 5445 आमजन लाभान्वित हुए हैं। खदान क्षेत्रों में आयोजित 8 शिविरों से कुल 475 ग्रामीण लाभान्वित हुए। इनमें महिलाएं, पुरुष व बच्चों सहित वृद्धजन शामिल हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के साथ कुशल चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया जाता है। आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया जाता है।

सेना के सम्मान में बनाई पेन्टिंग आकर्षण का केंद्र

भिलाई। चित्रकार अंकुश देवांगन द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में बनाई गई पेन्टिंग लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पेन्टिंग में उन्होंने शादी के सिर्फ 6 दिन बाद महिला के एकाएक विधवा हो जाने के दृश्य का कारूणिक चित्रण किया है। सिर झुका कर सूख चुके आंसू से शून्य को निहारती नवयौवना की पेन्टिंग में कलाकार ने लिखा है - सिंदूर का बदला पाकिस्तान हुआ कंगला। ये शब्द अब राष्ट्रीय स्तर पर सोशल मीडिया में जमकर ट्रेंड कर रहा है। सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर में बनाए गए इन चित्रों को देखने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की भीड़ लग रही है। गौरतलब है कि अंचल के नामचीन कलाकारों ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा मात्र चार दिनों में पाकिस्तान को धूल चटा देने की घटना को 100 फीट लंबी पेन्टिंग में दर्शाया है।

फिल्टर प्लांट और इंटेकवेल में बदले जाएंगे पुराने नॉन रिटर्निंग वाल

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई के 77 एमएलडी प्लांट और इंटेकवेल में पुराने नॉन रिटर्निंग वाल को बदला जाएगा। शिवनाथ नदी इंटेकवेल से रॉ-वाटर लिफ्ट कर 77 एमएलडी और 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट में लाया जाता है।

रिटर्निंग वाल पुराना होने के कारण लीकेज की संभावना बढ़ गई है। इसे रोकने के लिए 77 एमएलडी, 66 एमएलडी और इंटेकवेल में नया रिटर्निंग वॉल लगाए जा रहे हैं। नए इंटेकवेल वॉल के लिए पाइप सामग्री की जांच जलकार्य प्रभारी कार्यपालन अभियंता सुनील जैन और सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव कर रहे हैं।

सुनील जैन ने बताया कि रिटर्निंग वाल, इंटेकवेल और 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट का बदलना जरूरी है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जनता से अपील करते हुए कहा है कि सार्वजनिक नल से पानी भरने के बाद टोटी बंद करें। टोंटी को तोडऩे या नल खुला रखने पर अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पाता है। इसके कारण कई हिस्सों में जलसंकट से लोग परेशान होते हैं।

तैयार किए फर्जी दस्तावेज... | *एसटीएफ की चार दिनों के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई*

भिलाई में अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी पति-पत्नी गिरफ्तार

दुर्ग-भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग जिले में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की धरपकड़ को लेकर पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम सतर्क है। दुर्ग पुलिस ने सुपेला कांट्रेक्टर कॉलोनी से एक बांग्लादेशी महिला और उसके पति को गिरफ्तार किया है। यह एसटीएफ की चार दिनों के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई है। पूछताछ में महिला ने अपना नाम ज्योति और पुरुष ने रासेल शेख बताया। दस्तावेजों की गहन जांच में सामने आया कि महिला का असली नाम शाहिदा खातून (35 वर्ष) है, जो बांग्लादेश की नागरिक है।

दोनों को हिरासत में लिया

एसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कांट्रेक्टर कॉलोनी में एक महिला और पुरुष फर्जी पहचान के साथ रह रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने तुरंत दबिश दी और दोनों को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि जांच में खुलासा हुआ कि शाहिदा खातून ने वर्ष 2017 में बांग्लादेश निवासी मोहम्मद रासेल से शादी की थी। इसके बाद दोनों ने पासपोर्ट और वीजा के जरिए भारत में प्रवेश किया था। महिला का वीजा 13 सितंबर 2018 को और रासेल का वीजा 12 अप्रैल 2020 को समाप्त हो चुका था। वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी दोनों भारत में अवैध रूप से रह रहे थे।

शाहिदा ने फर्जी दस्तावेज तैयार किए

एसटीएफ को यह भी जानकारी मिली कि शाहिदा खातून ने भारत में रहकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। उसने अपने फर्जी नाम 'ज्योति' के नाम पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और पासपोर्ट तक बनवा लिया था। वह भिलाई में एक किराए के मकान में रह रही थी और वाट्सऐप व इंटरनेट कॉल के जरिए बांग्लादेश में अपने परिवार से संपर्क में थी।

2017 में पासपोर्ट और वीजा के जरिए भारत आए

पुलिस जांच में पता चला कि शाहिदा इससे पहले 2009 में भी अवैध रूप से भारत आई थी। वह बांग्लादेश-भारत अंतर्राष्ट्रीय सीमा को पार कर पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में दाखिल हुई थी। वहां से वह हावड़ा होते हुए मुंबई पहुंची और मजदूरी करने लगी। इसी दौरान उसकी मुलाकात मोहम्मद रासेल से हुई। दोनों कुछ समय बाद पश्चिम बंगाल लौटे और वहीं शादी कर ली। बाद में वे बांग्लादेश चले गए और 2017 में पासपोर्ट और वीजा के जरिए भारत वापस लौटे, लेकिन फिर कभी वापस नहीं गए। पुलिस के अनुसार मोहम्मद रासेल पूर्व में लूटपाट के मामले में आरोपी रह चुका है। फिलहाल पुलिस ने दोनों के खिलाफ विदेशी अधिनियम और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन : विधायक ललित

रिसाली और निकुम में निकली तिरंगा यात्रा, नागरिकों ने दिया एकजुटता और देशभक्ति का संदेश

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। शनिवार को नगर निगम रिसाली में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया। महापौर शशि सिन्हा ने देशभक्ति के नारे लगाकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा निगम क्षेत्र के रिसाली स्थित दशहरा मैदान से सुबह 10 बजे शुरू हुई। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आतंकवाद को मिटाने शुरू हुआ ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा। सेना के जवानों को नमन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक, महापौर समेत सैकड़ों लोगों ने भारत माता के जय घोष के साथ शहीद रजनीकांत स्मारक पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस दौरान निगम सभापति केशव बंछोर, एमआईसी मेंबर जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, सनीर साहू, डॉ. सीमा साहू, पार्षद ईश्वरी साहू, विलास बोरकर, विधि यादव, रमा साहू, माया यादव, सरिता देवांगन, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल भाजपा अध्यक्ष राजू जंघेल समेत सैकड़ों उपस्थित रहे।

निकुम में तिरंगा यात्रा में सैकड़ों ग्रामीण शामिल

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत निकुम ग्राम में आज तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें विधायक ललित चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। निकुम के संस्कृति मंच से निकली तिरंगा यात्रा गांव का भ्रमण करते हुए ग्राम पंचायत भवन में समाप्त हुई। हाथ में तिरंगा थामे यात्रा के दौरान सभी वर्गों के लोग भारत माता की जय, अमर जवान की जय के नारे लगाते रहे। तिरंगा यात्रा ने देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव का सशक्त संदेश दिया।

विधायक ललित चंद्राकर ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश की आन, बान और शान, भारतीय सैनिकों के साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन किया। चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में 9 आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह धराशायी कर दिया।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। हमें देश के सैनिकों पर पूरा विश्वास है। उनके शौर्य और पराक्रम से हमारा देश सुरक्षित है। पहलगाम आतंकवादी हमला का जवाब ऑपरेशन सिंदूर हमारे अभिमान का प्रतीक है। माता-बहनों की उजड़ी मांग के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

तिरंगा यात्रा में मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, जनपद सदस्य लीना रूपेश देशमुख, सरपंच भागवत पटेल, उपसरपंच गोपेन्द्र साहू, महामंत्री पुराण देशमुख, सोसाइटी अध्यक्ष भैयालाल साहू, गोलू, मनोज चंद्राकर, नूतन निर्मलकर, पवन देवांगन, मुन्ना देशमुख, हीरालाल साहू, वेदप्रकाश देशमुख, हेमंत यादव, उत्तम देशमुख, राजेश साहू, ढालसिंह भारती, बांसती साहू, मीरा साहू, यशोदा पारधी, गौरी यादव, पारख चंद साहू, अजय चौहान, तिलक चंद्राकर, जितेंद्र, मुकेश चंद्राकर, धर्मपाल पिपरिया, एसडीएम हरवंश मिरी, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पांडे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामवासी शामिल हुए।

कुम्हारी में उल्लासपूर्वक निकाली गई तिरंगा यात्रा

नगर पालिका परिषद में भी शनिवार को नगर पालिका अध्यक्षा मीना वर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। पालिका परिषद परिसर से प्रारंभ कर बाजार चौक, स्टेशन चौक, फ्लाई ओव्हर ब्रिज तक सभी वर्गो के लोगों ने एकजुट होकर देशभक्ति के नारों से नगर को गुंजायमान करते हुए तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। भारतीय सेना एवं अर्ध सैनिक बलों के जवानों को हृदय से सम्मान और धन्यवाद ज्ञापित कर समापन हुआ।

उरला में कचरा डंप करने पर नागरिकों ने किया उग्र विरोध

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। उरला में निगम का कचरा डंप करने पर स्थानीय रहवासियों ने आज महापौर अलका बाघमार के सामने कड़ी नाराजगी जताई। इस मामले को लेकर पिछले एक हफ्ते से उरला के नागरिक लगातार विरोध जता रहे हैं। आज मौके पर महापौर अलका बाघमार सहित निगम सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, नीलेश अग्रवाल सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी पहुंचे। इस दौरान नागरिकों ने कचरा डंप करने का विरोध करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। आक्रोशित नागरिकों ने कचरा डंप किये जाने पर जनप्रतिनिधियों को खरीखोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि कचरे की बदबू से उनका जीना मुहाल हो गया है। कचरे के ढेर में आग लगाने के कारण धुएं से भी वार्डवासियों को काफी परेशानी हो रही है। नागरिकों ने साफ कहा कि यहां कचरा डंप करना बंद किया जाए। उन्होंने कचरे का निष्पादन करने के लिये प्लांट लगाने की योजना का भी कड़ा विरोध किया।

महापौर अलका बाघमार समेत निगम सभापति श्याम शर्मा ने वार्डवासियों को समझाईश देते हुए कहा कि वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाने पर कचरे से बदबू की समस्या नहीं रहेगी। कचरे पर आग भी नहीं लगाई जाएगी। महापौर की समझाईश का नागरिकों पर कोई असर नहीं हुआ। कई नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों से तीखी बहस शुरू कर दी। जनप्रतिनिधियों ने कड़ी चेतावनी देते हुए साफ कहा कि नगर निगम के काम में रुकावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शुक्रवार को हुआ था निगम मुख्यालय में हंगामा

शुक्रवार को उरला, बघेरा के नागरिकों ने इस मामले को लेकर नगर निगम में जमकर हंगामा किया था। महापौर अल्का बाघमार और सभापति श्याम शर्मा सहित एमआईसी सदस्यों ने दोनो वार्ड के पार्षद सरस निर्मलकर व रेशमा सोनकर सहित आंदोलनकारियों के प्रतिनिधि मंडल के साथ चर्चा की। महापौर ने बताया कि कचरे का निष्पादन करने प्लांट लगाया जा रहा है। वार्ड में बदबू की समस्या नहीं रहेगी और कचरे में आग भी नहीं लगाई जाएगी। महापौर ने कचरे में आग लगाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिये।

साय सरकार ने दिया हजारों परिवारों को बिजली बिल हाफ योजना का लाभ : पाण्डेय

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में लागू की गई हाफ बिजली बिल योजना का लाभ पाने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा था। भाजपा सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री साय ने इस योजना को भिलाई क्षेत्र में लागू किया है, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को राहत मिली है।

प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने फेसबुक लाइव कार्यक्रम 'बात भिलाई की' के माध्यम से कहा कि 1 मार्च 2019 को तत्कालीन प्रदेश सरकार ने प्रदेश भर के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ करने की योजना लागू की थी। भिलाई इस्पात संयंत्र के उपभोक्ताओं को इसके लाभ से वंचित रखा गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री व स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा इस मुद्दे पर बीएसपी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को गुमराह किया गया।

पांडेय ने कहा कि हमने लगातार इसके लिए आवाज उठाई और न्यायालय तक लड़ाई लड़ी। बीएसपी टाउनशिप, कैंप 1, खुर्सीपार, जोन 1 से 9, हॉस्पिटल सेक्टर, रूआबांधा, रिसाली सहित पूरे क्षेत्र को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए था। इस मांग को तत्कालीन सरकार के मुखिया और उर्जा सचिव के सामने रखा गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। भाजपा सरकार से भी इस संबंध में मांग की गई जिसके बाद साय सरकार ने मांग को पूरा करते हुए लोगों को बिजली बिल से राहत देने का निर्णय लिया।

पाण्डेय ने बताया कि जनवरी 2025 में योजना के दूसरे चरण के तहत 8 करोड़ 58 लाख रुपये आवंटित किए गए। इससे 12,780 बीएसपी कर्मचारियों और 8,000 गैर बीएसपी निवासियों को लाभ मिला। इस राशि को सीधे बिजली बिल में समायोजित किया गया, जिससे उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिली। पहले चरण में भी 4 करोड़ 6 लाख रुपये आबंटित किए गए थे।

दुर्ग आरपीएफ की महिला सिपाही ने की खुदकुशी

दुर्ग/नवप्रदेश। आरपीएफ में पदस्थ महिला आरक्षक रमा ध्रुव ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों ने बताया कि युवती ने बीमारी से परेशान होकर ऐसा कदम उठाया है। मोहन नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मोहन नगर थाना प्रभारी केशव कोसले ने बताया कि महिला बिलासपुर जिले के पाली की रहने वाली है। वो आरपीएफ में महिला सिपाही के पद पर पदस्थ थी। शुक्रवार को शाम 7 बजे पुलिस को सूचना मिली कि महिला सिपाही ने दीपक नगर सड़क नंबर एक स्थित किराये के मकान में फांसी लगा ली है।

कांग्रेस नेता पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव पर युवती से शादी का झांसा देकर के आरोप लगे हैं। युवती ने पद्मनाभपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। युवती का कहना है कि 10 साल तक रिलेशन में रहने के बाद आरोपी ने युवती से शादी से इनकार कर दिया। रिलेशनशिप के दौरान युवती गर्भवती हुई तो आरोपी ने एबॉर्शन भी कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि एक युवती ने पद्मनाभपुर थाने में शारीरिक शोषण का मामला दर्ज कराया है। लड़की ने आरोप लगाया है कि साल 2015 में उसकी मुलाकात भिलाई निवासी मो. आमिर सिद्दकी (35 साल) से हुई थी। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी। आमिर ने युवती को शादी का वादा किया, लेकिन लड़की के घर वालों को ये रिश्ता मंजूर नहीं था। इसके बाद भी आमिर और युवती 10 साल तक मिलते रहे। आमिर ने समय-समय पर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए। लड़की के गर्भवती होने पर उसने शादी करने का झूठा वादा किया और एबॉर्शन करा दिया।

सीबीएसई परीक्षा में मैत्री विद्या निकेतन पाटन के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल पाटन के स्टूडेंट्स ने कक्षा 12 वीं और 10 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार उपलब्धियां हासिल की। कक्षा 12 वीं वाणिज्य विषय में विभा देवांगन ने 93.6 प्रतिशत, ईशा निर्मलकर ने 92.8 प्रतिशत, सौभाग्य वर्मा ने 92.4 प्रतिशत और ओजस्वी वर्मा ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विज्ञान संकाय में सनत कुमार पांडा ने 90 प्रतिशत, आदित्य ने 87.8 प्रतिशत, वेदिका मढरिया ने 86.8 प्रतिशत, डेविड भारद्वाज ने 86.2 प्रतिशत, मयंक कश्यप ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं।

कक्षा 10 वीं में आर्य सिन्हा ने 88 प्रतिशत, इशिका वर्मा ने 86 प्रतिशत, संजय बिनायक ने 82.4 प्रतिशत, तुषार वर्मा ने 81.6 प्रतिशत और आरवी चंद्राकर ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। मेका की अध्यक्षा राजम सुधाकरन, निदेशक डॉ. सजीथा थंबी, एस सजीव और एस साजन, प्राचार्या अम्बिली सुगाथा सहित सभी शिक्षकों और विद्यालय परिवार ने छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202504104500071
विषयः अ-6/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

सेलूद प.ह.न. 00025(95/2(0.0200 हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- गायत्री सिंह
अनावेदक पक्षकार- ललिता

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम रोलूद प.ह. नं. 25 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका गायत्री सिंह पिता राजेन्द्र सिंह निवासी साकेत कालोनी वार्ड नं. 58. भिलाई द्वारा ग्राम सेलूद पहनं 25 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खरारा नंबर 952 रकबा 0.02 हे. लगान 26.00 रूपये जिस पर मकान निर्मित है, में दर्ज भूमिस्वामी ललिता पति राजेन्द्र सिंह द्वारी आवेदिका के पक्ष में किये गये वसीयतनामा दिनांक 12.04.2012 के आधार पर वसीयत प्राप्तकर्ती आवेदिका के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आधार पर न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 29.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार पाटन (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202504104500024 /अ-6/ वर्ष 2024-25

पक्षकार धनेश कुमार साहू ग्राम कानाकोट

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम कानाकोट प.ह.नं. 28 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक धनेश कुमार साहू पिता परगनिहा साहू जाति तेली निवासी ग्राम कानाकोट द्वारा ग्राम कानाकोट प. ह.नं. 28 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि पुराना खसरा नंबर 326/6, 8, 29 रकबा कमशः 0.15, 0.069, 0.109 कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 0.328 भूमि गुहरी वल्द सरहा से दिनांक 14.06.1998 को पंजीकृत बैनामा से कय उपरांत वर्तमान खसरा नंबर 952 रकबा 0. 27 हे. भूमि को नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 26.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	ना.बा. वाणी ताम्रकार	202505100400186/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका ना.बा. वाणी ताम्रकार आ./पति श्री जयराज ताम्रकार निवासी तमेरपारा दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 38 तह. व जिला दुर्ग	368/65	0.0120 हें वर्गफीट 1250	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्रीमती मीना नेमा	202505100400187/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती मीना नेमा आ./पति श्री आलोक कुमार नेंमा निवासी आर्य नगर दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बेलौदी प.ह.न. 03 तह. व जिला दुर्ग	938/3 938/4	0.0150 हें 0.0150 हे	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार पाटन तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र /ब/121/वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम भनसूली (के) प.ह.नं. 40 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार साहू पिता गोवर्धन साहू ग्राम भनसूली (के) तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि अपने चाचा भारत साहू पिता गोवर्धन जाति तेली निवासी ग्राम भनसूली (के) तहसील पाटन जिला दुर्ग का दिनांक 29.11.1998 को स्थान ग्राम भनसूली (के) तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु हो गई है। मृत्यु तिथि का पंजीयन भूलवश नहीं कराये गये होने से स्व. भारत साहू का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 29.11. 1998 प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत आवेदन पत्र आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार आवेदक को मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 23.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका ललिता ठाकुर पिता/पति गणेश ठाकुर निवासी सिकोला बस्ती तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा हरीबाई ठाकुर पिता/पति हीरकू ठाकुर की जन्म/मृत्यु दिनांक 30.01.2018 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करनो हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.05.2025 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202505101000055/अ-6अ/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- अमित कुमार
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक अमित कुमार पिता/पति/विभाग-रमेश कुमार पता-भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका. तहसील व जिला दुर्ग की भूमि ख.न. 490/6 रकबा 0.011 है. भूमि को आवेदक द्वारा क्रय कर नामान्तरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में विक्रेता का नाम दर्ज है। आवेदक का नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है। जिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इश्तरका प्रकाशन कराई जावे। 3. हल्का पटवारी से जाच प्रतिवेदन प्राप्त किया जावे। आवेदक अमित कुमार पिता/पति/विभाग-रमेश कुमार पता-भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग की भूमि ख.न. 490/6 रकबा 0.011 हे. भूमि को आवेदक द्वारा क्रय कर नामान्तरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में विक्रेता का नाम दर्ज है। आवेदक का नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है। जिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। 1. प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। 2. इश्तरका प्रकाशन कराई जावे। 3. हल्का पटवारी से जाच प्रतिवेदन प्राप्त किया जावे। उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 29.05.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर**

न्यायालय नायब तहसीलदार जामगांव आर के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202505101700036
विषयः अ-6अ/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

जामगांव आर प.ह.न. 00050 हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- ललित कुमार साहू
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व आम जनता एंव ग्राम जामगांव आर प.ह.नं. 50 को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है आवेदक ललित कुमार साहू पिता कन्हैयालाल साहू निवासी जामगांव आर तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम जामगांव आर प.ह.नं. 50 तहसील पाटन जिला दुर्ग में स्थित अपने नाम दर्ज भूमि ख.नं. 51/1 रकबा 1.27 हे. स्वामित्व एवं कब्जे में है जो कि बंदोबस्त के पूर्व के ख.न. 34/2 का भाग है। आवेदक द्वारा वर्ष 1997-98 में मौजा ग्राम जामगांव आर स्थित ख.न. 51 रकबा 2.33 हे. की भूमि को पूर्व तत्कालिन विक्रेता व भूमि स्वामी नीलकंठ, गंगाराम वगैरह जाति सतनामी साकिन बोरवाय से खरीदकर 03 तीन भागो मे प्रथम आवेदक ललित कुमार साहू पिता कन्हैयालाल साहू ख.न. 51/1 रकबा 1.27 हे. द्वितीय झमिता देवी साहू ध.प. नागेन्द्र कुमार साहू पिता कन्हैयालाल साहू ख.न. 51/3, रकबा 0.76 हे. करे बयनामा पंजीयन विलेख अपने पक्ष में निष्पादित कराकर तत्कालीन विक्रेता व भूमि स्वामी के दिये गये। आवेदक के आवेदन पत्र वर्तमान नक्शे मे बंदोबस्त के पूर्व के ख.न.34/2 का भाग करीब 0.10 हे. भूमि वर्तमान ख.न. 51/1 मे न दर्शाकर ख.न.38/2 मे दर्शाया गया है, उस भाग के ख.न. 51 में दर्शाये नक्शे में त्रुटि सुधार करने एवं राजस्व नक्शे व अभिलेख मे दर्ज/त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख दुरुस्ती की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 04.06.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार जामगांव आर तह. पाटन**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202504104500059
विषयः अ-6अ/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

जमराव प.ह.न. 00004 हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- राजेश लुनिया, आभा लुनिया, / अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम जमराव प.ह.नं. 04 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि पटवारी हल्का नंबर 04 ग्राम जमराव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम जमराव स्थित भूमि खसरा नंबर 97 को 10 बटा नंबर में टुकड़ा हो गया है, मिसल अभिलेख में रकबा 1.70 है. एवं भुईयां अभिलेख में कुल 1.22 है. दर्ज होने से मूल रकबा से 0.48 है. कम है। खसरा नंबर 97/2 का ऑनलाईन अभिलेख में 0.02 हे. दर्ज है। खसरा नंबर 97/2 से रकबा 0.27 है. विक्रेता गोपाल सोनकर पिता रामचंद सोनकर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 29.03.2015 के अनुसार क्रेता राजेश लुनिया पिता कंवरलाल जी लुनिया अन्दु । द्वारा भूमि क्रय किया गया है, जो भुईयां अभिलेख में क्रेता के नाम से दर्ज नहीं है। प्रतिवेदन के साथ मिसल अभिलेख, खसरा पांचसाला, पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 29.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार पाटन (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202504104500043
विषयः अ-6अ/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

जमराव प.ह.न. 00004 हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- संजय गोलेछा
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम जमराव प.ह.नं. 4 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक संजय गोलेछा पिता रमन लाल निवासी ग्राम भाठागांव द्वारा ग्राम जमराव प.ह.नं. 4 रा.नि.मं. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित विक्रेता पल्लवी कृष्ण कुमार तिवारी वगैरह के नाम दर्ज भूमि खसरा नंबर 220/2 रकबा 0.9775 है. को पंजीकृत बैनामा से दिनांक 19.03.2023 को क्रय उपरांत राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति, ऋण पुस्तिका क्रमांक पी-3165435 की छायाप्रति सहित प्रस्तुत आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 29.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार पाटन (छ.ग.)**

न्यूज गैलरी

नवीन महाविद्यालय इसी सत्र से संचालित होगा

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद विधानसभा के ग्राम पंचायत सिर्री में नवीन महाविद्यालय के स्वीकृति के पश्चात नवीन महाविद्यालय के इसी सत्र से संचालन हेतु 34 विभिन्न पदों की स्वीकृति हेतु कुरूद विधानसभा क्षेत्र के जननायक, सब के मार्गदर्शक अजय चंद्राकर विधायक कुरूद पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन का आभार व धन्यवाद ज्ञापित करने सिर्री मंडल के पदाधिकारी व जन प्रतिनिधि विधायक निवास कुरूद पहुंच कर पुष्प गुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किए ।जिसमें गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, भानु चंद्राकर सिर्री मंडल प्रभारी ,पुष्पेंद्र साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष ,डॉ लोकेश साहू मंडल अध्यक्ष, गौरव भोसले महामंत्री, थानेश्वर तारक महामंत्रीतथा भाजपा के वरिष्ठजन घनश्याम साहू, गुल्फी राम साहू,सीतेश्वर सिन्हा , शालिक राम साहू, देवेंद्र साहू, कामता प्रसाद साहू, टकेश्वर चंद्राकर, विश्राम सिंहा ,उत्पल घेवरिया, टीकाराम, योगेश साहू, नारायण साहू ,रमेश भतपहरी , एविश वर्मा, डॉ दुलार सिंह, जन प्रतिनिधि सुनील गायकवाड, रूपचंद देवांगन, त्रिलोचन साहू, पूरन लालधीतलहरे जय मित्र साहू, योगेंद्र साहू आदि की उपस्थिति रही।

सांसद ने पुल व पोंडी बायपास सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने पोंडी-मुंगेली राष्ट्रीय राजमार्ग अंतर्गत पांडातराई के पास फोंक नदी में निर्माणाधीन पुल व पोंडी बायपास सड़क निर्माण का निरीक्षण किया। सांसद संतोष पांडेय के प्रयास से केंद्र सरकार ने पोंडी से मुंगेली तक टू लेन सड़क व चार बायपास सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी। इसके तहत निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अंतर्गत पोंडी, पंडरिया, मुंगेली व तखतपुर में बायपास सड़क का निर्माण हो रहा है। वहीं पांडातराई व पंडरिया के पास नदी में बड़े पुल का निर्माण किया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य पूरा हो जाने से आवागमन बेहतर हो जाएगा। राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। सांसद पांडेय ने उक्त निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

युक्तियुक्तकरण के नए नियम को जन विरोधी निर्णय: डॉ. रश्मि

महासमुंद/नवप्रदेश। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भाजपा की विष्णु देव साय सरकार से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सवाल पूछते हुए कहा कि भाजपा की विष्णु देव साय सरकार की प्राथमिकता क्या हैं शराब या शिक्षा आखिर किस ओर जा रहे हमारा छत्तीसगढ़ राज्य सरकार आखिर कर क्या रहा हैं बच्चों के भविष्य से सीधा सीधा खिलवाड़ है ये , शराब को बढ़ावा देकर भी आप लोगों के भविष्य से खेल रहे हैं ,क्या यही सुशासन है आपका एक ओर 67 शराब दुकान खोल दिए और हर गांव में अवैध शराब बिक्री जोरों पर है महुआ शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने बावजूद खुला सरक्षण दिया जा रहा हैं जबकि नये सेटअप के तहत शिक्षकों की न्यूनतम संख्या में कटौती और युक्तियुक्तकरण के नए नियम को जन विरोधी निर्णय करार देते हुए महासमुंद जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षड्यंत्र रचा है, जिससे छत्तीसगढ़ के हजारों स्कूल बंद हो जाएंगे, साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम वर्ग परिवार के पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा। स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्वीपर और मध्यान भोजन बनाने वाली महिला स्वसहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो जाएगा। नए सेटअप के तहत सभी स्तर प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलो में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे।

पूर्व छात्र के रूप में विधायक ने बच्चों से साझा किए अनुभव

समर कैंप में खेल-खेल में सीखने का संदेश,टीवी-मोबाइल से दूर रह शारीरिक विकास पर जोर

महासमुंद/नवप्रदेश। पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला, महासमुंद में आयोजित समर कैंप 2025 में आज का दिन खास रहा, जब कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति ने समर कैंप को नई ऊंचाई दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नगरपालिका परिषद महासमुंद अध्यक्ष निखिलकान्त साहू, जिला स्काउट गाइड अध्यक्ष ऐतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद हरबंश भाई, रिंकू चन्द्राकर, पप्पू ठाकुर, पूर्व पार्षद विष्णु चन्द्राकर समेत अनेक वार्डों के पार्षद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।अपने पुराने विद्यालय में लौटे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विद्यालय को ऐतिहासिक बताते हुए इसे नगर की सबसे पुरानी शिक्षा संस्था करार दिया। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय से कई छात्र गणमान्य नागरिक बनकर निकले हैं, और आज अच्छे मुकाम पर है। वास्तव में आज के छात्र ही कल के भविष्य हैं। उन्होंने छात्रों से स्कूल की गरिमा के अनुरूप उत्कृष्ट चरित्र निर्माण का आह्वान किया तथा समर कैंप में अधिकाधिक बच्चों को भाग लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने यह आश्वासन भी दिया कि स्कूल में किसी भी प्रकार के भौतिक संसाधनों की कमी नहीं होने दी जाएगी।

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकान्त साहू ने बच्चों को समर कैंप की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जुम्बा डांस, योग एवं अन्य गतिविधियों से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, जो आज के डिजिटल युग में बहुत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट भी वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम को ऐतराम साहू, देवीचंद राठी, समग्र शिक्षा जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा एवं सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा ने भी संबोधित किया। प्रधानपाठक श्रीमती गोमती साहू ने समर कैंप में संचालित गतिविधियों-नृत्य, संगीत, म्यूजिक, आर्ट, क्राफ्ट, ड्राइंग आदिकी जानकारी दी। कक्षा तीसरी के विद्यार्थी खुशाल साहू ने ÷राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी÷ गीत पर हारमोनियम वादन कर सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकगायक एवं प्राचार्य सुरेन्द्र मानिकपुरी द्वारा संगीत व गीत तथा उपप्राचार्य श्रीमती भावना गांधी द्वारा नृत्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है।यह समर कैंप 23 मई तक जारी रहेगा ।इस विशेष अवसर पर बीईओ लीलाधर सिन्हा, सीएसी सुरेंद्र चंद्राकर, शिक्षकगण, पालकगण एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव शहर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी राजनांदगांव नगर निगम महापौर मधुसूदन यादव जी नीलू शर्मा जी सौरभ कोठारी जी शिव वर्मा जी अजीत जैन जी एवं शहर के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और तिरंगे झंडे को हाथों में लेकर देशभक्ति का प्रदर्शन किया।

तिरंगा यात्रा का उद्देश्य

तिरंगा यात्रा का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाना और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना था। इस यात्रा में शामिल लोगों ने देश के प्रति अपनी एकता और अखंडता का प्रदर्शन किया।

यात्रा का मार्ग

तिरंगा यात्रा राजनांदगांव शहर के प्रमुख मार्गों नगर निगम से गायत्री मंदिर चौक होते हुए भारत माता चौक महाकाल चौक मानव मंदिर चौक से जय स्तंभ चौक से गुजरी और लोगों ने इसका स्वागत किया। यात्रा के दौरान लोगों ने तिरंगे झंडे को हाथों में लेकर देशभक्ति के नारे लगाए।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता : ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के अवसर पर निकाली गई तिरंगा यात्रा ने शहर के लोगों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा दिया। इस यात्रा ने शहर के लोगों को एकजुट करने और देश के प्रति उनकी एकता और अखंडता का प्रदर्शन करने में मदद की। राजनांदगांव शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा दिया। इस यात्रा ने शहर के लोगों को एकजुट करने और देश के प्रति उनकी एकता और अखंडता का प्रदर्शन करने में मदद की।

भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा

कुरूद/नवप्रदेश। पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और शौर्य के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। इसी कड़ी में शनिवार को नगर पंचायत कुरूद में भी यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में तिरंगा झंडा फहरा नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने कहा कि तिरंगा यात्रा हमारे देश के स्वाभिमान के प्रतीक है। आज 17 मई को पुरे छत्तीसगढ के हर गांव शहर मे ऑपरेशन सिंदूर के सफल अभियान पर सेना के शौर्य गाथा को लिखने के लिए नगर पंचायत कुरूद द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, नगर के गणमान्य नागरिकों, शासकीय सेवकों द्वारा नगर पंचायत कार्यालय से कारगिल चौक और नया बाज़ार, पुराना बाज़ार भ्रमण कर पुनःनगर पंचायत परिसर में समापन किया गया। तिरंगा यात्रा में भाजपा कॉन्ग्रेस वाला रवैया क्यों? ऑपरेशन सिंदूर जैसे भारतीय सेना के सम्मानपूर्ण योगदान के लिए नगर पंचायत कुरूद द्वारा आयोजित यह तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत के दो दो पदाधिकारी नप उपाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष की अनुपस्थिति को लेकर शहर भर में कई तरह की बाते होती रही।

भाटापारा में हुआ तिरंगा यात्रा का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण को सम्मान देने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन विशेष रूप से सेना द्वारा संपन्न ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को समर्पित रहा, जिसने सम्पूर्ण राष्ट्र को गौरवान्वित किया है।

इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने किया । यात्रा नगर पालिका कार्यालय से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक तक पूरे उल्लास एवं गौरव के साथ सम्पन्न हुई। राष्ट्रभक्ति के नारों, लहराते तिरंगों और नागरिकों के जोशीले उत्साह ने सम्पूर्ण वातावरण को देशप्रेम से अभिभूत कर दिया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय सेना के अद्वितीय साहस और बलिदान ने हमें यह आज़ादी और सुरक्षा का वातावरण प्रदान किया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी सफलताएँ हम सभी को गर्व से भर देती हैं। यह तिरंगा यात्रा हमारे उन वीर जवानों के प्रति आभार और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। यह आयोजन न केवल नगर भाटापारा में देशभक्ति की भावना को पुनर्जीवित करने वाला सिद्ध हुआ, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए प्रेरित करता रहेगा।

इस दौरान नगर के पूर्व सैनिक, पार्षदगण, अधिकारीगण, समाजसेवी, महिला मंडल, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। सभी की सक्रिय भागीदारी ने यह संदेश दिया कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता, सम्मान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। यात्रा का प्रमुख उद्देश्य देश के रक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करना, युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना तथा सामाजिक एकता, अखंडता और सजग नागरिकता को प्रोत्साहित करना रहा। यात्रा के समापन अवसर पर उपस्थितजनों ने एक स्वर में भारतीय सेना को नमन करते हुए तिरंगे को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

कालेज छात्रा का अपहरण,जबरन शादी ने प्रदेश की कानून पर सवाल खड़े कर दिए : छन्नीसाहू

छुरिया/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले के भेजरा टोला गांव की एक कॉलेज छात्रा के साथ दिनदहाड़े हुई अपहरण और जबरन विवाह की घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के गृह जिले से महज 25 किलोमीटर दूर हुई इस घटना ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पीड़ित बालिका, जो कॉलेज में अध्यापन भी करती है, का आरोप है कि तीन युवकों ने मुख्य सड़क से उसका अपहरण कर लिया और पूरी रात उसे एक सुनसान जगह पर बंधक बनाकर रखा। पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने जबरन उसकी मांग में सिंदूर भरा और गले में माला डाली। दहशत में आई बालिका विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर वह अपने मामा के गांव अंडा पहुंची और परिजनों को अपनी आपबीती सुनाई।

इसके बाद, पीड़िता डोंगरगांव थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई। यह उल्लेखनीय है कि रिपोर्ट तब दर्ज हो पाई जब खुज्जी विधानसभा की पूर्व विधायक छन्नी साहू को घटना की जानकारी मिली। उन्होंने तत्काल डोंगरगांव थाने और फिर राजनांदगांव महिला थाने पहुंचकर पीड़िता और उसके परिवार के साथ बयान दर्ज कराया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। रिपोर्ट दर्ज होने के कई घंटों बाद भी पुलिस आरोपियों का पता नहीं लगा पाई, जिससे प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। इस गंभीर घटना पर राजनांदगांव जिले के विपक्षी और सत्ताधारी दल के किसी भी जनप्रतिनिधि ने पीड़िता और उसके परिवार से मिलकर सहानुभूति जताना भी उचित नहीं समझा।

वहीं, खुज्जी विधानसभा की पूर्व विधायक छन्नी साहू घटना के बाद से लगातार पीड़िता के साथ खड़ी हैं और शासन-प्रशासन से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रही हैं। सूत्रों की मानें तो यदि 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो वे कल पुलिस अधीक्षक कार्यालय, राजनांदगांव के सामने धरने पर बैठेंगी। प्रभावी समाज कानून के दृष्टिकोण से यह घटना कई गंभीर सामाजिक और कानूनी मुद्दों को उजागर करती है।

महिलाओं की सुरक्षा

दिनदहाड़े एक युवती का अपहरण और उसके साथ जबरदस्ती की घटना महिलाओं की सुरक्षा के प्रति एक बड़ा खतरा है। समाज और कानून दोनों को यह सुनिश्चित करना होगा कि महिलाएं सुरक्षित महसूस करें और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

जबरन विवाह की रोकथाम

जबरन विवाह एक गंभीर अपराध है जो व्यक्ति की स्वतंत्रता और गरिमा का उल्लंघन करता है। इस मामले में, पीड़िता के साथ जो हुआ वह न केवल गैरकानूनी है बल्कि अमानवीय भी है।

नगर पंचायत भटगांव में भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली

भटगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव में तिरंगा यात्रा निकाला गया हिंदुस्तान के पहलगाम में पाकिस्तान के द्वारा किए गए कायराना आतंकी हमले के जवाबी कार्यवाही के रूप में चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 13 मई से 23 मई तक तिरंगा पद यात्रा निकाला जा रहा है और इसी कड़ी में आज नगर पंचायत भटगांव में भी भाजपा संगठन के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया ।

भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के विरुद्ध की गई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए नगर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा पुराना हटरी से प्रारंभ हुआ जहां पाकिस्तान मुर्दाबाद ,व जय जवान जय किसान के नारे के साथ नया हटरी साईं मंदिर होते हुए गायत्री मंदिर से बस स्टैंड पहुंचे जहां भारत माता की जय के नारे लगे व देश के सेनाओं का पराक्रम को सलाम किया । इस तिरंगा यात्रा में भारतीय जनता पार्टी दिनेश जांगड़े, भटगांव मंडल अध्यक्ष धीरज दीक्षित नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष टाइगर कुर्रे, पार्षद महादेवा यादव, पार्षद मनोहर टंडन ,पार्षद संतोष कुमार, पार्षद रामकुमार सिदार, तुलसी आदित्य, सुमंत सोनी, रामा पटेल, संतोष यादव, भीमेश्वर आदित्य, सहित भाजपा के समस्त कार्यकर्ता के साथ साथ नगर पंचायत अधिकारी भुपेश सिंह व शरद देवांगन,लक्ष्मण पटेल सफाई दारोगा सत्येन्द्र सिंह बिसेन, रेखा साहु, गायत्री दुबे, सरला यादव रिजवाना खान,राकेश,राजेश, शशीपाल सिंह, भुपेंद्र देवांगन ,स्वच्छता दीदी साथ में उपस्थित रहें। पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने बताया पहलगाम हमले के बाद जवाबी कार्रवाई के तहत चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के स्वाभिमान सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकल गया है ।

पेज 1 का शेष

सैनिकों की बहादुरी को ...

सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम पीएम मोदी और हमारे देश के सैनिकों को सलाम करते हैं, उनकी बहादुरी, अदम्य साहस को सलाम करते हैं। आज इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम सबने यह बताया कि हम सब राष्ट्र की सुरक्षा के लिए एकजुट हैं।

20 नक्सली गिरफ्तार...

नक्सलियों के खिलाफ बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया था. इस दौरान जवानों ने 31 नक्सलियों को ढेर किया है. वहीं सुरक्षा बल के कुछ जवान शहीद हुए और कुछ भी घायल हुए हैं।

यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा...

बाद पुलिस को अब पांच दिन का समय मिला है ताकि वो ज्योति मल्होत्रा से इस मुलाकात और बातचीत की गहराई से पूछताछ कर सके।

पाकिस्तानी इंटेलीजेंस अधिकारियों से भी मिली

ज्योति ने बताया कि पाकिस्तान में अहसान उर रहीम के कहने पर उनके जानकार अली अहवान से मिली। अली अहवान ने उसके घूमने फिरने और रहने का प्रबंध किया। अली अहवान ने पाकिस्तानी इंटेलीजेंस तथा सिक्योरिटी के अधिकारियों से उसकी मुलाकात कराई।

पाक का कबूलनामा ...

पाकिस्तान को कितने नुकसानों की बात सामने आ चुकी है? कैसे एक के बाद एक पाकिस्तान सरकार, उसकी सेना और नागरिकों ने तबाही को लेकर खुद खुलासे किए हैं? भारत को लेकर उसने खुद कौन से दावों को झूठा करार दिया? इसके अलावा कैसे पाकिस्तान के मंत्री ने खुद आतंकवाद को पनाहगाह होना कबूल किया? आइये जानते हैं...

अवाक्स एयरक्राफ्ट को ...

हमले में एयरबेस को नुकसान पहुंचा है और कुछ लोगों की जान भी गई है। पूर्व एयर मार्शल मसूद अख्तर का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

90 मीटर का आंकड़ा पार...

नतीजा है। नीरज ने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर भाला फेंका और आखिरकार 90 मीटर की सीमा को पार कर लिया। हालांकि, उन्हें दूसरे स्थान पर रहना पड़ा। जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91 मीटर दूर भाला फेंका और पहला स्थान हासिल किया।

नीरज और वेबर के बीच दिखी टक्कर

27 वर्षीय दोहरे ओलंपिक पदक विजेता ने अपने तीसरे प्रयास में अपना भाला 90.23 मीटर तक फेंका, जबकि वेबर ने अपने आखिरी प्रयास में 91.06 मीटर का थ्रो फेंका। उनके मौजूदा कोच चेक गणराज्य के यान जेलेज्नी 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंकने वाले भालाफेंक खिलाड़ियों में शीर्ष पर हैं। टोक्यो ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा 90 मीटर पार करने वाले दुनिया के 25वें और एशिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए। ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम (92.97 मीटर) और चीनी ताइपै के चाओ सुन चेंग (91.36) ही एशिया के दो अन्य खिलाड़ी हैं जो 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंक चुके हैं।

आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को ...

को लेकर जाएंगे। राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का यह एक शक्तिशाली प्रतिबिंब है। विभिन्न दलों के संसद सदस्य, प्रमुख राजनीतिक हस्तियां और प्रतिष्ठित राजनयिक प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को प्रदर्शित करेगा। वे आतंकवाद के खिलाफशून्य-सहिष्णुता के देश के मजबूत संदेश को दुनिया के सामने रखेंगे।

पूर्व मंत्री कवासी लखमा...

ढेबर को शराब घोटाला का मास्टरमाइंड बताया गया है। एफआईआर में शामिल बाकी आईएएस और अन्य सरकारी ऑफिसर और लोग सहयोग किये थे। शराब घोटाला से होने वाली आमदनी का एक बड़ा हिस्सा इन्हीं तीनों को जाता था। टुटेजा आईएएस ऑफिसर हैं, जब घोटाला हुआ तब वे वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव थे। दूरसंचार सेवा से प्रतिनियुक्ति पर आए त्रिपाठी आबकारी विभाग के विशेष सचिव और छत्तीसगढ़ मार्केटिंग कॉर्पोरेशन के एमडी थे। वहीं अनवर ढेबर रायपुर के मेयर एजाज ढेबर के बड़े भाई और शराब कारोबारी है।

कवासी लखमा को हर महीने मिलते थे दो करोड़ रुपये - शराब घोटाले केस की जांच में ईडी ने अब तक कई खुलासे किए हैं। ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने कवासी की पहली पेशी पर दावा करते हुए कहा था लखमा को हर महीने दो करोड़ रुपये कमीशन के तौर पर मिलते थे। उन्हीं पैसों से उन्होंने कांग्रेस भवन और अपना अलीशान घर बनवाया है। 36 महीने में प्रोसीड ऑफ क्राइम 72 करोड़ रुपए का है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.20931 दिनांक 17.05.2025
वार्ड का नाम-19- डा. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR803C0232A जो कि निगम अभिलेख में श्री/ श्रीमती Jagmohan Verma पिता/पति श्री/श्रीमती Ramlal Verma के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Ishwar Ram Sahu पिता/पति श्री/श्रीमती LT. SUHIL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा व शपथ पत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.

श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.20933 दिनांक 17.05.2025
वार्ड का नाम-19- डा. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802A00454 जो कि निगम अभिलेख में श्री/ श्रीमती Gopi Pal पिता/पति श्री/श्रीमती Dujram Pal के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Laxmi Verma पिता/पति श्री/श्रीमती Rajeshwar Verma ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.

श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.20901 दिनांक 15.05.2025
वार्ड का नाम-19- डा. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802A00018 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती Himanshu Jena पिता/पति श्री/श्रीमती Purushottam Jena के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Basanti Sethi पिता/पति श्री/श्रीमती Mannu Sethi ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.

श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

सरसींवा की अदिति अग्रवाल ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा में हासिल किए 94% अंक, किया नाम रोशन

सरसींवा / नवप्रदेश। सरसींवा निवासी अदिति अग्रवाल, जो अशोका पब्लिक स्कूल सारंगढ़ की छात्रा हैं, ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (ष्टक्चस्श्व) की 10वीं कक्षा की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र में गौरव का नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

अदिति शुरू से ही एक मेधावी छात्रा रही हैं। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न सिर्फ उनके परिवार का, बल्कि समूचे समाज, विद्यालय और क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है।

अदिति अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल की सुपुत्री एवं कपूर अग्रवाल जी की सुपौत्री हैं। उनकी यह ऐतिहासिक सफलता युवा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर अदिति के परिवारजनों, विद्यालय प्रबंधन, समाज के वरिष्ठजनों एवं समस्त क्षेत्रवासियों ने उन्हें हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। सभी ने अदिति के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी निरंतर प्रगति की शुभेच्छा व्यक्त की है।

प्रतिबंधित दवाइयां बिना पर्ची के न बेचने की हिदायत

धमतरी/नवप्रदेश। जिला औषधि विक्रेता संघ धमतरी के तत्वाधान में भखारा अपजोन रॉवा के पटेल भवन में खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा एच 1 एनआरएक्स के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिले के एडीसी संजय राजपूत द्वारा उपस्थित केमिस्ट साथियों को हिदायत दी गई कि प्रतिबंधित दवाइयो का बिना पर्ची के विक्रय नहीं करना है , क्रय विक्रय का रिकॉर्ड रखें। सभी दुकानों में सीसी कैमरा लगाना अनिवार्य है। औषधि का संधारण साफ सुथरी रखें । फूड एवं मेडिसिन का डिस्प्ले सामने ना करें । ड्रग इंस्पेक्टर सुमित देवांगन ने कहा की सभी केमिस्ट नारकोटिक दवाइयो का रिकॉर्ड रखें । जो पर्ची लेकर आते हैँ उन्हे जितने दिन की दवा लिखी हो उतनी ही दें पुरानी पर्ची पर कस्टमर को दवाई ना दें उन्हें डॉक्टर से मिलने की सलाह दें। ड्रग इंस्पेक्टर संदीप सूर्यवंशी ने कहा जीवन रक्षक दवाइयों का सही उपयोग हो एवं जरूरतमंद को दवाई समय पर उपलब्ध करे।ड्रग इंस्पेक्टर लोकेश साहू लेखपाल संपत पैकरा विभाग से उपस्थित रहे। संघ के अध्यक्ष राजेश साहू ने कहा अच्छे और स्वस्थ समाज के निर्माण में केमिस्ट साथियों की भूमिका अहम होती है । वह अपने विवेक से आदतन नशेड़ी व्यक्तियों को एनआरएक्स की दवाई ना बेचे । अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षित करके ग्राहकों की सेवा को बेहतर करें।

इस अवसर पर संघ के सतराम वासानी , नीरज किरण, मनीष चंद्राकर, मनोज साहू ,नागेंद्र साहू ,रूपेंद्र साहू, गोविंद गांधी, राकेश साहू, घणाराम साहू, विवेक साहू, धर्मेंद्र केसरवानी, तिलक गजेंद्र ,टिकेश्वर सिंहा हरीश साहू ,डगेश्वर साहू, उमाशंकर साहू ,योगेश साहू, कैलाश चंद्राकर, संतोष साहू, शैलेंद्र साहू , भीखम सिंह साहू, घनश्याम प्रसाद, तुलसीराम साहू खिलेश साहू, धोलेश्वर ध्रुवंशी, महेंद्र , संजय , परमेश्वर, झरेंद्र,कौशल प्रसाद, फलेंद्र वर्मा चूड़ामणि, नाकेश साहू विनय , भूपेश भावेश , रूपेश, कमल आदि उपस्थित रहे।

गांवों से लेकर शहर तक सभी वर्गों की रही भागीदारी
देशभक्ति और सेना के सम्मान में निकाली तरंगा यात्रा

महासमुंद/नवप्रदेश। ऑपरेशन सिंदूर'अभियान के अंतर्गत देशभक्ति और सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा की शुरूआत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों से आयोजित की गई, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक मार्च किया। इस दौरान बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी पूरे जोश और उत्साह के साथ इस यात्रा का हिस्सा बने। यात्रा में 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' के नारों से सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा।

बता दें कि भव्य तिरंगा यात्रा के आयोजन का उद्देश्य भारत की एकता, अखंडता और देश की सुरक्षा में तैनात भारतीय सेना के प्रति आभार प्रकट करना था। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद ने आज सुबह 8 बजे तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यात्रा नगर पालिका से नेहरू चौक, अंबेडकर चौक गांधी चौक होते हुए हाईस्कूल मैदान पहुंची। यात्रा सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा,पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर,पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, श्रीमती सरला कोसरिया,भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, प्रदीप चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पंचायत एवं नगरीय निकायों के प्रतिनिधि, अधिकारी, नागरिक, बच्चे व जवान बड़ी संख्या में शामिल हुए और देश के प्रति अपनी एकजुटता और सम्मान प्रकट किया।

देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को सशक्त बनाने का प्रतीक : तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए सांसद एवं विधायक ने कहा कि यह यात्रा न केवल तिरंगे के प्रति सम्मान है, बल्कि यह हमारे शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। यह अभियान देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को सशक्त बनाने का प्रतीक है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत पूरे जिले में एक साथ तिरंगा यात्रा आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करना, समाज को जागरूक करना तथा जनसहभागिता के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है। नागरिकों ने अनुशासन और उत्साह के साथ सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

तिरंगे के संरक्षण, संवर्धन व सम्मान की शपथ

यात्रा के समापन पर सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। आयोजन के अंत में जनप्रतिनिधियों ने तिरंगे के संरक्षण, संवर्धन एवं सम्मान की शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफभारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सराहना हर देशवासी कर रहा है। भारतीय सेना द्वारा देश की रक्षा के लिए अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश की सीमाओं की रक्षा अत्यन्त वीरता के साथ की जा रही है।

पुरातत्व नगरी में भी निकली यात्रा : ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सिरपुर में आज भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में कलेक्टर विनय लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस. आलोक सहित भ्रमण दल के 5 सदस्य शामिल हुए।

समाधान शिविर में छाया रहा अवैध शराब का मुद्दा

- जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एवं नहर में पानी की मांग
- समाधान शिविर में नागरिकों को मिल रहा सभी विभाग का लाभ

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। नगर पंचायत पवनी परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। सभी विभागों ने स्टाल लगाए गए थे। शिविर में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष कुलदीपक साहू, उपाध्यक्ष नंदकुमार साहू, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष द्वारिका साहू, मंडल अध्यक्ष मानसाय साहू,नरेंद्र साहू,विधायक प्रतिनिधि इंदू पड़वार,बिलाईगढ़ के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामनारायण देवांगन, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि टीकाराम जायसवाल,बिलाईगढ़ मंडल अध्यक्ष राधा राकेश सहित सभी पार्षद एवं एसडीएम डॉ वर्षा बंसल,तहसीलदार कमलेश सिदार, सीएमओ मजीद खान की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिविर में नगर पवनी में बिक रहे अवैध महुआ शराब व नशीली दवाई का मुद्दा छाया रहा जिसमे आबकारी विभाग को मंच से सफाई देनी पड़ी विदित हो कि परिषद की प्रथम बैठक में ही अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवम पार्षदों ने नगर में शराब को पूर्णतः बंद करने का संकल्प लिया था लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं हुई बल्कि और बढ़ गई है, राजकुमार साहू ने इस पर पहल करते हुये इस पर तत्काल कार्यवाही करने की मांग की है।दूसरी ओर इंदु पड़वार ने पवनी में स्वीकृत हुये जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जो अभी तक नहीं खुला है उसे जल्द खुलवाने के लिये एस डी एम से निवेदन किया ज्ञात हो कि सैकड़ों किसानों के साथ इंदू पड़वार ने पवनी से एस डी एम आफिस बिलाईगढ़ तक पैदल यात्रा किया था।शिविर में हितग्राहियों को, राशन कार्ड, प्रमाण पत्र, कृषि सामग्री, पौधे, श्रम कार्ड का वितरण किया गया, वहीं महिला बाल विकास विभाग द्वारा अन्न प्रासन्न एवं गोद भराई किया गया। सभी विभागों ने प्राप्त आवेदनों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आज कुल 300 आवेदन प्राप्त हुये जिनको परीक्षण कर समाधान किया जायेगा।

न्यूज गैलरी

सेना के जवाबी कार्रवाई के समर्थन में तिरंगा यात्रा

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। भारतीय सेना के समर्थन में गंडई नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नगर के हृदय स्थल तिरंगा चौक से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए गंगई मंदिर, बस स्टैंड होते हुए तिरंगा चौक में समाप्त हुई। यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में आयोजित की गई। कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 26 भारतीय नागरिकों की हत्या की थी। इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। सेना ने इस ऑपरेशन में आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। साथ ही पाकिस्तान के कई बेस को भी तबाह कर दिया। यह ऑपरेशन अभी स्थगित है, समाप्त नहीं हुआ है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस यात्रा के दौरान सेना के प्रति समर्थन जताया। कार्यक्रम में शामिल राकेश ठाकुर ने कहा कि पूरा देश सेना के साथ खड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर हर नागरिक सीमा पर सेना का साथ देने के लिए तैयार है।

दो व्यक्ति से अंग्रेजी शराब बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो लोगों से अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने 15 मई को रानीसागर पारा पिथौरा निवासी मनीष धरड़े (44) के कब्जे से यूनिक लिखा हुआ 07 नग देशी शराब, 5 नग अंग्रेजी जम्मू शराब, 03 नग हंटर बीयर कुल कीमत 1,760/ रुपए जब्त किया है। इसी तरह वार्ड 10 महल पारा पिथौरा निवासी मूलचंद सिन्हा (48) से 18 नग देशी शराब कीमत 1440 रुपए जब्त कर धारा 34(1) ए आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

अनुमति के बिना मुख्यालय से अनुपस्थित रहने पर पटवारी निलंबित

कसडोल/नवप्रदेश। बिना सूचना एवं पूर्व अनुमति के कार्य एवं मुख्यालय से अनुपस्थित रहने वाले पटवारी को निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क़ानूगो शाखा तहसील कसडोल में संलग्न पटवारी दीपकदास 1 अप्रैल 2025 से बिना सूचना एवं अनुमति के लगातार अपने कार्य एवं मुख्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण छतीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के अनुसार एसडीएम कसडोल द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय कसडोल नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

बायोफर्टिलाइजर संयंत्र का निगम अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर ने बीज निगम द्वारा छोटे उरला अभनपुर में संचालित बायोफर्टिलाइजर संयंत्र पहुंचकर संयंत्र द्वारा उत्पादित किए जाने वाले लिक्विड बायोफर्टिलाइजर के उत्पादन प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

इस दौरान बीज उपार्जन के लिए पंजीकृत आसपास ग्रामों के 100 से अधिक किसान भी उपस्थित थे। उन्होंने बीज की गुणवत्ता को लेकर किसानों व संयंत्र के अधिकारियों से चर्चा की। बायोफर्टिलाइजर प्लांट की कार्य प्रणाली के बारे में उन्होंने संयंत्र प्रभारी एवं सहायक सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक से विस्तारपूर्वक चर्चा की। चंद्राकर भी एक किसान हैं, वे बायोफर्टिलाइजर के प्रयोग से फसलों के उत्पादन एवं गुणवत्ता में वृद्धि से पूर्णतः परिचित हैं। बायोफर्टिलाइजर के प्रयोग से कृषि के क्षेत्र में रासायनिक उर्वरकों पर से निर्भरता खत्म की जा सकती है, साथ ही रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभाव से भी बचा जा सकता है। इस दिशा में विशेष कार्य किये जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए खुले बाजार में लिक्विड बायोफर्टिलाइजर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विक्रय-व्यवस्था की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने रेडी-टू-इट निर्माण प्रक्रिया भी देखी। तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बायोफर्टिलाइजर संयंत्र भ्रमण के दौरान निगम अध्यक्ष के साथ देवेंद्र चंद्राकर, नंदू जलक्षत्री व कृषक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

खरबना कला से अवैध 70 पौवा देशी शराब जब्त

- आरोपी गिरफ्तार, आबकारी अधिनियम के तहत हो रही कार्यवाही

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले से लगातार अवैध नशीले पदार्थ की ब्रिकी का मामला निकल कर सामने आ रहा है । कार्यवाही के बाद भी इस पर पूरी तरह से रोक नहीं लग पा रहा है । कुछ दिन पहले जहा देशी महुआ शराब को लेकर इसी क्षेत्र के अंतर्गत कार्यवाही की गई थी वहीं फिर से देशी अवैध शराब का एक और मामला सामने आया है । ज्ञात हो कि दिनांक 16 मई को प्रधान आरक्षक जय हिंद चौबे को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खैरबना कला में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से देशी शराब विक्रय की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी गई।

आरोपी राजू साहू पिता भादू साहू, उम्र 33 वर्ष, निवासी खैरबना कला को मौके से पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 70 पौवा देशी प्लेन शराब (कुल 12.600 लीटर) एवं ?360 नगद जब्त किया गया। आरोपी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया।

इस संपूर्ण कार्रवाई में प्रधान आरक्षक चंद्रकुमार साहू, आरक्षक धन्नू दिवाकर, आरक्षक धर्मेंद्र मरावी, आरक्षक संतोष बांधेकर सहित की विशेष व सक्रिय भूमिका रही, जिनकी तत्परता व सजगता के कारण कार्रवाई सफल रही।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने दो टूक कहा : अवैध कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

शादी नहीं करने के विवाद पर बड़े भाई को उतारा मौत के घाट, आरोपी भाई फरार

खैरागढ़/नवप्रदेश। शादी नही होने के विवाद पर छोटे भाई ने बड़े भाई की लाठी से पीठ कर निर्मम हत्या कर दी ।घटना ब्लाक के जालबांधा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेंगाकठेरा गांव का है । शुक्रवार रात को खाना खाने के दौरान बड़े भाई प्रदीप मंडावी और छोटे भाई राकेश मंडावी के बीच आरोपी राकेश की शादी नही करने को लेकर मामूली विवाद हो गया । खाना खाने के बाद हालंकि विवाद शांत हो गया । लेकिन विवाद को लेकर गुस्से मे बैठा छोटा भाई राकेश बड़े भाई प्रदीप के गांव मे टहलने निकलने के दौरान मोटा लठ लेकर मारने निकल गया । टहलने के दौरान ही आरोपी राकेश ने बड़े भाई पर पीछे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया । जिससे मौके पर लहूलूहान होकर गिरे प्रदीप की गंभीर चोंट लगने के चलते मौत हो गई । आसपास मौजूद लोगो ने परिजनो को सूचना देकर इसकी जानकारी जालबांधा पुलिस को दी । मौके पर पहुँची जालबांधा पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा । बताया गया कि आरोपी राकेश खुद का विवाह नही होने के चलते बड़े भाई से नाराज चल रहा था । इसको लेकर दोनो के बीच कई बार विवाद हो चुका था । बड़े भाई पर ताबड़तोड़ हमला करने के बाद आरोपी राकेश मौके से फरार हो गया । जालबांधा पुलिस मर्ग कायम कर आरोपी राकेश मंडावी 30 वर्ष की तलाश मे जूटी है ।

अजा विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 1 जून को

महासमुंद/नवप्रदेश। अनुसूचित जाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा एसएचआरई एसएचटीए (स्कीम ऑफ रेजिडेंशियल एजुकेशन फॉर स्टूडेंट्स इन हाई स्कूल इन टार्गेटेड एरिया) योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को देश के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 1 जून को दोपहर 2 से शाम 05 बजे तक होगी। यह परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

बिना नंबर प्लेट वालों पर पुलिस का शिकंजा 100 से अधिक दोपहिया वाहन जब्त

- कोतवाली लाकर वैध नंबर प्लेट लगवाने के बाद ही छोड़ा गया

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में ट्रैफिक अनुशासन को सख्ती से लागू करते हुए बिना नंबर प्लेट चलने वाले दोपहिया वाहनों पर कार्रवाई की गई। यह कदम कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, अपराध पर अंकुश लगाने और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया है।

शहर के प्रमुख स्थान-सिग्नल चौक में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बिना नंबर प्लेट वाहन चलाते पाए जाने पर 100 से अधिक दोपहिया वाहनों को मौके पर ही जब्त करते हुए थाना कोतवाली लाया गया।

सभी वाहनों की विधिवत जांच की गई और चालकों को मौके पर ही निर्देशित किया गया कि वैध नंबर प्लेट लगवाने के बाद ही वाहन छोड़ा जाएगा। इसके बाद संबंधित वाहन स्वामियों द्वारा जब तक नियमों के अनुरूप नंबर प्लेट नहीं लगवाई गई, तब तक किसी भी वाहन को छोड़ा नहीं गया। कबीरधाम पुलिस अब इस प्रकार की लापरवाहियों को बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करेगी।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के अनुसार ÷यह कार्रवाई चोरी, अपराध और असामाजिक गतिविधियों में बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के संभावित दुरुपयोग को रोकने के लिए एहतियातन की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में हाल के वर्षों में चोरी की घटनाएं नियंत्रण में रही हैं, लेकिन सुरक्षा दृष्टिकोण से यह अभियान आवश्यक हो गया है। चोरी की घटनाओं में बिना नंबर प्लेट के वाहन अपराधियों की पहचान छिपाने में सहायक बनते हैं, इस अभियान में यातायात प्रभारी उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी, डीआरजी से एएसआई दिलीप सोनकर, प्रधान आरक्षक 119 राजेश गौतम, एचसी पवन चंद्रवंशी, वीरेंद्र प्रधान, आरक्षक रवि मानिकपुरी (45), कृष्णा साहू (636), संजू चंद्रवंशी (739), अजय प्रकाश दास (938) एवं भरत परमार (193) एवं डीआरजी की टीम ने मुस्तैदी से भूमिका निभाई।

हिन्दू जागरण मंच तुर्की के समानों का बहिष्कार कर समाज में जागरूकता लाएगा

- शत्रुओं का साथ देने वाला राष्ट्र भी हमारे भारत का दुश्मन: दीपक सिंह ठाकुर

धमतरी/नवप्रदेश। पहलगाम हमले के बाद आपरेशन सिंदूर जब चला तो हिंदुस्तान के विरुद्ध तुर्की पाकिस्तान को सहयोग किया जबकि पूर्व में भारत ने तुर्की में आए भीषण विध्वंशकारी भूकंप के समय उनका साथ दिया और वहां के निवासियों के लिए अन्न भेज कर विश्व बंधुत्व और मानवता का संदेश दिया ।भारत सदैव विश्व को अपना मित्र मानता है विश्व हमारा परिवार है ये संदेश पूरा भारत अपने विभिन्न मंचों माध्यम से दे चुका है,लेकिन तुर्की इस समय पाकिस्तान का सहयोग कर आतंकवाद को पालने सहयोग कर रहा है ।आपरेशन सिंदूर के समय पाकिस्तान को अपनी सेना और अत्याधुनिक हथियार भेजा ,जो कि भारत की समाज अब बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत की व्यापारी इनको व्यवसाय की दृष्टिकोण से बायकॉट करेगा। हिन्दू जागरण धमतरी फलों की व्यवसायियों में जन जागरूकता लाकर तुर्की से आने समस्त फलों का बहिष्कार करेगा हिंदू जागरण मंच के द्वारा हमारे भारत देश की विरुद्ध कोई भी देश, भारत को नुकसान पहुंचाने का प्रयास भी करता है तो पूरा भारत वर्ष उनका संपूर्ण बहिष्कार करेगा। हिंदू जागरण मंच धमतरी समाज के बीच जाकर सर्व समाज को संगठित करते हुए तुर्की देश से आने वाले समस्त सामानों का बहिष्कार कर समाज में जनजागरुकता लाएगी। जिले की युवाओं के साथ-साथ देश की मातृ शक्तियों माताओं, बहनों , सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक ,सांस्कृतिक आध्यात्मिक संगठनों से आग्रह करेगी कि भारत देश के साथ यदि कोई भी देश धोखाधड़ी या नफा नुकसान करने का प्रयास करेगा ।तो भारत अब सहन नहीं करेगा ,भारत के युवा उनको माफ नहीं करेंगे , वे वर्तमान भारत की युवा अब जाग चुका है हर स्तर समाज उनको मुंहतोड़ जवाब देगा हिंदू जागरण मंच धमतरी गांव के प्रत्येक गली मोहल्ले ,वार्डों , बस्तियों, पंचायतो, भारत के विद्यार्थियो ,युवाओं को सामाजिक मुखिया लोगों को संगठित करते हुए पूरे देश में जन जागरूकता लाएगी।

सुशासन तिहार-राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : ईश्वरी साहू

कवर्धा/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बिरोड़ा में शुक्रवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की और मौके पर ही हितग्राहियों को योजनाओं के तहत सामग्री एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए। समाधान शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समस्याओं का निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ

प्रदान किया गया। ग्राम बिरोड़ा के शिविर में सिल्हाटी, भिंभौरी, लाखाटोला, विचारपुर, रक्से, बबई, नरोधी, धनौरा, भगवताटोला, तिलईभाट के प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप, शासन आमजन तक त्वरित और प्रभावी सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत हर ग्राम में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान कर उन्हें योजनाओं का सीधा लाभ देना है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक हितग्राही से

बिरोड़ा में आयोजित समाधान शिविर में हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ, आमजन में बढ़ा विश्वास

व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी पात्रता की जांच करें और यदि वे किसी योजना के लिए पात्र हैं तो तुरंत लाभ दिलाएं।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिन्होंने शासन के इस पहल की सराहना की। कई लोगों ने बताया कि पहले जिन समस्याओं के निराकरण के लिए उन्हें कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, अब वे समाधान शिविरों के माध्यम से एक ही स्थान पर हल हो रही हैं। शिविर में प्राप्त अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया है। इस अवसर पर श्री रवि राजपूत, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

अमरजीत सलूजा ने ट्रेन स्टॉपेज की मांग की

भाटापारा/नवप्रदेश। क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल के भाटापारा आगमन के दौरान स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य अमरजीत सिंह सलूजा ने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में उनसे मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपते हुए भाटापारा में विभिन्न ट्रेनों का स्टॉपेज की मांग की।सांसद बृजमोहन अग्रवाल शुक्रवार को समाधान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने भाटापारा आए थे। इतवारी राम यादव स्कूल में आयोजित कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य अमरजीत सिंह सलूजा ने पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में सांसद से मुलाकात कर उनसे 68745/68746 रायपुर कोरबा लोकल को पुनः चालू करने ,बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, बिलासपुर हापा एक्सप्रेस, बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस का भाटापारा स्टॉपेज की पुरानी मांग को शीघ्र पूरा कराने की मांग की।वही अमरजीत सिंह ने सिकंदराबाद से रायपुर तक चलने वाली 3 दिवसीय 12771/12772 एक्सप्रेस को भाटापारा होते हुए बिलासपुर तक बढ़ाने एवं दुर्ग हटिया के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन 08185/08186 को नियमित ट्रेन के रूप में चलाए जाने बाबत एक मांग पत्र सौंपा है। अमरजीत सिंघनसलूजा ने बताया कि सांसद महोदय ने शीघ्र रेल मंत्री से मुलाकात कर मांगो को पूर्ण कराने का आश्वाशन दिया।

आज यादव समाज का होगा प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। नवोदित कोसरिया यादव समाज भाटापारा के तत्वावधान में कल 18 मई रविवार को दोपहर 12 बजे से नगर भवन भाटापारा में प्रदेश स्तरीय भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें यादव समाज के नवनिर्वाचित सभी जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने बताया कि तरेंगा राज नवोदित कोसरिया अहीर यादव समाज भाटापारा के द्वारा प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन की तैयारी की जा रही है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न पदों पर नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जावेगा, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव पूर्व सांसद व वर्तमान महापौर राजनांदगांव तथा अध्यक्षता रामनरेश यादव महापौर नगर निगम चिरमिरी के द्वारा किया जावेगा, इसी प्रकार विशिष्ट अतिथियों में गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग, द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी, रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर, शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा, देवनारायण यादव उपाध्यक्ष जिला पंचायत सरगुजा, संदीप यदु उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, दिवाकर यादव, सचिव छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी, धनमती यादव पूर्व सभापति जिला पंचायत गरियाबंद श्रीमती किरण यदु पूर्व सदस्य,अनुप यादव पूर्व उपाध्यक्ष नगरपालिका दीपिका, गोविन्द यादव सभापति जिला पंचायत बिलासपुर, सुलोचना यादव जनपद अध्यक्ष बलौदा बाजार,सविता भीम यादव जनपद अध्यक्ष पलारी, ललिता यादव अध्यक्ष खोंगापानी ,प्रतिमा यादव मनेन्द्रगढ, रिमा यादव झगराखाड, भुनेश्वरी यादव सुकमा, जागृति यादव राजनांदगांव, लिखीराम यादव गरियाबंद, महेश यादव राजिम, उत्तम यादव कांकेर , ओमप्रकाश यादव मंदिर हसौद, सतीश यादव फिंगेश्वर, मोती यादव गुंडरदेही, आशीष यादव बैकुंठपुर, बालेश्वर यादव कुनकुरी, नरेंद्र यादव सूरजपुर सहित विभिन्न जिलों से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि तथा समाज प्रमुखों को सम्मानित किया जावेगा। श्री यदु ने प्रदेश के सभी समाज प्रमुखों सहित समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होंने की अपील की है।

विधानसभा क्षेत्र के 220 विद्यार्थियों को सर्वसुविधायुक्त कोचिंग उपलब्ध होगा

लक्ष्य नि:शुल्क कोचिंग में आईआईटी नीट, सीजीपीएससी की कोचिंग प्रारंभ

- **लगभग 60 से अधिक बच्चों ने लिया प्रवेश**
- **हमारा लक्ष्य युवाओं को बेहतर शिक्षा, सुविधा और उनका उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना है : भावना बोहरा**

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा विधानसभा क्षेत्र के ऐसे युवा जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं परन्तु संसाधनों की कमी व परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से वह पीछे रह जाते हैं उनके लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। भावना बोहरा द्वारा पंडरिया में संचालित लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग सेंटर में IIT-JEE, NEET और CGPSC जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा मिल रही है। इसी कड़ी में आज NEET परीक्षा की तयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए कोचिंग शुरू हो गई है जिसमें लगभग 60 से अधिक बच्चों ने प्रवेश लिया है। इस प्रकार विधानसभा के लगभग 220 से अधिक छात्र-छात्राओं को यहां सर्वसुविधाओं के साथ निःशुल्क कोचिंग का लाभ उनके घर व गाँव के आस-पास ही मिल रहा है जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक रूप से भी लाभ हो रहा है।

युवाओं के ऊपर टिकी हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभी प्रवेशी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन युवाओं के ऊपर ही हमारे देश व प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की नींव टिकी हुई है इसलिए उन्हें बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए हम सभी का संयुक्त प्रयास आवश्यक है।लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग सेंटर की स्थापना का हमारा मुख्य उद्देश्य ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं तथा संसाधनों की कमी होने की वजह से वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते हैं उन्हें प्रोत्साहित करना है और उन्हें भी बेहतर शिक्षा प्रदान करना है ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। संसाधनों की कमी की वजह से कोई भी बच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहे इसके लिए हम निरंतर प्रयास कर रहें हैं और आगे भी हमारा प्रयास जारी रहेगा। हमें खुशी है कि आज लगभग 200 से अधिक बच्चों को हमारे इस प्रयास से लाभ मिल रहा है, इससे कहीं न कहीं उनके परिजनों को भी आर्थिक व मानसिक संबल मिल रहा है।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हमारे पंडरिया विधानसभा का कोई भी युवा शिक्षा के क्षेत्र में पीछे न रहें। उन्हें बेहतर शिक्षा और सुविधा मिल सके तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु साधन व संसाधन की कमी उन्हें अपने सपनों को पूरा करने में कोई अवरोध न बन सके इसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं। हमारे युवाओं को बेहतर शिक्षा, मार्गदर्शन और एक मंच देना चाहते हैं जिसके माध्यम से वे सही राह पर चल सकें, विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां अर्जित कर अपने समाज, माता-पिता, क्षेत्र और हम सभी का नाम रोशन कर सके। अपने लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर सके एवं आर्थिक व संसाधनों के अभाव में पीछे न रह सकें। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी द्वारा भी प्रदेश में शिक्षण संस्थानों में सुविधाओं का विस्तार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को मिल सके इसके लिए लगातार भागीरथी प्रयास किया जा रहा है।

शिकायत पर तत्काल प्रभाव से जिला पंचायत में किया संलग्न

- **गठित समिति द्वारा संबंधित ग्राम का किया गया भ्रमण, जांच कार्य प्रारंभ**

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत प्राप्त शिकायत पर सीईओ जिला पंचायत द्वारा त्वरित कारवाही करते हुए विकासखंड समन्वयक जनपद पंचायत बोड़ला भुवनेश्वर धुर्वे को तत्काल प्रभाव से जिला पंचायत कबीरधाम में संलग्न किया गया है।

ग्राम पंचायत दलदली जनपद पंचायत बोड़ला से सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण सुंदर बैगा पिता श्री धरमसिंह ग्राम चेद्रादादर द्वारा आवास निर्माण में विकासखंड समन्वयक के विरुद्ध अनियमितता की शिकायत की गई थी। प्रारंभिक जांच में अनियमितता संभावित पाया गया है। जिस पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विकासखंड समन्वयक को जिला पंचायत कबीरधाम में संलग्न करते हुए चार सदस्य जांच दल का गठन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि हितग्राहियों द्वारा इस संबंध में उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग माननीय विजय शर्मा जी को शिकायत की गई थी। छत्तीसगढ़ शासन के मंशा अनुरूप किसी भी निर्माण कार्य में गड़बड़ी पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं और इसी क्रम में यह बड़ी कार्रवाई की गई।

इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आवास योजना के निर्माण कार्य में अनियमित की शिकायत प्राप्त हुई है।

प्रकरण पर चार सदस्य दल द्वारा जांच किया जा रहा है। समिति द्वारा ग्राम पंचायत चेद्रादादर में हुए आवास निर्माण का भौतिक निरीक्षण करते हुए ग्रामीणो के बयान दर्ज किया जा रहे हैं।वर्तमान में जांच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है तथा जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर समिति के अनुशंसा अनुसार नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

मंडी प्रशासन कृषकों की सुविधाओं का रख रहा ध्यान

भाटापारा/नवप्रदेश। कृषि उपज मंडी में ग्रीष्म कालीन फसल की आवक काफी बढ़ गई है। 12 और 13 मई को दो दिन का अवकाश होने के कारण अपनी उपज जींस बेचने आए कृषकों के रहने,सोने,पीने के पानी इत्यादि की व्यवस्था मंडी प्रशासन ने की,जिससे कृषकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। जानकारी अनुसार दो दिवस अवकाश होने के कारण मंडी के बाहर लगे वाहनो की जाम की स्थिति को देखते हुए मंडी सचिव सी एल ध्रुव के निर्देश पर जाम की स्थिति को दुरुस्त करते हुऐ क्रमबद्ध तरीके से कृषि उपजो के वाहनों को मंडी प्रांगण में प्रवेश दिया गया जिससे कि विपणन कार्य सही समय में संपादित किया जा सके साथ ही कृषकों को जो अपनी कृषि उपज मंडी प्रांगण में लाए हैं उन्हें ठहरने की उत्तम व्यवस्था मंडी प्रांगण में स्थित किसान विश्राम गृह में विपणन कार्य संपन्न होने तक आराम करने हेतु कूलर गद्दा तकिया सहित ठंडा पेयजल की व्यवस्था भी की गई। मंडी प्रशासन के द्वारा समय-समय पर मंडी कर्मचारियों के द्वारा प्रांगण के अंदर व भीतर विपणन कार्य हेतु समस्त कृत्य कार्यो को घूम घूम कर ठंडा पेयजल की व्यवस्था करायी जा रही है मंडी प्रशासन हमेशा कृषकों के हित में अपनी जवाबदेही कार्यो को पूरा कर रहा है। विदित हो कि भाटापारा मंडी में ग्रीष्म कालीन की फसल हर साल बनी रहती है

जिसकी व्यवस्था मंडी प्रशासन के द्वारा किसानों को अपनी किसी उपज के विपणन कार्य से लेकर तौल कार्य तक किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसको ध्यान में रखते हुए सही समय पर संपादित हो इसकी व्यवस्था की गई जिसके तहत 12 नंबर गेट से तौल कार्य निष्पादित करावाकर निकासी कराया जाता है उसके उपरांत प्रांगण खाली होने पर मंडी प्रांगण के बाहर कृषि उपज से लदे वाहनों को प्रवेश दिया जाता है साथ ही मंडी प्रशासन के द्वारा किसानों के कृषि उपजो को असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी प्रकार का नुकसान ना पहुंचाएं इसके लिए आरक्षी केंद्र भाटापारा शहर को रात्रि कॉलिंन में सतत निगरानी हेतु पैट्रोलिंग पार्टी की व्यवस्था किये जाने हेतु निवेदित किया है इसके अलावा आम नागरिकों को यातायात में किसी प्रकार की असुविधा न हो,इस हेतु यातायात प्रभारी को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया है ।

शिवनाथ नदी मोहारा में संचित रेत-मिट्टी के टीलों को हटाने डॉ रमन सिंह जी को ज्ञापन

राजनांदगांव। संस्कारधानी के लोकप्रिय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ रमन सिंह जी के नगर आगमन पर श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ डी सी जैन, उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, कचरू प्रसाद शर्मा, राकेश इंदुभूषण ठाकुर, अकील भाई ने उनसे भेंट कर नगर की पेय जल समस्या के स्थायी समाधान के लिए शिवनाथ नदी मोहारा के एनीकट में संचित रेत-मिट्टी के टीलों को हटाने तथा एनीकट की गहराई बढ़ाने हेतु एक ज्ञापन सौंप कर चर्चा की।

कर्नल सोफिया पर अभद्र टिप्पणी भारतीय सेना का अपमान : संध्या राव

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफ़िया कुरैशी पर अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी की है। कांग्रेस ने इसका विरोध किया है। नवापारा नगर पालिका की नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने कहा कि कर्नल सोफ़िया ने ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी और भाजपा सरकार के मंत्री उन्हें पाकिस्तानियों की बहन कह रहे हैं। ऐसी भाषा का प्रयोग कर भाजपा के मंत्री ने पूरे देश की महिलाओं और भारतीय सेना का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले से पूरे देशवासी आक्रोशित थे। घटना के 14 दिन बाद भारतीय सेना ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' चलाकर पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों और ट्रेनिंग कैंपों को नष्ट कर बदला लिया। ''ऑपरेशन सिंदूर'' का नेतृत्व भारत की दो महिला सैन्य अधिकारियों कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफ़िया कुरैशी ने किया। संध्या राव ने कहा कि कर्नल सोफ़िया कुरैशी का परिवार पुश्तों से भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा कर रहा है। देश के लिए उनका योगदान अतुलनीय है।

समरकैम्प में बच्चे ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

महासमुंद/नवप्रदेश। नयापारा स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में गर्मी छुट्टी में विद्यार्थियों के लिए समर कैम्प का आयोजन किया गया। संस्था की प्राचार्य अमी रूफस, स्टॉफव पालकों की उपस्थिति में समापन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रमोद कुमार कन्नौजे, जी.आर. टांडेकर, विकास यादव, डी.बसंत साव उपस्थित थे। प्राचार्य अमी रूफस ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि समर कैम्प का भरपूर लाभ लिया है, समर कैम्प में जो भी सीखा है, उसे निरंतर बनाये रखें। अपने-अपने घरों में प्रतिदिन सुबह योगा, मैडिटेसन करें। समर कैम्प में विद्यार्थियों ने मुख्य रूप से योगा, म्यूजिक एण्ड डांस, खेल व गेम्स, आर्ट एवं क्राफ्ट, वैदिक गणित, ऑरगेमी, क्ले आर्ट, सुडोकू, फंडामेंटल ऑफ

कम्प्यूटर, पर्सनॉलिटी डवलपमेंट, मेंहदी, रंगोली बनाना सीखा। सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। शिक्षक आकांक्षा जैन, नेहा सिंह, अंशुमाला बारिक, रौनक अग्रवाल, ऋतुराज देवांगन, अंजू चन्द्राकर, ध्रुति श्रीवास्तव, पूर्णिमा चंद्राकर, प्रेम यादव, मनीषा कन्नौजे, अंजली कहार ने समर कैम्प का संचालन किया। यह समर कैम्प विद्यार्थियों के लिए उत्साहवर्धक व लाभकारी रहा। समापन चंचल साहू ने समर कैम्प का अनुभव भी साझा किया। पालकों ने भी समर के लिए उत्साह दिखाया एवं प्रतिदिन अपने बच्चों को कैम्प में भाग लेने के लिए शाला भेजा। समापन कार्यक्रम का संचालन ध्रुति श्रीवास्तव ने व आभार प्रदर्शन नेहा सिंह ने किया। समर कैम्प में संस्था के प्रकाश साहू, मोहन कन्नौजे, झम्मन साहू, दुर्गा मानिकपुरी, माहेश्वरी पटेल का सहयोग रहा।

तीसरा चरण ... गुढ़ा में हुआ समाधान शिविर का आयोजन

क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग सब स्टेशन तक बनेगी पक्की सड़क : कैलाश चंद्रवंशी

- **ग्राम पंचायत गुढ़ा में समाधान शिविर आयोजित**

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम गुढ़ा में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। सुशासन तिहार के तहत प्रथम चरण में ग्रामवार आवेदन लिए गए, दूसरे चरण में आवेदन का निराकरण किया गया और फिर तीसरे चरण मे सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन कर समस्याओं के निराकरण की जानकारी दी गई। साथ ही शासन

की लोक कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी के प्रचार-प्रसार के लिए स्टाल लगाया जा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए यह आवश्यक है कि पटवारी सप्ताह में कम से कम एक या दो दिन अपने हल्का पटवारी कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित रहें। जहां पटवारी कार्यालय नहीं है, वहां पटवारी को ग्राम पंचायत भवन में बैठने के निर्देश दिए गए हैं ताकि लोगों को राजस्व संबंधी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान मिल सके। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सचिवों को भी पंचायत भवन में उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाएं सहज और पारदर्शी बनी रहें। उपाध्यक्ष चंद्रवंशी ने समाधान शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को यह भी आश्वासन दिया कि शासन और प्रशासन जन समस्याओं के प्रति पूर्ण रूप से संवेदनशील है। उन्होंने गुढ़ा के विद्युत सब स्टेशन में आने जाने के लिए वर्षो से सड़क नहीं है बरसात मे पूरा रास्ता कीचड़ से लखपथ रहता है क्षेत्र की लोगों की मांग और जिला पंचायत के सदस्य डॉ वीरेंद्र साहू के अनुशंसा पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी के द्वारा तत्काल 5 लाख रूपए की लागत से सड़क निर्माण की घोषणा की गई।

जिला पंचायत सदस्य डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में गाँवो का चहुमुखी विकास हो रहा है। प्रदेश में जहां माताओ को प्रतिमाह 1000 रूपए महतारी वंदन के तहत प्रोत्साहन राशि देकर सशक्त बनाया जा रहा है। वही प्रदेश के 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास देकर गरीबों के जीवन में परिवर्तन लाने कोशिश किया जा रहा है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 की दर पर ख़रीदी जा रहा है।

खरेंगा में समाधान शिविर : साढ़े 9 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी विकासखण्ड के खरेंगा में आज समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान सुशासन तिहार में मिले मांग, शिकायत और समस्या संबंधी कुलं 9 हजार 741 आवेदनों की जानकारी दी गई। इनमें से से 9 हजार 525 आवेदन मांग और 216 आवेदन शिकायत से संबंधित थे। इनमें से 9 हजार 500 मांग संबंधी आवेदन और 213 शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। समाधान शिविर में 75 हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। इसके साथ ही 60 हितग्राहियों की निःशुल्क सिकलसेल जांच की गई। रायपुर संभागायुक्त श्री महादेव कावरे ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत जान रहा है और आमलोगों की परेशानियों को कम करने के सभी संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं लोगों की भलाई के लिए हैं और सभी को इनका अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए।

शहर के युवा रंगकर्मी शिशु कुमार सिंह को संगीत विवि से मिली पीएचडी की उपाधि

■ **इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के नाट्य विभाग द्वारा पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की गई**

खैरागढ़/नवप्रदेश। नगर के युवा रंगकर्मी और आवाज फ़िल्म एंड थियेटर सोसायटी के संस्थापक शिशु कुमार सिंह को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के नाट्य विभाग द्वारा पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध कार्य छत्तीसगढ़ के रंगमंच का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर आधारित था। शिशु कुमार सिंह ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से बी.ए. थिएटर, एम.ए. थिएटर और एम.फिल थिएटर की उपाधियाँ प्राप्त की हैं। उन्होंने परफॉर्मिंग आर्ट में नेट की पात्रता परीक्षा भी उत्तीर्ण की है उन्हें नई दिल्ली के संस्कृति मंत्रालय द्वारा फेलोशिप अवार्ड भी प्राप्त हुआ है। वे लगातार रंगमंच में सक्रिय हैं और नाटक निर्देशन, अभिनय के साथ-साथ प्रदेश और प्रदेश के बाहर नाट्य शिविरों में प्रशिक्षक के रूप में अपना योगदान दे रहे हैं। उनका पीएचडी शोध कार्य छत्तीसगढ़ के रंगमंच के इतिहास और वर्तमान स्थिति पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। शिशु कुमार सिंह को संस्कृति मंत्रालय की ओर से प्रोडक्शन ग्रांट भी प्राप्त हुआ था। शिशु कुमार, प्रधान पाठक शरद सिंह के सुपुत्र हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान, आवाज फ़िल्म के सोशल मीडिया पेज पर उन्होंने देश-विदेश के कई कलाकारों की ऑनलाइन प्रस्तुतियाँ आयोजित की थीं, जिसमें विदेशी कलाकार भी शामिल थे।

भाजपा सरकार के राज में ठगे जा रहे किसान: तुकाराम चन्द्रवंशी

■ **कवर्धा में खुलेआम बन और बिक रही अमानक पोटाश खाद सरकार नींद में**

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश की सत्ता में भाजपा सरकार के काबिज होने के बाद सरकार की लगातार किसान विरोधी नीतियां सामने आ रही है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के गृह जिले में देखा सकता है। जहां एक तरफ प्रदेश की भाजपा सरकार पर जिले के पंडरिया विधानसभा में संचालित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना को निजी हांथों में सौंपने के आरोप लग रहे हैं वहीं दूसरी तरफ अब जिले के विधानसभा कवर्धा में संचालित निजी इथेनॉल कम्पनी द्वारा अमानक पोटाश खाद निर्मित कर भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के माध्यम से बेंचकर किसानो को लाखों का चूना लगाने का बेहद गंभीर मामला सामने आया। उक्त बातें युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चन्द्रवंशी ने जारी बयान में कही। तुकाराम चन्द्रवंशी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह दुर्भाग्य का विषय है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में एक निजी ऐन.के.जे. बायोफ्यूल प्राईवेट लिमिटेड राम्हेपुर इथेनॉल कम्पनी लम्बे समय से सरकार के नाक के नीचे अमानक पोटाश खाद बनाकर बेंचती रही और शासन-प्रशासन को इसको लगातार संरक्षण प्रदान करते रहे है । किसानो की शिकवा शिकायत के बाद मामला उजाकर होने के बाद कवर्धा में इथेनॉल बनाने वाली कंपनी की सहायक कंपनी केफार्म टेक्नालॉजी प्राईवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित कराई गई पोटाश खाद की जांच छत्तीसगढ़ सरकार के फर्टिलाइजर क्वालिटी कंट्रोल लेबोरेटरी लेब से कराई गई। जिसमें कम्पनी के 14.5 प्रतिशत पोटाश के दावे के विपरीत पोटाश की मात्रा पहले नमूने में मात्र 1 प्रतिशत एवं दूसरे नमूने में मात्र 3.5 प्रतिशत पाई गई है। जिसके बाद इस पोटाश खाद को अमानक घोषित किया गया है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय यह है कि केफार्म टेक्नालॉजी प्राईवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित इस अमानक पोटाश खाद की बिक्री अभी भी धड़ल्ले से जारी है। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चन्द्रवंशी ने कहा कि एक तरफ भाजपा की सरकार किसानो की आय दोगुनी करने और उनकी हितैषी बनने का ढोंग करती है वहीं दूसरी तरफ किस ढंग से किसानो के खून पसीने की कमाई को लूटा जा रहा है यह अब जग जाहिर हो चुका है।

चन्द्रवंशी ने कहा कि पंडरिया क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानो को अपनी फसल कारखाना में बेंचे पांच माह से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन किसानो को कारखाना द्वारा आज पर्यंत भुगतान नहीं किया गया है। यही हाल भोरमदेव शक्कर कारखाना का है। जबकि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के शासनकाल में किसानो को न सिर्फ समय पर उनकी फसल का भुगतान किया जाता था बल्कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने धान का समर्थन मूल्य बढ़ाकर किसानो को सशक्त और समृद्ध बनाने का कार्य किया।

पूनम तिवारी को डिप्टी कलेक्टर बनने पर दी विदाई

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। राजस्व अधिकारी पूनम तिवारी को तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर की पदोन्नति पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डॉ संजय कन्नौजे सहित राजस्व अधिकारियों ने विदाई दी। इस अवसर पर पूनम तिवारी को उपहार भेंट किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने पूनम तिवारी को डिप्टी कलेक्टर के रूप में पदोन्नत कर उपायुक्त भू अभिलेख रायपुर में पदस्थ किया है।

शिविका शुक्ला ने दसवीं परीक्षा 96% अंकों से उत्तीर्ण की

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय नयागंज वार्ड के पूर्व पार्षद अजय कांत शुक्ला श्रीमती अर्चना शुक्ला की सुपुत्री एवं रमाकांत शुक्ला की भतीजी शिविका शुक्ला ने कक्षा दसवीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 96 प्रतिशत अंकों के साथ शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शिविका भिलाई की डी ए वी स्कूल में अध्ययनरत है। उनकी इस सफलता पर राजकुमार मल, नंदलाल तनवानी, तंजीव अरोरा, कैलाश बालानी, डॉ अरुण छाबड़ा, दिनेश सोनी, सुधीर मिश्रा, आलोक मोदी, देवेंद्र भृगु, मनीष मिश्रा (पार्षद), राजेश शर्मा (पत्रकार),अजीत बाजपेई, राजा त्रिवेदी, देवकांत मिश्रा, हाजी इकबाल अहमद, पूर्णेन्दु त्रिवेदी ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की.है।

वार्ड क्रमांक 14 में नाली व गंदे पानी की समस्या पर विधायक दीपेश साहू ने किया निरीक्षण

■ **अधिकारियो को दिए तत्काल समाधान के निर्देश**

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर पालिका बेमेतरा क्षेत्र के वार्ड ऋमांक 14 में पिछले कई वर्षों से नागरिकों को नाली व गंदे पानी की निकासी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेते हुए आज क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू ने स्वयं स्थल पर पहुंचकर स्थिति का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विधायक श्री साहू ने संबंधित विभागों के अधिकारियों, नगर पालिका कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर समस्या की जड़ को समझा। उन्होंने क्क्षुष्ठ विभाग एवं नगर पालिका के सीएमओ को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर अस्थायी नाली निर्माण कर गंदे पानी की तत्काल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और स्थायी समाधान हेतु शीघ्र बैठक कर विचार विमर्श कर स्थाई समाधान निकाला जाये।

विधायक साहू ने निरीक्षण के उपरांत मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि दुर्ग रोड पर कांग्रेस शासनकाल में अधूरी छोड़ी गई नाली निर्माण कार्य की वजह से यह समस्या उत्पन्न हुई है। नाली का निर्माण केवल सिंघौरी तक किया गया था, जिससे आगे पानी की निकासी बाधित हो रही है। यह स्थिति न केवल स्थानीय नागरिकों के लिए, बल्कि राहगीरों के लिए भी परेशानी का कारण बन रही है।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर पालिका और क्क्षुष्ठ अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए गए कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, जिससे गंदा पानी सड़क पर न फैले और नागरिकों को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए स्थायी समाधान की दिशा में तेज़ी से कार्य करने को कहा। इस अवसर पर पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल, पार्षद पंचू साहू, चांदनी रोशन दत्ता, निखिल साहू, लक्की साहू, भाजपा पदाधिकारी हर्षवर्धन तिवारी, शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू, बिसन साहू, डॉ विनय साहू, दीनानाथ साहू पार्टी कार्यकर्ता, नगरवासी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

घर में घुसकर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, नगद 8000 रुपये बरामद

कवर्धा /नवप्रदेश। थाना भोरमदेव क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति के घर में घुसकर नगद 8000 रुपये की चोरी करने वाले आरोपी *शत्रुहन साहू* (निवासी ङ्क चिमरा) को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी से चोरी की पूरी राशि बरामद कर ली गई है। उक्त प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(1), 331(3) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय प्रस्तुत किया गया। मामले की विवेचना जारी है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद साहू, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र ठाकुर, राजेश देशलहरे, आरक्षक जीत राम चंद्रवंशी एवं आकाश राजपूत की विशेष भूमिका रही।

कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि अपने घरों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें तथा किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। जनता की सतर्कता एवं सहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

अमरजीत सिंह चावला से मिला सिख समाज का प्रतिनिधिमंडल

भाटापारा/नवप्रदेश। अल्पसंख्यक आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष अमरजीत सिंह चावला से बलवंत सिंह सलूजा के नेतृत्व में सिख संगठन के लोगों ने उनसे मुलाकात कर उन्हें नई जवाबदारी की बधाई एवं शुभकामना देते हुए भाटापारा आने का निमंत्रण दिया। छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा ने बताया कि गत दिवस भाटापारा से सिख समाज का एक प्रतिनिधि मंडल ने रायपुर पहुंचकर नव नियुक्त अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग अमरजीत सिंह चावला को नए दायित्व के साथ नई जवाबदारी मिलने पर उन्हें बधाई और शुभकामना दी।श्री सलूजा ने बताया कि नव नियुक्त अध्यक्ष अमरजीत चावला लंबे समय से संगठन के विभिन्न कार्यों में रुचि लेते रहे है व जवाबदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करते रहे है जिसके चलते उन्हें बड़े पद पर समाज का प्रतिनिधित्व करने की जवाबदारी दी गई जिससे समाज में हर्ष का माहौल है । रायपुर प्रवास के दौरान श्री सलूजा से मुलाकात करने वालों में भाटापारा से अमरजीत सलूजा बलवंत सिंह सलूजा मनी छाबड़ा सहज गुंबा, लक्ष्मी नारायण सोनी, नानक गिडवानी सहित अन्य लोग उपस्थित है ।

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने लिनेनफ्रॉम लिनसीड स्टॉक प्रयोगशाला का किया भ्रमण

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने विगत दिवस बेमेतरा जिले के ग्राम ढोलिया स्थित रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय में स्थापित लिनेन फ्रॉम लिनसीड स्टॉक (अलसी के डंठल से लिनेन कपड़ा निर्माण) की अत्याधुनिक प्रयोगशाला का भ्रमण किया। अध्यक्ष छत्तीसगढ़ रजकर बोर्ड प्रह्लाद राजकर, अजय साहू, साथ थे।

मंत्री बघेल ने प्रयोगशाला में प्रशिक्षित ग्रामीण महिलाओं से संवाद किया एवं उनके कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अलसी के डंठल से निर्मित कपड़ा न केवल सुंदर और आकर्षक होता है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं के लिए आय का एक सशक्त साधन भी बन सकता है। उन्होंने महिलाओं को इस नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे इस कौशल को अपनाकर वर्ष भर रोजगार प्राप्त कर सकती हैं।

अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. केपी वर्मा एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित थे। मंत्री श्री बघेल ने ग्रामीण महिलाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे घरेलू कार्यों के साथ-साथ इस प्रकार की गतिविधियों से जुड़कर अपनी आजीविका में वृद्धि कर सकती हैं।

अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने जानकारी दी कि ग्रामीण महिलाओं को आजीविका वृद्धि परियोजना के अंतर्गत अलसी के रेशे से धागा एवं कपड़ा बुनाई हेतु 40 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इस पहल से महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

कोडार से 80 हजार आबादी के लिए पानी लाने नपाध्यक्ष ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

■ **वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्वीकृति और मूलभूत कार्यों के लिए अध्यक्ष ने मांगे 9 करोड़**

महासमुंद/नवप्रदेश। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू का नगर आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के नेतृत्व में स्वागत किया गया। पश्चात मंत्री ने अध्यक्ष कक्ष में नपाध्यक्ष से शहर विकास को लेकर चर्चा की। नपाध्यक्ष साहू ने मंत्री को शहर विकास के लिए विभिन्न मांगों से संबंधित आवेदन सौंपा।

पालिका अध्यक्ष ने कराए जा रहे कार्यों व शहर विकास की संभावनाओं से मंत्री को अवगत कराया। साथ ही प्रमुख रूप से नगर में पेयजल आपूर्ति हेतु कोडार डेम में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं इंटकवेल निर्माण कार्य की आवश्यकता बताई। साहू ने मंत्री को बताया कि इस संबंध में पीआईसी की बैठक गत 23 अप्रैल को हुई थी। जिसमें इस योजना के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है। वर्तमान में स्थापित संयंत्र लगभग 20 वर्ष पुराना है। उक्त संयंत्र से पेयजल आपूर्ति पर्याप्त न होने के कारण शहर में जल समस्या बनी रहती है। अत: इस महत्वपूर्ण योजना को जन हित में स्वीकृति प्रदान करें। जिस पर मंत्री ने शीघ्र कार्रवाई का भी आश्वासन दिया।

श्री साहू ने केंद्रीय मंत्री को निकाय क्षेत्र अंतर्गत मृत नहर लिंक रोड निर्माण पिटियाझर से मौहारीभांठा तक प्रस्तावित कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। उन्होंने नहर लिंक रोड निर्माण हेतु परियोजना की स्वीकृति व लागत राशि 3125.83 लाख रूपए आवंटन प्रदान करने की मांग की। साहू ने केंद्रीय मंत्री का ध्यान नगर पालिका कार्यालय भवन की ओर भी आकर्षित कराया। नपा कार्यालय काफी पुराना हो चुका है। पर्याप्त संसाधन व पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है, पुराना एसडीएम बंगला में नवीन नगर पालिका कार्यालय भवन निर्माण के लिए पालिका पीआईसी की बैठक में पारित प्रस्ताव से अवगत कराया। साथ ही भवन निर्माण में आने वाले खर्च 550.00 लाख रु. आबंटन प्रदान करने की मांग की।

तिरंगा यात्रा की जगह नमस्ते ट्रंप यात्रा निकाले भाजपा : अभिमन्यु

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने जारी बयान में भाजपा की तिरंगा यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा है कि भाजपा को तिरंगा यात्रा की बजाय नमस्ते ट्रंप यात्रा निकालनी चाहिए और जनता को यह बताना चाहिए कि किस प्रकार वे व प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगे नतमस्तक हो गए और उसी वजह से इतिहास में पहली बार देश को युद्ध विराम की जानकारी किसी अन्य देश के प्रमुख से मिली और वह भी ट्वीट में माध्यम से इन सब से सेना का मनोबल गिरा है साथ ही यह देश के साथ भी धोखा है आजतक प्रधानमंत्री युद्ध विराम के बारे में नहीं बोल पा रहे लेकिन ट्रंप जगह जगह जा कर बता रहे हैं किस प्रकार उन्होंने युद्ध रुकवाया इन सब बातों का जवाब भी भाजपा को देना चाहिए ।तिरंगे की बात की जाए तो 22 जुलाई 1947 में जब संविधान सभा द्वारा तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया तब आरएसएस व उनके प्रमुख नेता एम एस गोलवलकर ने उसका विरोध किया उन्होंने अपने मुखपत्र ऑर्गेनाइजर में भी तिरंगे की आलोचना की व अशुभ करार दिया गया की इस सब के बाद सरदार पटेल ने उन्हें चेतावनी भी दी थी ।

शातिर चोर को रेल सुरक्षा बल ने किया गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 30 अप्रैल 2025 को परमालकसा मुढ़ीपार के मध्य 35 मीटर ओ एच ई अर्थिंग केबल वायर को काटकर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी किए जाने के संबंध में सुरक्षा नियंत्रण कक्ष नागपुर से सूचना प्राप्त हुआ जिस संबंध में ओ एच ई विभाग के द्वारा एक लिखित मेंमो रिपोर्ट रेल सुरक्षा बल पोस्ट थाना राजनांदगांव में प्राप्त हुआ जिस पर अपराध ऋमांक 2/25 ह्व/ह्य 3(ड्ढ) ह्स्नह्क्क्ष ड्डष्ह्ल (रेलवे संपत्ति अवैध कब्जा अधिनियम धारा 3ए) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री दीपचंद आर्या के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश पर पोस्ट प्रभारी राजनांदगांव निरीक्षक तरुणा साहू के नेतृत्व में अज्ञात आरोपीगणों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए टॉस्क टीम तैयार किया गया । घटनास्थल के आसपास निरीक्षण कर आसपास घूमने फिरने वाले व्यक्तियों से लगातार पूछताछ कर मुखबीर के बताएं हुलिए के आधार पर अलग-अलग स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज को चेक करने पर दो आरोपी की पहचान की गई जो अपने पास बैग रखे हुए थे जिसमें वायर जैसा सामान दिखाई दे रहा था पहचान को पुख्ता करने व आने-जाने के रास्तों पर लगे सी सी टी वी को चेक़ करने पर दोनों आरोपी का नाम राजकुमार उर्फ काका पिता पंचराम विश्वकर्मा उम्र 60 वर्ष साकिन हवास पर वार्ड नंबर 15 थाना सकरी जिला बिलासपुर व मुकेश कुमार डहरिया उर्फ सनी पिता आसाराम डहरिया उम्र 27 वर्ष निवासी अमेरी सतनाम नगर थाना सकरी जिला बिलासपुर का होना पाया गया ,जिन्हें रसमडा एस एस पी में घेरबन्दी कर पकड़ा गया जिनसे पूछताछ करने पर आरोपी मुकेश डहरिया ने बताया की रेलवे के ओ एच ई वायर को काट कर चोरी की घटना को अंजाम दिए हैं।

भूमिपूजन | कुसमी में 82.40 लाख रुपये के 16 विकास कार्यों का विधायक साहू ने किया भूमिपूजन

भूमिपूजन एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि नगर के समग्र विकास की दिशा में हैं एक सशक्त कद : दीपेश

साजा/बेमेतरा /नवप्रदेश। नगर पंचायत कुसमी में आज अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत 82.40 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित 16 विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू ने किया। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत उपाध्यक्ष, सभापति एवं पार्षदगण की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने नगर के विकास के लिए इस पहल का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह भूमिपूजन केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि नगर के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं मिले और नगर पंचायत कुसमी को आदर्श नगरी के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता को लेकर प्रशासन एवं ठेकेदारों को निर्देशित किया कि जनता की आस्था और उम्मीदों के अनुरूप कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित हो। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा आज का दिन हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण दिन है। नगर पंचायत कुसमी में सीसी रोड, नाली सहित अनेक निर्माण कार्यों के भूमि पूजन के अवसर पर मैं आप सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ। यह केवल निर्माण कार्यों की शुरुआत नहीं, बल्कि कुसमी के सुनहरे भविष्य की नींव है। यह भी गर्व का विषय है कि कुसमी में भारत रत्न, हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में अटल चौक का निर्माण हो रहा है। जब भी हम इस चौक से गुजरेंगे, हमें अटल जी के विचारों और समाज सेवा की प्रेरणा मिलेगी। यह चौक उनके सम्मान और हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक बनेगा।

स्थापना दिवस
प्रगति पथ पर
छत्तीसगढ़
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
सुशासन से समृद्धि की ओर
देश में टीन धातु का नंबर वन उत्पादक राज्य
देश में धान की सर्वाधिक किस्मों वाला राज्य
जैव विविधता के साथ हरियाली में अग्रणीय राज्य
कोयला उत्पादन में देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य
सरप्लस बिजली उत्पादन के साथ देश का पावरहाउस
लौह अयस्क उत्पादन में देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य
प्रति व्यक्ति विद्युत उपलब्धता में देश का सबसे संपन्न राज्य
देश के कुल सीमेंट उत्पादन में 20% का योगदान देने वाला राज्य
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
ChhattisgarhCMO
संवाद -43863/1

संक्षिप्त खबरें

एआईसीसी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट का दौरा कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। एआईसीसी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट दिनांक 18 मई रविवार को इंडिगो के नियमित विमान सेवा द्वारा शाम 5.30 बजे मुंबई से रायपुर पहुंचेंगे। शाम 6:00 बजे समता कालोनी में पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत हुये कारोबारी स्व. दिनेश मीरानिया के परिवार से मुलाकात करेंगे। शाम 6:30 बजे रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे एवं रात्रि विश्राम बिलासपुर में करेंगे।दिनांक 19 मई सोमवार को दोपहर 2 बजे बिलासपुर से जांजगीर-चांपा के लिये रवाना होंगे। दोपहर 3:00 बजे जांजगीर-चांपा में आयोजित मेजर ध्यान चंद हॉकी स्टेडियम में संविधान बचाओ रैली के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5.30 बजे जांजगीर-चांपा से रायपुर के लिये रवाना होंगे। रात 8:30 बजे रायपुर से नियमित विमान सेवा द्वारा नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

लोक सेवा आयोग से चयनित प्रशिक्षु अधिकारियों ने केन्द्रीय जेल रायपुर में किया शैक्षणिक भ्रमण

रायपुर/नवप्रदेश।छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित प्रशिक्षु अधिकारियों ने आज शैक्षणिक भ्रमण कर कार्य प्रणालियों का अवलोकन किया। इनमें 09 डिप्टी कलेक्टर, 06 राज्य कर सहायक आयुक्त, 09 सहायक आयुक्त सहकारिता, 05 जिला आबकारी अधिकारी सहित कुल 29 प्रशिक्षणरत् अधिकारी शामिल थे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, निमोरा रायपुर के संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण के अन्तर्गत इन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्य के कारागार तंत्र, अपराध नियंत्रण और न्याय प्रणाली और बंदी पुर्नवास की व्यवहारिक जानकारी दी गई, ताकि वे प्रशासनिक सेवाओं के दौरान इन महत्वपूर्ण विषयों को गहराई से समझ सकें।भ्रमण के दौरान सहायक जेल महानिरीक्षक अमित शांडिल्य द्वारा जेल प्रशासन की संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के अधिकार, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षुओं ने जेल में चल रहे विभिन्न उद्योग, पाकशाला, चिकित्सालय, पुस्तकालय, और सुधारात्मक गतिविधियों से संबंधित केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने यह भी जाना कि जेल प्रशासन किस प्रकार से न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में बल्कि समाज से विमुख हुए व्यक्तियों के जीवन मे सकारात्मक परिवर्तन लाने में भी एक अहम् भूमिका निभाता है। जेल अधिकारियों ने बंदियों को दी जाने वाली विधिक सेवा, योगाभ्यास व मनोरंजक कार्यक्रम जेल रेडियों उमंग-तरंग, जेल थियेटर जैसे प्रयासों से कारागार के मानवीय पक्ष को भी अवगत कराया।

स्काईवॉक भाजपा के भ्रष्टाचार की निशानी : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूर्वमंत्री राजेश मूणत कितनी भी गलत बयानी कर ले रायपुर का एक्सप्रेस-वे, स्काईवॉक भाजपा की भ्रष्टाचार की स्मारक के रूप में छत्तीसगढ़ की जनता के सामने खड़ी है।

तत्कालीन भाजपा सरकार के लोक निर्माण मंत्री श्री राजेश मूणत द्वारा बिना किसी आवश्यकता के रायपुर शहर में एक स्काई वॉक बनाने का प्रोजेक्ट अपने रसूख का प्रयोग करके पास करवा दिया जिसका कोई औचित्य या आवश्यकता ही नहीं थी। जनता द्वारा भी स्काई वॉक निर्माण के प्रोजेक्ट को लेकर तत्कालीन सरकार का विरोध किया गया था तथा मंत्री श्री मूणत जी के मंसूबों को लेकर प्रश्न चिन्ह लगाया गया था। उक्त प्रोजेक्ट तत्कालीन भाजपा सरकार और लोक निर्माण विभाग के मंत्री रहे श्री राजेश मूणत के भ्रष्टाचार के जीते जागते उदाहरण के रूप में रायपुर में मौजूद है।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने 15 वर्ष शासन काल में जिस प्रकार से शासकीय धन का दुर्विनियोजन किया, भ्रष्टाचार किया उसका एक बहुत छोटा सा उदाहरण स्काईवॉक प्रोजेक्ट है जो दिन प्रतिदिन रायपुर की जनता को उनके साथ हुये विश्वघात, उपेक्षा और धोखाधड़ी की याद दिलाता है।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार अधूरे स्काईवॉक पर पैसा खर्च करने के बजाय आम जनता की मांग के अनुरूप फ्लाई ओवर बनाने की दिशा में आगे बढ़े। जिसे वर्तमान एवं भविष्य में भी यातायात समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। स्काईवॉक योजना के खिलाफशहर की जनता बुद्धिजीवी वर्ग, व्यापारी, डॉक्टर सभी वर्ग थे। आज सरकार ने अधूरे स्काईवॉक को पुनः बनाने का फैसला किया है इसके खिलाफही आम जनता की प्रतिक्रिया आ रही है। सरकार को स्काईवॉक को बनाने के निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

298 लाख के निवेश से एनएमडीसी ने विकसित किया सुरम्य नदी घाट, जिससे बढ़ा पर्यटन और आदिवासी समुदायों के लिए टिकाऊ आजीविका के अवसर

एनएमडीसी ने दंतेवाड़ा के विकास को दी नई दिशा, शंकिनी-डंकिनी नदी संगम पर भव्य घाट निर्माण

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा को सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, एनएमडीसी लिमिटेड ने शंकिनी और डंकिनी नदियों के पवित्र संगम स्थल पर आकर्षक घाट और पिचिंग क्षेत्र का निर्माण किया है। यह परियोजना कंपनी की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (छ्रस्क्र) पहल के तहत ?298 लाख की लागत से पूरी की गई है। इसका असर कई स्तरों पर देखा जा रहा है ङ्क पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है, आजीविका के टिकाऊ साधन विकसित हो रहे हैं, और यह 'देखो अपना देश' और 'स्वदेश दर्शन' जैसे राष्ट्रीय अभियानों के अनुरूप भी है।

दंतेवाड़ा में देश के 52 शक्तिपीठों में से एक देवी दंतेश्वरी के प्राचीन मंदिर स्थित है जो चैत्र नवरात्रि, शारदीय नवरात्रि, फागुन मेला और भव्य दशहरा उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहता है। बावजूद इसके, यह क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से काफी हद तक अनदेखा रहा है। अब, नए घाट के निर्माण से न केवल नदी की प्राकृतिक सुंदरता उजागर हुई है, बल्कि यह क्षेत्र आर्थिक और सामाजिक रूप से भी सशक्त हो रहा है।

इस विकास की सबसे विशेष बात यह है कि यह स्थानीय आदिवासी समुदायों की जिंदगी में वास्तविक बदलाव ला रहा है। वर्षों से जंगलों पर निर्भर यह समुदाय अब यह देख पा रहा है कि उनके आसपास की जल-संपदाएं पर्यटन और समृद्धि का केंद्र बन सकती हैं। अब जब सैलानियों की संख्या बढ़ रही है, तो इन परिवारों की आजीविका के नए रास्ते खुल रहे हैं। ये समुदाय अब ईको-टूरिज्म से जुड़कर स्थानीय हस्तशिल्प का प्रदर्शन कर पा रहे हैं और पर्यटकों को सेवाएं देकर नियमित आय अर्जित कर रहे हैं। इसके साथ ही जंगल पर निर्भरता कम होने से उनके जीवनयापन के तरीके अधिक टिकाऊ और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार बन रहे हैं।

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, दंतेवाड़ा के अधिशासी अभियंता श्री राजविजय टंडन ने कहा,च्एनएमडीसी की सीएसआर पहल के तहत दंतेवाड़ा में बनाए गए रिटेनिंग वॉल और घाटों ने इस क्षेत्र को धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बना दिया है। साथ ही, रिटेनिंग वॉल यह भी सुनिश्चित करता है कि भविष्य में नदी पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े।

एनएमडीसी की एक अन्य सीएसआर पहल के तहत, दंतेवाड़ा के माड़कम कुटमा समाज को टेंट हाउस सामग्री वितरित की गई है, जिससे सामुदायिक ढांचे को मजबूती मिली है और स्थानीय सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षण मिला है। ये सभी प्रयास एनएमडीसी के च्केवल समुदाय के आसपास नहीं, बल्कि समुदाय के साथ मिलकर विकासज् के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

छात्रों को मिलेंगे उज्जवल भविष्य के रास्ते

एडमिशन फेयर: रायपुर में देश के प्रमुख विवि का लगेगा मेला

रायपुर/नवप्रदेश। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्रों और अभिभावकों के लिए एक सुनहरा अवसर रायपुर में दस्तक देने जा रहा है। अफेयर्स एग्जीबिशन एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आयोजित देश के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित हायर एजुकेशन फेयर में से एक 'एडमिशन फेयर 2025' का आयोजन 20 और 21 मई को रायपुर के बैबिलॉन कैपिटल में किया जाएगा। यह दो दिवसीय मेला सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगा और इसमें प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है।यह फेयर विशेष रूप से कक्षा 12वीं के छात्रों, अभिभावकों तथा वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए है, जो देश और विदेश में उच्च शिक्षा के लिए उपयुक्त विकल्प तलाश रहे हैं।

फेयर में शामिल होंगे देश के शीर्ष विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि

इस एडमिशन फेयर में भारत के 30 से अधिक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय और कॉलेज भाग लेंगे, जिनमें एमिटी यूनिवर्सिटी, मणिपाल अकादमी ऑफ़ हायर एजुकेशन, सिम्बायोसिस इंस्टिट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी, शिव नाडार यूनिवर्सिटी ,एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, एसआरएम यूनिवर्सिटी, आईएमएस यूनिसन यूनिवर्सिटी , श्री बालाजी यूनिवर्सिटी, ईस्ट पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, महिंद्रा यूनिवर्सिटी, परुल यूनिवर्सिटी, निट्टे यूनिवर्सिटी आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी, डीआईटी यूनिवर्सिटी, शारदा यूनिवर्सिटी, दी अपोलो यूनिवर्सिटी, अलायंस यूनिवर्सिटी, सेंचूरियन यूनिवर्सिटी,द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) समेत और भी कई प्रमुख संस्थान शामिल हैं.**जल्द करें पंजीकरण**

यह कार्यक्रम httpsÑ//admissionsfair.in/raipur/?utm_source=rai| पर ऑनलाइन पंजीकरण के लिए खुला है. आयोजकों ने छात्रों से अनुरोध किया है कि वे शीघ्र पंजीकरण कर अपना स्थान सुरक्षित करें. इस अवसर को न चूकें, आपका भविष्य आपकी तैयारी पर निर्भर करता है.

छात्रों को देश के शीर्ष विश्वविद्यालयों से जोड़ना है कार्यक्रम का उद्देश्य

फेयर के आयोजक रितेश जयसवाल ने बताया, यह एडमिशन फेयर बीते दो दशकों से भारत के सबसे प्रतिष्ठित हायर एजुकेशन मेलों में शामिल रहा है. इसका मकसद 12 से अधिक शहरों के छात्रों को देश के शीर्ष विश्वविद्यालयों से जोड़ना है, जिनमें कई संस्थान ह्वष्ट से मान्यता प्राप्त और ह्वद्बक्रस्न तथा त्रङ्क रैंकिंग में शामिल हैं.अफेयर्स ने भारत के अलावा 15 अन्य देशों में 600 से अधिक एजुकेशन फेयर आयोजित किए हैं और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में 30 वर्षों से अधिक का अनुभव रखता है.

सीधे करें विशेषज्ञों से संवाद

छात्र यहां सीधे एडमिशन डायरेक्टर्स और प्रतिनिधियों से बातचीत कर पाएंगे और विभिन्न कोर्सेज, फीस स्ट्रक्चर, स्कॉलरशिप्स, पात्रता मानदंड, और प्रवेश प्रक्रिया की सटीक और अद्यतन जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त कर सकेंगे. अफेयर्स एग्जीबिशन एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव बोलिया ने कहा, हम एक बार फिर से रायपुर में 'एडमिशन फेयर' को लेकर बेहद उत्साहित हैं.

वैदेही संकल्प पैनल का खुला मंच का आयोजन, चुनाव संबंधी परिचर्चा हुई

रायपुर/नवप्रदेश। मैथिल ब्राम्हण सभा के आगामी रविवार 18 में को प्रस्तावित चुनाव 2025 के संदर्भ में वैदेही संकल्प पैनल मंच द्वारा चुनाव के संदर्भ में परिचर्चा एवं मार्गदर्शन प्रदान हेतु एक बैठक आहूत कर मतदाताओं को आमंत्रित किया गया। पं विजय कुमार झा ने बताया है कि श्री जगन्नाथ मन्दिर टुरी हटरी पुरानी बस्ती रायपुर में आज शुक्रवार दिनांक 16 मई को संध्या 5 बजे वैदेही संकल्प पैनल मंच के क्रमशः अध्यक्ष कोषाध्यक्ष सचिव पद के प्रत्याशियों पं विजय कुमार झा, प्रदीप कुमार मिश्र अजय कुमार ठाकुर समाज के वरिष्ठ जनों को विशेष मार्गदर्शन हेतु पूर्व अध्यक्ष पं सुरेश ठाकुर जी, समाज के वयोवृद्ध सदस्य विनोद झा जी चंगोराभाठा, इतिहास कार डॉ रमेंद्र नाथ मिश्र जी, वरिष्ठ सदस्य, डॉ सुमन मिश्र जी पूर्व अध्यक्ष, श्रीमती प्रतिभा ठाकुर (अर्धांगिनी पूर्व अध्यक्ष स्व जे एन ठाकुर जी) को आमंत्रित किया गया था। इसमें इतिहास का डॉ रमेंद्र नाथ मिश्र, चिंतक लेखक कवि संजीव ठाकुर, आदित्य झा अधिवक्ता, रविंद्र झा, रजत झा, आदीप मिश्र, मनीष झा नितिन झा सहित अनेक महिलाएं तथा बड़ी संख्या में मतदाता गण उपस्थित थे

अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर सूरजपुर जिला स्वास्थ्य सेवाओं में पूरे प्रदेश में अव्वल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2024-25 की अटल मॉनिटरिंग पोर्टल रैंकिंग में पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गुणवत्ता, प्रभावशीलता और पहुँच को दर्शाती है।अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के निवारक, प्रोत्साहनात्मक और उपचारात्मक पक्षों का आकलन किया जाता है।

छत्तीसगढ़ में शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण

■ स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में बड़ा कदम

रायपुर/नवप्रदेश।छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने की पहल की है। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है, ताकि शिक्षक संसाधनों का अधिकतम और समान उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

प्रदेश में वर्तमान में 30 हजार 700 शासकीय प्राथमिक शालाएं संचालित हो रही हैं, जिनमें छात्र-शिक्षक अनुपात 21.84 है। वहीं 13 हजार 149 पूर्व माध्यमिक शालाओं में यह अनुपात 26.2 है, जो राष्ट्रीय औसत की तुलना में बेहतर स्थिति को दर्शाता है। इसके बावजूद कई विद्यालयों में शिक्षक संसाधनों की कमी देखने को मिल रही है। वर्तमान में प्रदेश की 212 प्राथमिक शालाएं पूर्णतः शिक्षक विहीन हैं, जबकि 6,872 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। इसी प्रकार 48 पूर्व माध्यमिक शालाएं शिक्षक विहीन हैं तथा 255 शालाएं एकल शिक्षकीय श्रेणी में आती हैं।शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार, प्राथमिक शालाओं में 60 छात्रों तक 2 सहायक शिक्षक तथा प्रत्येक 30 अतिरिक्त छात्रों पर एक अतिरिक्त सहायक शिक्षक रखने का प्रावधान है।

प्रदेश की जनता बिजली-पानी शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए तरस रही: सुरेन्द्र

रायपुर/नवप्रदेश। साय सरकार के सुशासन तिहार को राजनैतिक नौटंकी करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद से छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन चुका है। हत्या, लूट, डकैती, चाकूबाजी और दुष्कर्म की घटनाओं में नित नए रिकॉर्ड बन रहे हैं, सरकार में बैठे लोग कमीशनखोरी में मस्त हैं। जनता शिक्षा के गिरते स्तर, अस्पतालों में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था जांच, इलाज़ और दवा की क़िल्लत, महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है लेकिन भाजपा सरकार असल समस्याओं से मुंह छुपा कर आत्ममुग्धता में सुशासन तिहार का इवेंट कर रही है।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि शांति का टापू कहलाने वाला छत्तीसगढ़ भाजपा के कुशासन में अपराधियों का संरक्षण और संवर्धन स्थली बन गया है। बलरामपुर में रेत तस्कर पुलिस को कुचलकर मार रहे, बीजापुर जिले के भैरमगढ़ में सिपाही भाजपा जिला उपाध्यक्ष जिसे सरकारी सुरक्षा प्राप्त है

नक्सली सरकार से सीधे वार्ता करेंगे तो हम बात करने तैयार

रायपुर/नवप्रदेश। गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज सुकमा के चिंगावरम पहुंचकर 15 साल पहले नक्सल हमले में शहीद हुए 32 लोगों को विनम्र श्रद्धांजलि दी। साल 2010 में आज ही की तारीख (17 मई) को नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में 32 लोगों की जान चली गई थी. आज इस घटना को पूरे 15 साल पूरे हो गए। अपने एक दिवसीय दौरे पर चिंगावरम पहुंचे गृहमंत्री शर्मा ने यहां उन सभी शहीदों को नमन करते हुए नक्सलियों द्वारा शांति वार्ता के प्रस्ताव पर बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि नक्सली डायरेक्ट सरकार से वार्ता करेंगे, तो हम भी बात करने को तैयार हैं. यानि अगर माओवादी संगठन सरकार से सीधे बात करने को तैयार होंगे, तो सरकार भी नक्सलियों से शांति वार्ता पर चर्चा करने को तैयार है.

हाल के दिनों में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया गया.

2026 तक नक्सवाद खत्म करने का है लक्ष्य

आपको बता दें, केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा प्रदेश में नक्सलवाद को खत्म करने के लिए समय सीमा और लक्ष्य निर्धारित किया गया है. इसके तहत राज्यो में सुरक्षा बल के जवान लगातार सर्चिंग ऑपरेशन चलाकर नक्सलियों समेत उनके हथियार, दैनिक जीवन उपयोगी सामग्री के सोर्सेज का भी खात्मा कर रहे हैं. इससे नक्सल संगठनों पर दबाव काफी अधिक बढ़ गया है. वहीं जवानों की कार्रवाई से घबराए कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी कर दिया है.

विडंबना | **घर से बाहर निकाल ससुर पति ने हड़प ली जमीन, अब लगा रही न्याय की गुहार**

लिंग परीक्षण करवा बेटी होने के कारण 3 बार करवाया गर्भपात

रायपुर/नवप्रदेश।श्रीमती शारदा त्यागी ने प्रेसवार्ता में बताया कि उनकी पुत्री रेखा त्यागी का सुंदर नगर निवासी अमरनाथ त्यागी के पुत्र सूर्यकांत त्यागी से वर्ष 1999 में शादी हुई थी जिसके बाद से ही रेखा को लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा है। इसके साथ ही त्यागी पिताङ्कबेटा द्वारा छलपूर्वक उनकी पुत्री रेखा के अधिकार एवं हक की वसीयतशुदा भूमि जो कि ग्राम - जोरा में स्थित है जिसका रकबा तकरीबन 6.5 एकड़ है को कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अपने नाम पर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवा लिया गया है।

श्रीमती त्यागी ने बताया कि उनकी पुत्री रेखा की सूर्यकांत त्यागी से शादी के पश्चात पुत्र की चाह में 3 बार त्यागी पिता एवं उसके कुपुत्र द्वारा रेखा का जबरदस्ती दबावपूर्वक गर्भपात करवाया गया,इतना ही नहीं जब चौथी बार लिंग परीक्षण में पुत्र होने की जानकारी हुई तो उन्होंने निर्धारित तिथि के 4 दिन बाद उसे अस्पताल लेकर गए क्योंकि उनका कहना था कि शुभ मुहरत में ही डिलीवरी कराना है जिससे घर में स्वयं राम जन्म लेंगे,इस लापरवाही के चलते रेखा का पुत्र मृत्य पैदा हुआ है। इस दौरान रेखा ने अपने चाचा ससुर श्री हरिसिंह त्यागी को अपनी आपबीती बताते हुए उनसे मदद मांगी जिस पर चाचा ससुर हरिसिंह द्वारा रेखा को सुरक्षित मेरठ उसके मायके लाया गया।इसके बाद रेखा के ससुर अमरनाथ त्यागी द्वारा वर्ष 2006 में रेखा व चाचा ससुर हरिसिंह त्यागी को बहला फुसलाकर वापस रायपुर लाया गया जहां कुछ माह बाद ही हरिसिंह त्यागी को अस्पताल लेजाकर उन्हें मृत्य घोषित कर दिया गया जो कि जांच का विषय है ।

रेखा द्वारा पुनः एक बेटी को जन्म दिया गया था जिसके बाद उसे लगातार मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हुए अश्लील गालीङ्कगलौज कर जान से मारने की धमकी दी जाती थी।घर में रेखा त्यागी और उसकी बेटी को कमरे में बंद कर रखा जाता रहा और मारपीट कर मन में डर एवं दहशत का माहौल निर्मित कर नाती को मेरठ भेज दिया क्योंकि वो उन्हें भोज लगती थी।

इसके बाद रेखा के अधिकार एवं स्वामित्व की भूमि को कुटरचित दस्तावेजों के माध्यम से अपने नाम पर दर्ज करवा बड़ी अवैध प्लाटिंग कर लोगो को विक्रय किया जाता रहा,वही शासन को भी धोखे में रखकर करोड़ों की क्षति पहुंचाई गई,जिसका विरोध करने पर रेखा को घर से बाहर निकाल दिया जिसके पश्चात रेखा अपने मायके मेरठ वापस पहुंच अपने साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी परिवारजनों को दी।

संक्षिप्त खबरें

पुष्पेंद्र साहू 10वीं में 92.5% अंक प्राप्त कर स्कूल का बढ़ाया मान

कसडोल /नवप्रदेश। नगर पंचायत कसडोल के वार्ड क्रमांक 08 के निवासी एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं ठेकेदार फगुलाल साहू के सुपुत्र पुष्पेंद्र साहू पी.एम श्री स्वामितानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 92.5त्न अंक अर्जित कर विद्यालय में मैरिड स्थान लाकर नगर के पी.एम श्री स्कूल का बढ़ाया मान..पुष्पेंद्र साहू के इस शानदार सफलता पर नगर साहू संघ के संरक्षक, एवं यूथ क्लब समिति के अध्यक्ष गुनीराम साहू ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साहू ने कहा कि पुष्पेंद्र साहू जैसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी हमारे नगर की शान है। जो हमारे आने वाले पीढ़ी के लिए प्रेरणा मिलेगी,मीडिया से चर्चा के दौरान पुष्पेंद्र साहू ने कहा कि हर कामयामी व्यक्ति के पीछे किसी न किसी का हाथ होता है। किंतु मेरे कामयाबी एवं सफलता की अहम भूमिका मेरे पिता फगुलाल साहू (मकान ठेकेदार) माता सुनीता साहू (गृहणी) जिन्होंने मुझे हर कदम पर भरपूर सहयोग एवं आशीर्वाद दिया ,मुझे किसी भी चीज की कमी होने आज तक नहीं दिया इसके अलावा,मेरे प्राचार्य श्री एस.के. वर्मा स्कूल जिन्होंने पूरे स्कूल को साज सज्जित से रखा है।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के छह घरों के ताले टूटे

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली थाना अंतर्गत बीती रात अज्ञात चोरों ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के 4 और सरकारी अस्पताल के पीछे 2 घरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिन घरों के ताले टूटे हैं, उनमें पटवारी, आरक्षक, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के घर शामिल हैं। आज सुबह सूचना पर पुलिस और डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची और जांच कर रही है। उक्त घरों से चोरी की इस घटना में कितना नगद, आभूषण और अन्य सामान की चोरी हुई है इसकी जांच में जुटी है। बताया जाता है कि 4 महीने पहले भी हाउसिंग बोर्ड के 4 घरों में चोरी हुई थी।

बाइक, स्कूटी में भिड़ंत, दो घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। पदमपुर मार्ग सरायपाली में बाइक और स्कूटी के बीच हुई टक्कर में दो लोग घायल हो गए। घटना को लेकर सरायपाली थाने में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। ग्राम खैरझिटकी निवासी सचिन ने पुलिस को बताया कि वह 12 मई को सरायपाली जयस्तंभ चौक आवश्यक काम से आया था। आकाश कुम्हार की बाइक प्लेटिना क्रमांक सीजी 06 जीडी 4446 में बैठ कर दोनों गांव जा रहे थे, दोपहर करीब 02.30 बजे शिवशंकर स्टोर्स के पास पदमपुर रोड सरायपाली पहुंचे थे तभी कुटेला चौक की ओर से आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचबी 5897 के चालक लेख रंजन बी पात्रो ने ठोकर मार दी जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक चला रहे आकाश कुम्हार के बांये हाथ, उंगली, बांये पैर व उनके दाहिने कंधे, दांये हाथ में चोट आई है।

वहीं वार्ड 11 शिवशंकर कॉलोनी बाजारपारा निवासी सुनयना ने रिपोर्ट लिखाई है कि 12 मई को उनका भाई लेखरंजन बी. पात्रो घर से स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचबी 5897 से पदमपुर रोड की ओर जा रहा था कि शिवशंकर हार्डवेयर के पास सामने से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडी 4446 के चालक आकाश कुमार ने लेख रंजन बी पात्रो की स्कूटी को सामने से ठोकर मार दिया, जिससे उनके भाई का हाथ व कंधा टूट गया है और नाक में गंभीर चोट आई है। साथ ही स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफधारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

अज्ञात वाहन ने रौंदा, 3 मवेशी मृत

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के कचहरी चौक में मध्य रात अज्ञात वाहन से कुचले जाने से दो मवेशी की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे गौसेवकों ने अज्ञात वाहन से कुचले शव और घायल गौवंश को सड़क के किनारे रखा। कुछ देर बाद 3 गौवंश भी दम तोड़ दिया। इसकी खबर नगर पालिका को दी गई। बाद में गौ वंश एवं दो बछड़ों का विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान वार्ड 6 के पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, राजेश डड़सेना, घनू साहू, हिरेन्द्र सोनी, चिंटू सोनी, जिगर कुमार, साहिल कुमार सहित जिला गौ सेवा प्रमुख सुमन सेन्द्रे मौजूद रहे।

गांव के युवाओं को शादी ब्याह के रस्मों से परिचित कराने का अनोखा अंदाज

एक गांव बना दूल्हा तो दूसरा गांव दुल्हन पक्ष

■ इस आयोजन का उद्देश्य गांव के भाईचारे और एकजुटता को भी बढ़ावा देना

बालोद /नवप्रदेश। अक्षय तृतीया यानी अक्ती पर आपने गुड्डा गुड्डी (पुतला पुतली) के विवाह का आयोजन तो देखा ही होगा। गांव से लेकर शहरों तक अक्षय तृतीया के दिन ये आयोजन हर गली मोहल्ले में अक्सर देख ही जाता है। लेकिन कभी आपने यह नहीं देखा होगा कि किसी गांव का दूसरे गांव के बीच गुड्डा गुड्डी का ब्याह हो। वह भी अक्षय तृतीया के दिन नहीं बल्कि किसी और दिन। ऐसा ही कुछ रोचक आयोजन हुआ है बालोद जिले के ग्राम बुंदेली और खैरा ग्राम वासियों के बीच। जहां बुंदेली के ग्रामीण वर पक्ष राम के रिश्तेदार बने तो ग्राम खैरा के ग्रामीण वधू पक्ष सीता के रिश्तेदार बने। दोनों गांव के बीच गुड्डा गुड्डी का ब्याह रचाया गया। 14 से 16 मई तक पूरे विधि विधान के साथ हुए इस आयोजन के साथ दोनों ग्रामवासी इसके साक्षी बने। असली शादी की तरह सभी रीति रिवाज को निभाते हुए दोनों गांव के लोगों ने यह आयोजन संपन्न कराया। 14 मई को जहां दोनों गांव में मंडप छादन, चूल माटी, तेल माटी, तेल मायन हुआ। 15 मई को ग्राम बुंदेली के ग्रामीण राम रूपी गुड्डा लेकर ग्राम खैरा में बारात लेकर पहुंचे। जहां रात को सीता के साथ फेरे हुए तो 16 मई को ग्राम बुंदेली में धर्म टिकावन और आशीर्वाद समारोह हुआ। जहां पर खैरा के ग्रामीण पूरी सीता गुड्डी के पक्ष की ओर से चौथिया का रस्म निभाने भी पहुंचे। इस दौरान दोनों ही गांव में विशेष भंडारे का आयोजन भी किया गया था। असली शादी की तरह इस आयोजन में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों, महिलाओं और पुरुषों ने अपनी अपनी भागीदारी दिखाई। इस आयोजन में सभी का आर्थिक और शारीरिक सहित अन्य तरीके से सहयोग रहा। किसी ने अर्थ दान दिए तो किसी ने अन्न दान। टेंट वालों ने अपनी ओर से निशुल्क 3 दिनों के लिए टेंट लगाया तो डीजे और बाजा वालों ने भी अपना इसी तरह से निशुल्क योगदान दिया।

तीन दिनों की होती है वीडियो रिकॉर्डिंग,गणेश या नवरात्र पक्ष में प्रोजेक्टर पर देखते हैं विशेष फिल्म

खैरा गांव के युवा प्रणय कुमार ने बताया कि इस तीन दिनों तक होने वाले शादी के आयोजन को यादगार बनाने के लिए हर साल दोनों ही गांव में वीडियो रिकॉर्डिंग की जाती है। पूरे आयोजन की झलकियां वीडियो ऑडियो कैमरे में कैद रहती है। जिसे यादगार के तौर पर सहेज कर रखा जाता है और वीडियो मिक्सिंग कर शादी का पूरा वीडियो एल्बम बनाया जाता है। इसे प्रोजेक्टर के माध्यम से गणेश पक्ष या नवरात्र के समय दोनों ही गांव में बड़े पर्दे पर ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से देखा जाता है और बीते दिनों के आयोजन को पर्दे पर देख कर ग्रामीण काफी खुश होते हैं और हर साल से यह प्रथा चली आ रही है। करीब 5 सालों से इस तरह का आयोजन ग्रामीण करते आ रहे हैं। असली शादी की तरह दोनों गांव में ÷राम सीता÷ रूपी गुड्डा गुड्डी के इस शादी का कार्ड भी छपवाकर बंटवाया गया था।

भाईचारे और एक जुटता को देते हैं बढ़ावा

खैरा के ग्रामीण केशव ठाकुर, बुंदेली के कुंती नायक,सुखिया बाई ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सामूहिक मनोरंजन के साथ-साथ गांव के बच्चों और युवाओं को शादी ब्याह के रस्म रिवाज से परिचित करवाना तो है ही, गांव के भाईचारे और एकजुटता को भी बढ़ावा मिलता है। दो गांव के बीच आपसी संबंध मजबूत होते हैं और पूरे विधि विधान के साथ हर साल की तरह तीन दिनों का आयोजन होता है।

सभी परिवार में शादियां संपन्न होने के बाद करते हैं आयोजन

ग्रामीण देववती साहू, टामीन देशमुख ने बताया कि अक्षय तृतीया की भांति यह गुड्डा गुड्डी का ब्याह होता है। लेकिन इसे ग्रामीण अक्षय तृतीया के दिन ना मना कर जब गांव में शादी सीजन में सभी परिवार के शादी संपन्न हो चुके होते हैं और आयोजनों से ग्रामीण निवृत्त हो जाते हैं, तब जाकर इस विशेष गुड्डा गुड्डी के विवाह का आयोजन करते हैं। इसमें सभी भाग लेते हैं और एक गांव में एक ही जगह गुड्डा गुड्डी का ब्याह होता है ना कि हर मोहल्ले में।

5 साल पहले हुई थी इस तरह आयोजन की शुरुआत

बुंदेली के ग्रामीण एस कुमार श्रीवास, अनिशा ठाकुर ने बताया कि गांव के बच्चे पहले अक्षय तृतीया के दिन ही गुड्डा गुड्डी का ब्याह रचाते थे। फिर गांव के बड़े बुजुर्गों ने सोचा कि क्यों ना इस आयोजन को वृहद तौर पर और अनोखे अंदाज बनाया जाए। ऐसा ही विचार बुंदेली और खैरा दोनों गांव वासियों के बीच उठा और दोनों गांव वालों ने तय किया कि हम एक दूसरे के गांव के साथ इस गुड्डा गुड्डी का ब्याह असली विवाह की तरह रचाएंगे। फिर वैसा ही हुआ। कभी एक गांव दूसरे गांव में बारात लेकर जाता है तो किसी वर्ष दूसरा गांव पहले गांव में बारात लेकर आता है। इस बार खैरा गांव में बुंदेली वासियों ने बारात लेकर गए।

मानसिक तनाव से परेशान पति ने पत्नी पर हमला कर किया सुसाइड

देवकर चौकी ग्राम डेरही की घटना

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस चौकी देवकर इलाके के डेरही गाँव में गुरुवार को दोपहर 3 बजे बड़ी हृदय विदारक वारदात हुई। जिसमें पति व पत्नी के आपसी क्लेश में मानसिक रूप में कमजोर पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के बाद आत्महत्या कर स्वयं की जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के उपरांत नाजुक स्थिति में पत्नी को धमधा अस्पताल होते हुए दुर्ग ज़िला अस्पताल रिफर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक पति का नाम आशीष बंजारे पिता इंद्रकुमार बंजारे (उम्र 28 वर्ष) एवं गम्भीर रूप से घायल पत्नी का नाम सुखवंतीन बाई पति आशीष बंजारे उम्र 22 वर्ष है, जो डेरही गाँव में तीन साल पूर्व शादी के बाद साथ रह रहे थे। हालांकि वारदात के बाद सूचना पर बेरला एसडीओपी विनय कुमार एवं चौकी प्रभारी उदलराम टांडेकर सहित पुलिस स्टॉफ मौके पर मौजूद रहे। जिन्होंने फोरेंसिक एक्सपर्ट का सहारा लेकर क्राइम स्पॉट को बारीकी से जांच की किन्तु देर रात तक दोनों के बीच विवाद के कारण का पता फिलहाल नहीं चल पाया है।

दरअसल मृतक आशीष बंजारे व उसकी पत्नी सुखवंतीन का विवाह लगभग तीन वर्ष पूर्व हुआ था, जिसके छोटे बच्चे भी है, वही गुरुवार को दोपहर 3 बजे के बीच दोनों अकेले में इस खूनी संघर्ष को अंजाम दिया। जिसमें प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पति आशीष बंजारे ने पहले अपनी पत्नी सुखवंती के सिर पर धारदार उपकरण से अंधाधुंध वार किया, जिसके बाद पत्नी को मृत मानकर स्वयं को आम काटने के औजार से गर्दन काटने का प्रयास किया, जिसमें गला व धड़ में गम्भीर चोट व खून बहने के कारण आशीष की मौके पर मौत हो गयी, जबकि पत्नी सुखवंतीन की सांस चल रही थी, जिसे तत्काल पुलिस की टीम द्वारा त्वरित इलाज के लिए दुर्ग रिफर किया गया है, जहाँ पर सुखवंती की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। इस दर्दनाक घटना के बाद गाँव के लोग सहम गए है। वही पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम करते हुए पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए देर रात भेजा गया एवं पुलिस द्वारा अन्य पहलुओं एवं एंगल की कड़ाई से जांच की जा रही है एवं पड़ोसियों से गहनतापूर्वक पूछताछ की जा रही है। जिसमे मृतक की मानसिक स्वास्थ्य बिगड़े हुए होने की बात सामने आ रही है। इसी आधार पर देवकर पुलिस की टीम ने बेरला अनुविभागीय पुलिस की उपस्थिति में जाँच की दिशा बढ़ा दी है। इस घटना पर बेरला एसडीओपी विनय कुमार ने बताया कि वारदात बड़ा ही दर्दनाक है, जिसमे फोरेंसिक एक्सपर्ट का सहारा लेकर क्राइम प्रकरण के कारणों के पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

पत्नी की हत्याकर पति ने कर लिया आत्महत्या

साजा/बेमेतरा /नवप्रदेश। परपोड़ी थाना क्षेत्र के पथर्रीकला गाँव से नवविवाहित जोड़े के मर्डर व सुसाइड का अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जिसमे पति ने अपने पत्नी की निर्ममतापूर्वक गला दबाकर हत्या करने के पश्चात स्वयं पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। बताया जा रहा है कि दोनों नवविवाहित दम्पति की शादी चन्द महीने पहले ही हुई थी। वहीं इस सनसनीखेज वारदात से गाँव में मातम पसर गया है। हालाँकि इस घटना की सूचना पर परपोड़ी पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर दोनों मृतक दम्पति की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा एवं पंचनामा तैयार करते हुए मर्ग कायम कर मामले में विवेचना शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि इस घटना के एक दिन पूर्व ही देवकर चौकी क्षेत्र के डेरही गाँव में इसी तरह पति ने पत्नी की जान लेने की कोशिश कर स्वयं आत्महत्या कर लिया।

ट्रक ने खड़े ट्रक को मारी टक्कर, एक की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे 353 पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक को दूसरे ट्रक ने पीछे से ठोकर मार दी जिसमें एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक ओ जी 18 एल 7869 के चालक ने रायगढ़ा ओडिशा से पेपर लोड किया और रायपुर के लिए रवाना हुआ। उनका भतीजा रमनापुरा जिला रायगढ़ा ओडिशा निवासी रवि पतराय घूमने के उद्देश्य से ट्रक में बैठ गया। आज सुबह करीब 5 बजे नेशनल हाईवे 353 के रास्ते रायपुर जा रहा था तभी लभरा-झालखम्हरिया के बीच भिमेश्वर मोड़ के आगे सड़क किनारे खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 04 आर एल 8663 को पीछे से उसका ट्रक टकरा गया। जिससे ट्रक के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और रवि पतराय की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चालक को गंभीर चोटें आई है। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर रेफर कर दिया गया स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र फर्जी होने पर होगी एफआईआर

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन एवं केन्द्र सरकार द्वारा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में अंकित जानकारी का उपयोग विभिन्न योजनाओं के अभिलेख को तैयार करने में किया जाता है। उक्त वेबसाइट के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के लिए ग्राम पंचायतों के सचिव, सीएमओ नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद, स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक जिला चिकित्सालय के लिए तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी अधिकारियों को जन्म-मृत्यु पंजीयन किये जाने के लिए रजिस्ट्रार घोषित किया गया है। जिले में कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) विनय कुमार लंगेह ने रजिस्ट्रार को जन्म-मृत्यु के प्रमाण पत्र की पुष्टि करने तथा फर्जी प्रमाण पत्र होने पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने क्यू आर कोड को स्कैन कर उल्लेखित वेबसाइट से ही प्रमाण पत्र जारी किये जाने की पुष्टि होने पर ही जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में अंकित जानकारी का उपयोग किया जाना सुनिश्चित करने कहा है।

अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर सूरजपुर जिला स्वास्थ्य सेवाओं में पूरे प्रदेश में अव्वल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2024-25 की अटल मॉनिटरिंग पोर्टल रैंकिंग में पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गुणवत्ता, प्रभावशीलता और पहुँच को दर्शाती है।

अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के निवारक, प्रोत्साहनात्मक और उपचारात्मक पक्षों का आकलन किया जाता है। इस मूल्यांकन में सूरजपुर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों के माध्यम से जनसामान्य तक उत्तम सेवाएं पहुँचाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, जन-जागरूकता अभियान, तथा सेवा प्रदाय की सतत निगरानी ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में और सीएमएचओ श्री के डी पैकरा, सिविल सर्जन डॉ अजय मरकाम एवं डीपीएम श्री प्रिंस जायसवाल के कुशल नेतृत्व एवं चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतरी के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए कलेक्टर द्वारा नियमित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की जाती है और सभी स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया जाता है।

विभागीय लापरवाही | 8 साल से सरकारी दफ्तर के खा रहे हैं धक्के

पीएम आवास शत्रुहन साहू के बजाय दिया शत्रुहन केंवट को

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत लोहारडीह के आश्रित गांव बंजारी में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही शत्रुहन साहू के नाम पर 8 साल पहले आवास स्वीकृत तो हुआ लेकिन उसे आज तक आवास नहीं मिल पाया। हितग्राही को आवास देने के बजाय उसी नाम के दूसरे व्यक्ति को आवास का लाभ दे दिया गया जिनके नाम से आवास स्वीकृत ही नहीं हुआ। आवास भी बनकर तैयार हो गया और शासकीय सभी रिकार्ड में आवास योजना का लाभ देना दर्शा भी दिया गया।

शिकायत लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे शत्रुहन साहू ने बताया कि वह पहले ग्राम बंजारी पंचायत लोहारडीह में रहता था और किराना दुकान चलाता था। कुछ समय वे दूसरे काम के लिए बाहर चला गया। वापस लौटकर ग्राम बिरकोनी में रहने लगा। वर्ष 2024-25 में उन्होंने पत्नी राजकुमारी साहू के नाम प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन किया तो उसे चौंकाने वाली बात पता चली। बिरकोनी में उन्हें बताया गया कि आप के नाम प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत है, इसलिए आपको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दोबारा नहीं मिल सकता। उन्होंने जानकारी निकाली तो पता चला कि जब वह ग्राम बंजारी में रहता था तब वर्ष 2016 में सर्वे हुआ और एसईसीसी सूची वर्ष 2011 के आधार पर पात्र पाए जाने पर वर्ष 2017-18 में उन्हें प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था। जिसका लाभ उन्हें न देकर ग्राम बंजारी के ही शत्रुहन केंवट को दे दिया गया है।

उनकी (शत्रुहन साहू) की शिकायत पर चार सदस्यीय टीम गठित कर जांच कराई गई। जांच टीम ने 19 मार्च 2025 को जिला पंचायत सीईओ को जांच रिपोर्ट सौंप दी। जांच में स्पष्ट लिखा है कि ग्राम बंजारी के समान नाम के व्यक्ति शत्रुहन पिता बिसहत केंवट को आवास का लाभ दिया गया जो योजनांतर्गत जारी नियमों के विरुद्ध है। अपात्र हितग्राही शत्रुहन केंवट से राशि वसूली की कार्रवाई किया जाना उचित होगा। लेकिन जांच रिपोर्ट आने के तीन माह बाद भी शत्रुहन साहू इंसाफपाने के लिए सरकारी कार्यालयों के धक्के खा रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ एस आलोक का कहना है शत्रुहन साहू की शिकायत पर जांच हुई। जांच में पाया गया कि एक समान नाम होने के कारण यह गड़बड़ी हुई है। उस समय के कर्मचारियों ने गलत जानकारी दी है। अब मामले में जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया है कि जो भी कर्मचारी दोषी हैं उन पर कार्रवाई की जाए। भले ही वे पहले योजना अंतर्गत पात्रता रखते हों पर गड़बड़ी के चलते उन्हें लाभ नहीं मिल पाया पर अब वर्तमान में शिकायतकर्ता के पास खुद का पक्का मकान है इसलिए वह योजना की पात्रता नहीं रखते।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यतवंत घोटे द्वारा मित्तल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. प्लॉट नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित कर राजधानी मैदान प्रेस कामप्लेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यतवंत घोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com